आईटीआई लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

70 वीं वार्षिक रिपोर्ट 2019-20

विश्वव्यापी संचार के लिए संपूर्ण समाधान

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

आईटीआई लिमिटेड की 70वीं वार्षिक सामान्य बैठक में आपका हार्दिक स्वागत है। इस बैठक की सूचना, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ लेखा परीक्षित वार्षिक लेखे, कंपनी के लेखों पर भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ पहले ही आपके पास हैं और आपकी अनुमति से मैं उन्हें पढ़ा गया समझता हूँ। इसके अलावा, मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी ने सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया है। आईटीआई और निदेशक मंडल की ओर से, इस वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करना मैं वास्तव में अपना सम्मान समझता हूँ और इसके लिए अपना आभार व्यक्त करता हूँ।

वित्तीय वर्ष 2019-20 कंपनी के लिए अपार वृद्धि और संपन्न सफलता का एक और वर्ष रहा । 16 वर्षों तक कड़ी मेहनत और दृढ़ता के बाद हमने लगातार तीसरे वर्ष भी लाभ अर्जित किया। वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए आपकी कंपनी का कार्य-निष्पादन बहुत ही आशातीत रहा । कंपनी ने 150.86 करोड़ रुपए का कर पश्चात् लाभ अर्जित किया जो पिछले वर्ष की तुलना में 63.02% की बढ़त है और कुल बिक्री बढ़कर 2403.45 करोड़ रुपए हुआ जो 31 मार्च, 2019 को समाप्त पिछली वर्ष की तुलना में 27% अधिक है।

इस वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि हमारी कंपनी की निवल मूल्य 2 दशक के लंबे अंतराल के बाद पहली बार सकारात्मक हुआ है । मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत ही खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी वापस लाभ के पथ पर आने, देश के दूरसंचार बाज़ार में फिर से प्रभुत्व और मज़बूत नेतृत्व की स्थिति प्राप्त करने का प्रयास कर रही है । आज की तिथि में पी.ओ., ए.पी.ओ. और संभावित आदेश सहित हमारी आदेश बही लगभग 19,540 करोड़ रुपए की है और वर्ष 2020-21 के लिए एम.ओ.यू. का लक्ष्य 2,600 करोड़ रुपए है। उपरोक्त तथ्य और आँकड़े पर्याप्त, रूप से दर्शाते हैं कि चालू वर्ष के लिए आपकी कंपनी का उत्कृष्ट प्रदर्शन एक बार की घटना नही है, बल्कि आगे के उज्जवल भविष्य की गारंटी देने के लिए प्रबंधन द्वारा किए गए प्रबल प्रयासों के लिए एक भरोसेमंद सबूत है।

प्रभावी निष्पादन और परियोजनाओं की लगातार निगरानी से वित्तीय कार्य-निष्पादन में यह उत्कृष्टता हासिल हुई है । हमने अपनी परियोजना प्रबंधन शैलियों को नई तरह से परिभाषित किया है और इसकी झलक हमारी टर्नकी परियोजनाओं जैसे गुजरात और महाराष्ट्र में भारत नेट परियोजना तथा डिफेंस के लिए एनएफएस परियोजनाओं से दिखाई देती है। कोविड महामारी से आई चुनौतियों के बावजूद, गुजरात नेट परियोजना को इस वर्ष के नवबंर तक पूरा करने की उम्मीद है। आईटीआई को गुजरात सरकार द्वारा हमारे अनुकरणीय कार्यों हेतु सराहना प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया गया जो कि कार्य के प्रति तन्मयता और समय पर निष्पादन के प्रति हमारी वचनबद्धता का प्रमाण है।

आगे, एनएफएस परियोजना को इस वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा और महानेट परियोजना को भी तय समय सीमा के अंतराल में पूरा कर लिया जाएगा। इन मेगा टर्नकी परियोजनाओं से हमें इस वर्ष राजस्व में लगभग 80% योगदान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, हम इन परियोजनओं के लिए एचडीपीई, ओएफसी की आपूर्ति करने में सक्षम रहे हैं, जिसके अंतर्गत कंपनी ने इन उत्पादों के लिए एक बुनियादी ढ़ाँचा विकसित किया है और पहली बार स्थापना होने के बाद उपयोग में लाया जा रहा है। विनिर्माण, परियोजनाओं के विपणन और प्रबंधन की हमारी रणनीति में प्रतिमान परिवर्तन ने हमारे विकास और बेहतर लाभ में योगदान दिया है। आईटीआई की परियोजनाओं में एक और उपलब्धि हाल ही में एस्कॉन चरण-IV संविदा में हस्ताक्षर करना है। इसके लिए प्राप्त 7796 करोड़ रुपये मूल्य का आदेश आईटीआई के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आदेश है और हम इसे निष्पादित करने के लिए तैयार हैं।

दूरसंचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर योगदान हेतु, आईटीआई ने 4जी और 5जी वायरलेस प्रौद्योगिकी, उपकरण विनिर्माण, स्मार्ट सिटी, स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्रों में एक साथ काम करने के लिए टेक महिंद्रा के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है, जो डिजिटल व्यापार सेवाएं और समाधान की एक अग्रणीय प्रदाता है। आईटीआई और टेक महिंद्रा के प्रस्ताव के बीच तालमेल बनाकर स्थानीय क्षमता का निर्माण करना है ताकि एक अगली पीढ़ी का वायरलेस नेटवर्क तैयार किया जा सके जो भारत को दूरसंचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। दूरसंचार उपकरणों का निर्माण करने के लिए अपनी कुशल और नवीनतम अत्याधुनिक सुविधाओं और सक्षमताओं के साथ हमारी कंपनी अपने विभिन्न संयंत्रों में ई.एन.ओ.डी.ई.बी. और 5जी एनआर उत्पादों के विनिर्माण की योजना बना रही है। आईटीआई स्थानीय प्रौद्योगिकियों के परितंत्र द्वारा देशभर में 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने के लिए अन्य भारतीय कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है।

इसी तरह से आईटीआई ने एक प्रमुख आईटी और आईटीईएस सेवा के अग्रणी संगठन टीसीएस के साथ भी समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस तरह के करार के साथ आईटीआई एक आम विनिर्माण भागीदार के रूप में 4जी जिसे 5जी में अपग्रेड किया जा सकता है के दो समाधानों पर कार्य किया जा सकता है।

कंपनी की योजना सुरक्षित (सेक्योर) आईपी / एमपीएलएस राउटर बनाने की भी है जो टीएसपी के नेटवर्कों के साथ-साथ रक्षा नेटवर्क में डेटा के सुरक्षित अंतरण के लिए बहुत आवश्यक होते हैं। इसके लिए आईटीआई ने इस क्षेत्र में बेंगलूरु की अग्रणी स्टार्ट-अप कंपनी के साथ प्रौद्योगिकी करार भी किया है। इसी प्रकार, हमारे कंपनी ई/वी बैंड रेडियो के निर्माण के लिए भी सहयोग करने की योजना बना रही है जो 4जी और 5जी की उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए बहुत आवश्यक है। इन भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी, भारतीय आईपीआर के उत्पादों से न केवल दूरसंचार उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम होगी बल्कि रक्षा संचार का रणनीतिक नेटवर्क तैयार करने संबंधी समस्याएं भी दूर होंगी। एक पीएसयू का निजी क्षेत्र की दो बड़ी और अग्रणी कंपनियों के साथ सहयोग करना भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के प्रति आईटीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कोविड-19 वायरस जैसे आम आदमी समझता है वैसा बिल्कुल नहीं है, यह अपने आप में अनोखा है । यह विषम वायरस का शाप हमारे मानवता, अर्थव्यवस्था, व्यापार और जीवन शैली को प्रभावित कर रहा है। यह महामारी अभूतपूर्व स्वास्थ्य, आर्थिक और स्थिरता के मामलों को प्रस्तुत करती है । सीमा पर चल रहे तनावों के साथ-साथ यह प्रकोप भारत को समग्र रूप से एक असाधारण झटका दिया है। हालांकि, महामारी ने हमें स्थानीय विनिर्माण, स्थानीय बाजार और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व को समझाया है। जैसा कि हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा है, ''स्थानीय न केवल हमारी आवश्यकता है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है''। हम आईटीआई में विश्वास करते हैं कि हर प्रतिकूलता अपने स्वयं के अवसरों का सेट लाती है । लॉकडाउन की अवधि के दौरान भी, भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत अभियान के संचालन के उद्देश्य को मजबूत करने के लिए कंपनी की व्यवसायिक निरंतरता बनी हुई है। कंपनी ने हाल ही में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ अपने विनिर्माण संयंत्रों में पोर्टेबल वेंटिलेटर के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी (टीओटी) समझौते पर हस्ताक्षर किया। प्रोटोटाइप परीक्षण के लिए तैयार है। यदि डीईबीईएल द्वारा इन्हें मंजूरी दे दी जाती है तो हम देश में रक्षा बलों और अन्य एजेंसियों को बड़े पैमाने पर अपने निर्माण वेंटिलेटर को आपूर्ति करने का इरादा रखते हैं। कंपनी ने अपनी बेंगलूरु यूनिट में फेस शील्ड का विनिर्माण कर रही है जो चेहरे के संपूर्ण क्षेत्र जैसे आँख, नाक और मुँह को स्प्रे और बूँदों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अभिकल्पित है। कंपनी ने पहले ही दो मिलियन फेस शील्ड की आपूर्ति कर दी है और आगामी महीनों में इसके उत्पादन बढ़ने की अपेक्षा है। महामारी के दौरान, आईटीआई लिमिटेड ने सीएसआर उपाय के रूप में लगभग 2500 ज़रूरतमंद परिवारों को खाने का सामान वितरित किया।

आईटीआई ने सिलिकॉन सिटी बेंगलूरु में एक ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब शुरु करने की पहल की है और इस उद्देश्य के लिए आईटीआई ने पहले चरण में 200 एकड़ भूमि को चिह्नित किया है। इस उद्देश्य के साथ आईटीआई की योजना विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे का निर्माण और देश में इकाइयों की स्थापना के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला के प्रमुख वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं को आकर्षित करने की है। यह अनूठी पहल इस साल मई के दौरान जारी की गई एमईआईटीवाई की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) 2.0 योजना के अनुरूप है।

देश में परीक्षण प्रयोगशालाओं की कमी हैं और परीक्षण अवसंरचना की इस कमी को दूर करने के लिए, आईटीआई ने डीओटी और टीईसी के सहयोग से ईएमआई/ईएमसी और सुरक्षा प्रयोगशालाएँ स्थापित की। इसके अलावा, एसएआर और सुरक्षा प्रयोगशालाएँ जल्द ही शुरु की जाएँगी। इससे निर्माण हब और स्टार्ट-अप हब की कंपनियों की सुविधाएँ बढ़ेंगी। आईटीआई ने कौशल भारत मिशन को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर संयंत्र में एक स्मार्ट कौशल विकास केंद्र सहित, अपने संयंत्रों में छः प्रशिक्षण केंद्र (टीसी) तैयार किया है।

बेंगलूरु में आईटीआई का 350 रैक का 3 स्तरीय डेटा सेंटर पिछले 10 वर्षों से प्रचालित है और कंपनी ने जिसकी क्षमता बढ़ाकर 1000 रैक विस्तार करने की योजना बनाई है। इसके आगे बढ़ते हुए कंपनी अब क्लाउड सक्षम डेटा केंद्र बनाने जा रही है और इसके तहत यह क्लाउड संबंधी ऐसी सेवाएँ शुरु करेगी जिनमें सेवा के रूप में अवसंरचना (एल.ए.ए.एस.), सेवा के रूप में प्लेटफार्म (पी.ए.ए.एस.),सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर (एस.ए.ए.एस.)और सेवा के रूप में भंडारण (एस.टी.ए.ए.एस.) शामिल होंगे। इस क्लाउड सुविधा से उक्त अवसंरचना का इष्टतम उपयोग किया जा सकेगा और इससे ग्राहकों के लिए विभिन्न आईसीटी-आईओटी आधारित अनुप्रयोग के विकास और परिनियोजन की गति बढ़ेगी। इससे सरकारी और गैर-सरकारी उद्यमों को मांग पर आईसीटी सेवाएँ प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। इससे सरकार की डिज़िटल इंडिया पहल को भी बहुत मदद मिलेगी।

निर्माण के माध्यम से मूल्य वर्धन बढ़ाने के उद्देश्य से, हम अपने सभी करार में प्रौद्योगिकी हस्तातंरण को शामिल कर रहे हैं। इससे न केवल हमारे द्वारा स्थापित अवसंरचना का उपयोग किया जा सकेगा बल्कि सरकार की मेक इन इंडिया पहल भी संवर्धित होगी। हम अपने विभिन्न संयंत्रों में एचडीपीई, ओएफसी, सोलर पैनल, स्मार्ट कार्ड, स्मार्ट एनर्जी मीटर, वाईफाई एक्सेस प्वाइंट, माइक्रो पीसी के निर्माण के लिए स्थापित सुविधाओं का उपयोग करना चाहते हैं।

विपणन के क्षेत्र में, आईटीआई भारतनेट, स्मार्ट सिटी, 4जी/5जी, एएमआई समाधान, सायबर सुरक्षा, आईओटी, क्लॉउड आधारित डेटा केंद्र समाधान आदि जैसी विभिन्न नई प्रौद्योगिकियों के कारोबार में प्रवेश करते हुए अपने ब्रांड को विस्तारित कर रही है। आईटीआई बाज़ार की अग्रणी कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी कर रही है और इन कारोबारी खंडों की निविदाओं में आक्रामक ढंग से बोली लगा रही है। आईटीआई ने एयरटेल जैसे निजी ग्राहकों के लिए भी परियोजनाएँ लेना शुरु किया है। कंपनी अपने देशव्यापी विपणन सेवा और परियोजना कार्यालयों के माध्यम से संपूर्ण भारत में उपलब्ध अवसरों का लाभ लेने के लिए कारोबारी साझेदारों का केंद्रीकृत पैनल तैयार कर रही है। इसका उद्देश्य दोनों पक्षों के लिए कारोबारी अवसरों का लाभ लेने के लिए नई भारतीय प्रौद्यगिकी कंपनियों के साथ सहयोग करना है।

प्रिय शेयरधारकों, पिछले 3 वर्षों में आईटीआई ने अपने कार्य-निष्पादन में सुधार करते हुए अपने आदेश बही की स्थिति मज़बूत की है। कारोबार के प्रति संपूर्ण दृष्टिकोण के साथ हमारी नई रणनीतियाँ आईटीआई को आने वाले वर्षों में देश का एक सर्वश्रेष्ठ पीएसयू बनाने की ओर लक्षित हैं । अपने संपूर्ण दृढ़ता और कठिन मेहनत के साथ कंपनी मिनीरत्न पीएसयू के दर्जे के लिए योग्य है, जिसके लिए आवश्यक आवेदन पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। हमारे लिए यह शुरुआत मात्र है लेकिन हमारा लक्ष्य आगामी 3वर्षों में नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना है। हम हर पहलू पर बड़ी गहराई के साथ काम कर रहे हैं, चाहे वह प्रौद्योगिकी, परियोजना निष्पादन, निर्माण या विपणन हो। इससे आईटीआई अपने कारोबार में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनेगी और अपने कर्मचारियों को आर्थिक रूप से प्रफुल्लित रखेगी। इसके साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि हम आपने शेयरधारकों को आईटीआई में उनके उल्लेखनीय निवेश के लिए बेहतर प्रतिफल प्रदान करें। जैसा कि हमने वादा किया है, हम बीते समय के अपने पुराने गौरव प्राप्त करने के पथ पर उल्लेखनीय प्रगति की है।

हम अपने क्षतियों को दूर करते हुए इसे लाभ अर्जित करने वाली कंपनी में परिवर्तित किया है । मिनीरत्न का दर्जा हासिल करने और नवरत्न की ओर बढ़ने के लिए हमें ऋण मुक्त होने की जरूरत है। हमें अपनी सभी प्रतिभाओं और बड़े लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सरलता लानी होगी । इसे हासिल करने के लिए, हमारी प्रतिबद्धता अडिग है। हमारा उद्देश्यत दृढ़ है । दूरसंचार विभाग तथा भारत सरकार के सहयोग के साथ, हम मार्केट टर्ब्युलन्स के माध्यम से वित्तीय आत्मनिर्भरता को बनाए रखने की ओर बढ़ेंगे।

नई पहल, नए दृष्टिकोण, नए कारोबारी खंडों के मिश्रण से, मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि आईटीआई अपने सभी हितधारकों के लिए स्थिर प्राप्तियाँ सुनिश्चित करने के लिए पिछले 3 वर्षों के दौरान हासिल प्रगति को बनाए रखना जारी रखेगी।

मैं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, दूरसंचार आयोग, बीएसएनएल, एमटीएनएल, यूएसओएफ, रक्षा, टीसीआईएल, भारतीय रेल, केंद्र और राज्य सरकारों के सभी विभाग तथा अन्य बहुमूल्य ग्राहकों, जमाकर्ताओं, बैंक, वित्तीय संस्थान, विदेशी सहयोगकर्ताओं, लेखा परीक्षकों, लोक उपक्रम समिति (सीओपीयू), स्थायी सूचना प्रौद्योगिकी समिति और लोक उद्यम स्थायी सम्मेलन (एससीओपीई) को उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए अपना आभार प्रकट करता हूँ। मैं इस अवसर पर अपने सभी कर्मचारियों और शेयरधारकों को भी उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ ।

धन्यवाद

स्थान - बेंगलूरु

आर एम. अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

नोट : ध्यान दें, यह 70वीं वार्षिक सामन्य बैठक की कार्यवाही का रिकार्ड नहीं है।

वार्षिक रिपोर्ट 2019–20

विषय सूची

विवरण.....पृष्ठ संख्या

निदेशक मंडल.....04

प्रबंधन.....04

सूचना.....05

दस वर्ष के संक्षिप्त आँकड़े.....09

आँकड़े – एक झलक.....11

निदेशक की रिपोर्ट.....13

एकल वित्तीय विवरण

- महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियाँ.....72
- तुलन पत्र.....78
- लाभ और हानि का विवरण.....80
- नकद प्रवाह विवरण.....81
- वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी.....82
- लेखापरिक्षकों की रिपोर्ट.....117

समेकित वित्तीय विवरण

- महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियाँ.....125
- तुलन पत्र.....131
- लाभ और हानि का विवरण.....133
- नकद प्रवाह विवरण.....134
- वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी.....135
- लेखापरिक्षकों की रिपोर्ट.....169

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी.....174

निदेशक मंडल*

श्री राकेश मोहन अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक विपणन का अतिरिक्त प्रभार

श्री शशि प्रकाश गुप्ता
निदेशक – मानव संसाधन

श्री डी वेंकटेश्वरलु
निदेशक–उत्पादन

श्री राजीव श्रीवास्तव
निदेशक–वित्त

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव सभरवाल, एवीएसएम, वीएसएम, सिग्नल ऑफिसर-इन-चीफ
सरकार द्वारा नामित निदेशक

डॉ. राजेश शर्मा
उप महानिदेशक (एसयू), दूरसंचार विभाग
सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री राजेन विध्यार्थी
स्वतंत्र निदेशक

डॉ. अखिलेश दूबे
स्वतंत्र निदेशक

श्री मयंक गुप्ता
स्वतंत्र निदेशक

डॉ. के.आर शनमुगम
स्वतंत्र निदेशक

मुख्य वित्त अधिकारी
श्री राजीव श्रीवास्तव

कंपनी सचिव
श्रीमती एस. शनमुगा प्रिया

सांविधिक लेखापरीक्षक
मेसर्स जी आर एस एम एण्ड एसोसिएटस, बेंगलूरु

शाखा लेखापरीक्षक
मेसर्स आरके चारी एण्ड कं., लखनऊ (रायबरेली)
मेसर्स जीके अरोरा एण्ड एसोसिएटस, इलहाबाद (नैनी)
मेसर्स पीएनजी एण्ड कं., फैजाबाद (मनकापुर)
मेसर्स एआरजीईई एण्ड. कं., पालक्काड (पालक्काड)
मेसर्स अमिर जैन एण्ड एसोसिएटस, श्रीनगर (श्रीनगर)

लागत लेखापरीक्षक
मेसर्स जीएनवी एसोसिएटस, बेंगलूरू
मेसर्स अमन मालवीय एवं एसोसिएटस, लखनऊ

सचिवीय लेखापरीक्षक
श्री डी. वेंकटेश्वरलु, बेंगलूरू

बैंकर
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
बैंक ऑफ बड़ौदा
केनरा बैंक
पंजाब नेशनल बैंक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
इंडियन बैंक

प्रबंधन*

निगमित कार्यालय

श्री राकेश मोहन अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक विपणन का अतिरिक्त प्रभार

श्री शशि प्रकाश गुप्ता
निदेशक–मानव संसाधन

श्री डी वेंकटेश्वरलु
निदेशक–उत्पादन

श्री राजीव श्रीवास्तव
निदेशक–वित्त एंव मुख्य वित्त अधिकारी

श्री शैलेंद्र कुमार वर्मा
मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री सुनील कुमार
महाप्रबंधक–प्रचालन

श्री सुरेश बाबू के टी
महाप्रबंधक– आंतरिक लेखापरीक्षा

श्री संजय कुमार श्रीवास्तव
महाप्रबंधक–मा.सं.(ईडी एवं ओडी)

श्री शशिधरन के
महाप्रबंधक–परियोजना एवं योजना एवं निगमित विपणन

श्री सुभाषिश सोम
महाप्रबंधक–सतर्कता

श्री संजय कुमार गुप्ता
महाप्रबंधक– एनएफएस एवं राजभाषा

श्रीमती एस. शनमुगा प्रिया
कंपनी सचिव

यूनिट

मनकापुर प्लांट
श्री राजीव सेठ
महाप्रबंधक

नेटवर्क सिस्टम्स यूनिट
श्री ए.के.बजोरिया
महाप्रबंधक

बेंगलूरु प्लांट और अनुसंधान एवं विकास
श्री संजय सत्यप्रिया
महाप्रबंधक

रायबरेली प्लांट
श्री वी बी सिंह
महाप्रबंधक

नैनी प्लांट
श्री संजय सत्यप्रिया
महाप्रबंधक

पालक्काड प्लांट
श्रीमती जयश्री ई के
महाप्रबंधक

श्रीनगर प्लांट
श्री आई. ए. खान
उप माहप्रबंधक

* 02.11.2020 तक

आईटीआई लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

सीआईएन : एल32202केए1950जीओआई000640
पंजीकृत कार्यालय : आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर, बेंगलूरु – 560016
दूरभाष संख्या : + 91(080) 25614466 फैक्स सं. : + 91(080) 25617525 ई-मेल : cosecy_crp@itiltd.co.in **वेबसाइट :** www.itiltd.in

सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि आईटीआई लिमिटेड की सत्तरवी (70वीं) वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ओएवीएम) से 04 दिसंबर, 2020 शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे किया जाएगा :

I. सामान्य कार्य :

1. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के समेकित वित्तीय विवरण सहित लेखा परीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण और उनके साथ उन पर निदेशक मंडल तथा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक व महा लेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ प्राप्त करना, अनुमोदन देना और विचार करना।

2. श्री शशि प्रकाश गुप्ता (डीआईएन 08254999) के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति करना है तो जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होते हैं और पात्र होने के कारण पुन:नियुक्ति के लिए अपनी सेवाएँ प्रस्तुत करते हैं

3. निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधन के साथ अथवा बिना संशोधन के, सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना :

   यह संकल्प किया गया कि कंपनियों की धारा 142 से आईटीआई लिमिटेड के निदेशक मंडल अधिनियम 2013 के तहत बनाए गए नियमों के साथ नियुक्त किए गए कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक के यात्रा खर्च की वापसी और जेब खर्च सहित पारिश्रमिक और अन्य नियमों और शर्तों को ठीक करने के लिए अधिकृत किया गया है। भारत के नियंत्रक और सामान्य लेखा परीक्षक और वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के शाखा लेखा परीक्षक द्वारा।

II. विशेष कार्य :

4. निम्नलिखित पर विचार करना और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधन के साथ अथवा बिना संशोधन के, सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना :

   संकल्प किया गया है कि, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत बनाए गए नियमों की धारा 149, 152 के अन्य लागू प्रावधान कोई है तो, सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) अधिनियम 2015 और संचार मंत्रालय के आदेश सं. एफ.सं.ई.14-2/2019-पीएसए दिनांक 15 अक्तूबर, 2020 के संदर्भ में, श्री राजीव श्रीवास्तव (डीआईएन : 08921307) को भारत सरकार द्वारा अनुबंधित किए गए निबंधन एवं शर्तानुसार 15 अक्तूबर, 2020 से पाँच साल की अवधी के लिए कंपनी के निदेशक – वित्त के रुप में नियुक्त किया जाता है। जो सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी है।

5. निम्नलिखित पर विचार करना और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे संशोधन के साथ अथवा बिना संशोधन के, समान्य संकल्प के रूप में पारित करना:

   संकल्प किया गया है कि कंपनी अधिनियम 2013 के तहत बनाए गए नियमों की धारा 148 के प्रावधानों एवं नियमों के अनुसार एवं उस आधार पर पारिश्रमिक 3.16 लाख रु. (साथ ही लागू कर) और कंपनी के वर्ष 2019-20 के सभी इकाइयों के लागत अभिलेखों की और वास्तविक जेब खर्च और वाहन का खर्च सहित के लिए लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए लागत लेखापरीक्षक की नियुक्ति तय की गई है एवं एतद्वारा अनुसमर्थित है।

पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय
आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर,

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते आईटीआई लिमिटेड

स्थान: बेंगलूरु
दिनांक : 02-11-2020

एस.शनमुगा प्रिया
कंपनी सचिव

टिप्पणी :

1. कोविड-19 महामारी के प्रकोप को देखते हुए, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए') ने अपने सामान्य परिपत्र दिनांक 5 मई, 2020 जिसे सामान्य परिपत्र दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020 (जिन्हें सम्मिलित रूप से यहाँ "एमसीए परिपत्र" कहा गया है) और सेबी के परिपत्र सं. सेबी /एच.ओ./सी.एफ.डी./सी.एम.डी.1/परिपत्र/पी/2020/79 दिनांक 12 मई 2020 के साथ पढ़ा जाना है, में एक सामान्य स्थान में सदस्यों की वास्तविक उपस्थिति के बिना वार्षिक सामान्य बैठक (ए.जी.एम.) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") या अन्य श्रव्य-दृश्य माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित करने हेतु अनुमति प्रदान किया है । कंपनी अधिनियम, 2013 ("एक्ट"), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण की बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण की अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("सूचीकरण के विनियम") और एम.सी.ए. के परिपत्रों के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी की ए.जी.एम. वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से आयोजित की जा रही है।

2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसार प्रासंगिक व्याख्यात्मक कथन, जो वार्षिक सामन्य बैठक में विशेष व्यवसाय से संबंधित विवरण का वर्णन करता है, को इसके साथ सूचना के अंश बननेवाले **अनुबंध क** में दिया जाता है।

3. सेबी (सूचीबद्ध दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 नियमन के उपबंध 26 (4) एवं 36 (4) और भारत के कंपनी सचिव के संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठक पर सचिवीय मानक के अनुसार, निदेशक, जो पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र हैं का संक्षिप्त विवरण/रूपरेखा या पूरी जानकारी हेतु मद सं.2 और 4, देखें जो **अनुबंध-ख** के रूप में संलग्न है।

4. चूँकि यह ए.जी.एम. एम.सी.ए. के परिपत्रों के अनुसरण में वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से आयोजित की जा रही है, सदस्यों की वास्तविक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार, सदस्यों द्वारा परोक्षी नियुक्त करने की सुविधा इस ए.जी.एम. में उपलब्ध नहीं होगी, इसलिए, प्रॉक्सी फार्म और उपस्थिति पर्ची इस सूचना के साथ संलग्न नहीं किए गए हैं।

5. संयुक्त धारकों के मामले में, ऐसे सदस्य जिनके नाम कंपनी के सदस्यों की पंजी के अनुसार नामों के क्रम में पहले धारक के रूप में दर्शित होते हैं, वे इस बैठक में मतदान करने के हकदार होंगे।

6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 113 के अनुसार वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से ए.जी.एम. में भाग लेने के लिए अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त करने का आशय रखने वाले कार्पोरेट सदस्य / विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) / वित्तीय संस्थानों से अनुरोध है कि वे मंडल के संकल्प / अन्य दस्तावेज जिनमें बैठक में उनकी ओर से शामिल होने और मतदान करने हेतु उनके प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) को अधिकृत किया गया है, की प्रमाणित प्रति, उनके नमूने के हस्ताक्षरों के साथ ईमेल irg@integratedindia.in, cosecy_crp@itiltd.co.in और helpdesk.evoting@cdslindia.com द्वारा कंपनी को भेजें।

7. वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से ए.जी.एम. में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम पूरा करने के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

8. कंपनी के सदस्यों की पंजी और शेयर अंतरण बहियाँ वार्षिक सामान्य बैठक (ए.जी.एम.) के प्रयोजनार्थ 28 नवबंर, 2020 से 04 दिसंबर, 2020 (दोनों दिनों सहित) बंद रखी जाएगी।

9. एम.सी.ए. के सामान्य परिपत्र दिनांक 5 मई, 2020 के अनुसार, वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 के साथ-साथ इस ए.जी.एम. की सूचना केवल ऐसे सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जा रही है जिनके ई-मेल एड्रेस कंपनी / डिपोज़िटरों के पास दर्ज हैं। वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 के पूर्ण संस्करण के साथ 70वीं ए.जी.एम. आहूत करने की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.itiltd.in पर 'निवेशक सूचना' खंड में अपलोड की गई है जिसे स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमश: www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी देखा जा सकता है। इस ए.जी.एम. की सूचना सी.डी.एस.एल. (सुदूर ई-मतदान और ए.जी.एम. के दौरान ई-मतदान प्रणाली की सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी प्रसारित की गई है।

10. श्री डी वेंकटेश्वरलु (सी.पी. सं. 7773), पेशेवर कंपनी सचिव, बेंगलूरु को ए.जी.एम. के दौरान मतदान की जाँच-पड़ताल करने और सुदूर ई-मतदान उचित और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

11. सदस्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 72 और कंपनी (शेयर पूँजी और ऋणपत्र) नियम, 2014 के नियम 19(1) के तहत वर्णितानुसार, फॉर्म एस.एच.–13 भरकर कंपनी से नामांकन सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

12. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड(सेबी) ने कंपनी के सदस्य द्वारा स्थाई लेखा संख्या, बैंक खाता का विवरण और ई–मेल आईडी प्रस्तुत करना आवश्यक कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए, इसलिए वे अपने डीमैट खातों को बनाए रखने के साथ जिसे डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को उनके पैन प्रस्तुत करने का अनुरोध कर रहे हैं। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य आरटीए/कंपनी को अपना स्थाई लेखा संख्या का विवरण, बैंक खाता का विवरण और ई–मेल आई डी प्रस्तुत करे।

13. सदस्यों से अनुरोध है कि यदि आपके पते में कोई परिवर्तन हो तो तुरंत अपने पंजीयक और शेयर अंतरण एजेंट, मेसर्स इंटीग्रेटेड रजिस्ट्री मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, 30 रमण रेजिडेसी, चौथा क्रास, संपिगे रोड़, मल्लेश्वरम, बेंगलूरु–560 003 दूरभाष : 080–23460815–818, ई–मेल : irg@integratedindia.in और अपने संबंधित डिपॉजिटरी भागीदारों को सूचित करें।

14. 'हरित पहल' का समर्थन करने के लिए, ऐसे सदस्य जिन्होंने अब तक अपना ईमेल एड्रेस पंजीकृत नहीं कराया है, से अनुरोध है कि वे शेयरों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित करने के मामले में अपने डी.पी. के पास और शेयरों को वास्तविक रूप में धारित करने के मामले में कंपनी के पास दर्ज करा लें।

15. सूचीकरण विनियम के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में, दिनांक 1 अप्रैल, 2019 से लागू करते हुए, शेयरों के सभी अंतरण अप्रत्यक्षीकृत रूप में किए जाएँगे। शेयरों को वास्तविक रूप में धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे पंजीयक एवं शेयर अंतरण एजेंट, मेसर्स इंटीग्रेटेड रजिस्ट्री मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें और अंतरण करने के लिए अपने शेयरों को अप्रत्यक्षीकृत करा लें।

16. सदस्य कंपनी के बारे में अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.itiltd.in देख सकते हैं।

17. सदस्यों द्वारा लेखे की जानकारी अपेक्षित होने की दशा में, अनुरोध है कि बैठक की तारीख से कम–से–कम 15 दिन पूर्व कंपनी को लिखें ताकि वांछित सूचना तैयार रखी जा सके।

18. चूँकि यह ए.जी.एम. वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से आयोजित की जाएगी, इसीलिए मार्ग का नक्शा इस सूचना के साथ संलग्न नहीं किया गया है।

19. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 जिसे उसके तहत बनाए गए संगत नियमों, सूचीकरण विनियमों के विनियम 44, एम.सी.ए. के परिपत्र और सेबी के परिपत्र के साथ पढ़ा जाना है, के अनुसार, कंपनी ए.जी.एम. के दौरान सुदूर ई–मतदान और ई–मतदान द्वारा सूचना में निर्धारित सभी संकल्पों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने और वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से बैठक में शामिल होने की सुविधा अपने सदस्यों को सहर्ष प्रदान करती है। इस संबंध में सेंट्रल डिपोज़िटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सी.डी.एस.एल.) के साथ मिलकर कंपनी ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की है। ए.जी.एम. के दौरान सुदूर ई–मतदान और ई–मतदान और वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से बैठक में शामिल होने के अनुदेश इस सूचना के **अनुलग्नक–ग** में दिए गए हैं।

20. सदस्य **अनुलग्नक–ग** में उल्लिखित अनुदेशों का पालन करते हुए बैठक के प्रारंभ होने से 15 मिनट पहले और बैठक शुरु होने के निर्धारित समय के 15 मिनट के भीतर वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से ए.जी.एम. में शामिल हो सकते हैं। सदस्य सी.डी.एस.एल. की ई–मतदान वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉगिन कर बैठक की कार्यवाही देख सकते हैं। वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से ए.जी.एम. में भाग लेने की सुविधा पहले आओ, पहले पाओ आधार पर कम से कम 1000 सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें बड़े शेयरधारक (जिनका शेयरधारण 2% या उससे अधिक हो), प्रवर्तक, संस्थागत निवेशक, निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन व पारिश्रमिक समिति तथा हितधारक संबंध समिति, लेखा परीक्षक आदि शामिल नहीं होंगे जिन्हें पहले आओ, पहले पाओ आधार पर की सीमा के बिना ए.जी.एम. में शामिल होने की अनुमति होगी।

21. सूचना में संदर्भित सभी दस्तावेज और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 और 189 के तहत रखी गई सांविधिक पंजियाँ ए.जी.एम. के दौरान इलेक्ट्रॉनिक निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगी।

पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय
आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर,

बोर्ड के आदेश द्वारा

स्थान: बेंगलूरु
दिनांक : 2–11–2020

एस. शनमुगा प्रिया
कंपनी सचिव

अनुबंध – क

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अंतर्गत आवश्यक व्याख्यात्मक कथन

मद सं. 4

श्री राजीव श्रीवास्तव

कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के संदर्भ में, भारत के राष्ट्रपति को समय–समय पर कंपनी के निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति के साथ निहित किया जाता है जो निदेशकों के अधिकार की अवधी को भी निर्धारित करेगा।

श्री राजीव श्रीवास्तव (डीआईएन: 08921307) को बोर्ड में एक अतिरिक्त निदेशक (निदेशक वित्त) के रुप में संचार मंत्रालय के आदेश सं. ई–14–1/2019–पीएसए दिनांक 15 अक्तूबर 2020 के अनुसरण में 15 अक्तूबर, 2020 से अभी तक उनके सेवानिवृति या अगले आदेशों तक, जो भी पहले ही शामिल किया गया है । कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के संदर्भ में, श्री राजीव श्रीवास्तव वार्षिक सामन्य बैठक (एजीएम) को नियुक्त करने की तिथि तक कार्यालय में है ।

श्री राजीव श्रीवास्तव की नियुक्ति का प्रस्ताव करने वाले सदस्यों से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के तहत नोटिस प्राप्त किया गया है । आगामी एजीएम में कंपनी के निदेशक के रूप में हैं ।

02 नवबंर 2020 को आयोजित अपनी बैठक में सदस्यों के रुप में नामांकन और पारिश्रमिक समिति ने श्री राजीव श्रीवास्तव की नियुक्ति के लिए सिफारिश की है ।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 के संदर्भ में, प्रत्येक निदेशक को कंपनी द्वारा सामान्य बैठक में नियुक्त किया जाना है। तद्नुसार, सदस्यों के अनुमोदन के लिए वार्षिक सामन्य बैठक से पहले आवश्यक संकल्प प्रस्तुत किए गए हैं।

श्री राजीव श्रीवास्तव को प्रस्तावित संकल्प में उनके कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्ति की सीमा तक रुची दिखाई गई है ।

सूचना के मद सं. 4 में निर्धारित संकल्प में कंपनी के अन्य निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों या उनके रिश्तेदारों के संबंध में कोई चिंतित या इच्छुक विषय नहीं है।

श्री राजीव श्रीवास्तव का कंपनी में अपनी व्यक्तिगत क्षमता के आधार पर या किसी अन्य व्यक्ति के लिए लाभकारी आधार पर कोई हिस्सा नहीं है ।

सूचना में सदस्यों के अनुमोदन के लिए प्रस्तावित के अनुसार आपके निदेशकगण की नियुक्ति, श्री राजीव श्रीवास्तव की नियुक्ति के लिए साधारण प्रस्तावों की सिफारिश करते हैं ।

श्री राजीव श्रीवास्तव की संक्षिप्त रूपरेखा इस सूचना के **अनुबंध–ख** में दी गई है ।

मद सं. 5

कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 14 में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(3) के तहत नियुक्त कंपनी के लेखा परीक्षक के लिए निर्धारित पारिश्रमिक के लिए सदस्यों के अनुसमर्थन की आवश्यकता बताई गई है।

तद्नुसार, वर्ष 2020–21 के लिए नियुक्त लागत लेखा परीक्षक के लिए 3.16 लाख रुपये (लागू कर सहित) का पारिश्रमिक और वास्तविक फुटकर व्यय तथा वाहन व्यय, निर्धारित करने हेतु अनुसमर्थन की आवश्यकता बताते हुए आवश्यक संकल्प सदस्यों के समक्ष उनके अनुमोदन हेतु रखा गया है।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार इस संकल्प में हितलाभी नहीं है।

आपके निदेशक सूचना में यथा प्रस्तावित सामान्य संकल्प को सदस्यों द्वारा अनुमोदन करने की सिफारिश करते हैं।

अनुलग्नक ख

नियुक्ति और पुन:नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का संक्षिप्त विवरण

मद सं. 2 :

श्री शशि प्रकाश गुप्ता –

श्री शशि प्रकाश गुप्ता, (डीआईएन08254999), आयु 59 वर्ष उनके पास बी.टेक (यांत्रिकी) में और एम.बी.ए. की डिग्री हैं। वे इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) और राष्ट्रीय कार्मिक प्रबंधन संस्थान, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल एंड क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया के आजीवन सदस्य रहे है। कंपनी के बोर्ड में शामिल होने से पहले उन्होंने औद्योगिक इंजीनियरिंग और सेल उदय परिवर्तन का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया और इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार में सुधार के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास सहित कई सीएसआर पहलों की शुरुआत की है।

दो एकीकृत इस्पात संयंत्रों और कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्मिक और प्रशासन, व्यवसाय उत्कृष्टता और सीएसआर के विभिन्न क्षेत्रों में 3 दशकों के समृद्ध अनुभव के साथ, सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) में उत्पादक कार्य संस्कृति को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न मानव संसाधन नीतियों को तैयार करने और उन्हें लागू करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

श्री शशि प्रकाश गुप्ता, बोर्ड ऑफ़ इंडिया सेटकॉम लिमिटेड में निदेशक हैं। इसके अलावा वह किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी के बोर्ड में नहीं है। श्री शशि प्रकाश गुप्ता ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आयोजित सभी बोर्ड बैठकों में भाग लिया । श्री शशि प्रकाश गुप्ता जोखिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और लेखा परीक्षा समिति के सदस्य, हितधारक संबंध समिति और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के सदस्य हैं।

श्री शशि प्रकाश गुप्ता या उनके रिश्तेदार कंपनी के किसी भी निदेशक और प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्ति से संबंधित नहीं है और कंपनी में कोई शेयर नहीं रखते हैं।

मद सं. 4 :

श्री राजीव श्रीवास्तव

श्री राजीव श्रीवास्तव (डीआईएन–08921307), महाप्रबंधक, निगमित वित्त एवं मुख्य वित्त अधिकारी ने भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निबंधन व शर्तों पर दिनांक 15 अक्तूबर, 2020 को आईटीआई लिमिटेड के निदेशक वित्त का कार्यभार ग्रहण किया। श्री राजीव श्रीवास्तव योग्यता प्राप्त वित्त पेशेवर हैं जिनके पास भारतीय लागत व प्रबंध लेखा संस्थान (आईसीएमएआई) और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) की सदस्यता है और उन्हें 29 वर्षों का दीर्घ अनुभव है। आईटीआई लिमिटेड में शामिल होने से पहले, उन्होंने दिसंबर 1990 से दिसंबर 2018 तक भारत सरकार के साथ निदेशक(लेखा)/वरीष्ठ लेखा अधिकारी के रूप में काम किया है।

उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम और एम.कॉम और डीएवी लॉ कॉलेज से एलएलबी और आईसीएमएआई से सीडब्ल्यू ए तथा आईसीएसआई से सीए की डिग्री प्राप्त की।

श्री राजीव श्रीवास्तव किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी के बोर्ड में नहीं हैं। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठक में श्री राजीव श्रीवास्तव की उपस्थिति लागू नहीं होती है क्योंकि उन्हें चालू वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान बोर्ड की बैठक में शामिल किया गया है। श्री राजीव श्रीवास्तव या उनके रिश्तेदार कंपनी के किसी भी निदेशक और प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्ति से संबंधित नहीं है और कंपनी में कोई शेयर नहीं रखते हैं।

अनुलग्नक ग

सुदूर ई–मतदान के लिए शेयरधारकों के अनुदेश इस प्रकार हैं –

1. मतदान की अवधि 01 दिसंबर, 2020 सुबह 10.00 बजे से प्रारंभ होकर 03 दिसंबर, 2020 अपराह्न 5.00 बजे को समाप्त होगी । इस अवधि के दौरान कंपनी के ऐसे शेयरधारक जो 27 नवबंर 2020 की निर्दिष्ट तिथि (रिकार्ड तिथि) में शेयरों को वास्तविक रूप में या अप्रत्यक्षीकृत रूप में धारित करते हैं, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इस अवधि के बाद ई–मतदान मॉड्यूल सी.डी.एस.एल. द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
2. शेयरधारक जिन्होंने सुदूर ई–मतदान द्वारा पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है, वे बैठक के स्थान पर मतदान करने के हकदार नहीं होंगे।
3. शेयरधारक www.evotingindia.com पर सी.डी.एस.एल. की ई–मतदान वेबसाइट में लॉग ऑन करें
4. "शेयरहोल्डर्स" टैब पर क्लिक करें।
5. अपने यूजर आई डी को प्रविष्ट कीजिए।
   (क) सीडीएसएल के लिए: 16 अंकों का लाभार्थी आईडी,
   (ख) एनडीएसएल के लिए: 8 संप्रतीक का डीपी आईडी तथा 8 अंक का ग्राहक आईडी,
   (ग) शेयरों को वास्तिक रूप में धारित करने वाले शेयरधारक कंपनी में दर्ज फोलियो संख्या दर्ज करें।
6. अब प्रदर्शित छाप सत्यापन प्रविष्ट करें तथा लॉगिन पर क्लिक करें ।
7. यदि आपका शेयर डीमैट रूप में है और www.evotingindia.com पर लॉग ऑन हैं तथा किसी कंपनी में पहले ही वोट दिये हैं तो अपना वर्तमान पासवर्ड इस्तेमाल करें ।
8. यदि आप प्रथम बार के प्रयोक्ता हैं तो निम्न चरणों का अनुगमन करें :

	डीमैट रूप तथा प्रत्यक्ष रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10 अंक का अल्फा–न्यूमरिक पैन डालें (डीमैट तथा प्रत्यक्ष दोनों शेयरधारकों के लिए लागू) जिन शेयरधारकों ने अपने पैन को अद्यतन नहीं किया है, उन्हें अनुक्रम संख्या प्राप्त करने के लिए irg@integratedindia.in पर आरटीए से संपर्क करें।

9. इन विवरणों को समुचित रूप से भरने के उपरांत "SUBMIT" टैब पर क्लिक करें।
10. अब, प्रत्यक्ष रूप से शेयर रखने वाले शेयरधारक कंपनी चयन स्क्रीन पर सीधे पहुंच जाएंगे । तथापि, डीमैट रूप में शेयरधारक अब 'Password Creation' मेनू में पहुंच जाएंगे, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अनिवार्य रूप से अपना लॉगिन पासवर्ड नये पासवर्ड क्षेत्र में डालें । कृपया नोट करें कि डीमैट धारकों द्वारा किसी अन्य कंपनी के संकल्प प्रस्ताव के लिए वोट हेतु, जिसके लिए वे वोट देने के पात्र हैं, इसी पासवर्ड का प्रयोग किया जाना है बशर्ते वह कंपनी सीडीएसएल प्लेटफार्म के माध्यम से ई–वोट का चयन करे । इसकी सख्त सिफारिश की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं तथा अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने में पूरी सावधानी बरतें ।
11. प्रत्यक्ष रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक, सूचना में निहित संकल्प प्रस्ताव पर ई–वोट के लिए ही विवरण का प्रयोग करें ।
12. जिसे आपने वोट करने के लिए चुना हैं, आईटीआई लिमिटेड हेतु ईवीएसएन पर क्लिक करें।
13. वोट पृष्ठ पर आप "RESOLUTION DESCRIPTION" देखेंगे और इसके सापेक्ष वोट देने के लिए "YES/NO" विकल्प होगा । अपनी इच्छानुसार YES अथवा NO विकल्प का चयन करें । YES विकल्प इंगित करता है कि आप प्रस्ताव से सहमत हैं तथा NO विकल्प इंगित करता है कि आप प्रस्ताव से असहमत हैं ।
14. यदि आप पूरा प्रस्ताव विवरण देखना चाहते हैं तो "RESOLUTIONS FILE LINK" पर क्लिक करें ।
15. अपने द्वारा निर्णीत प्रस्ताव के चयन के उपरांत "SUBMIT" पर क्लिक करें । एक संपुष्टि बॉक्स प्रदर्शित होगा । यदि आप अपने वोट को संपुष्ट करना चाहते हैं तो "OK", पर क्लिक करें अन्यथा अपने वोट को बदलने के लिए "CANCEL" पर क्लिक कर तदनुसार अपने वोट को संशोधित करें ।
16. एक बार आप प्रस्ताव पर अपने वोट को "CONFIRM" कर लेते हैं तो पुन: इसके संशोधन की अनुमति नहीं होगी।
17. आप वोट पृष्ठ पर "Click here to print" विकल्प पर क्लिक कर अपने द्वारा दिये गये वोट का प्रिन्ट ले सकते हैं ।
18. यदि डीमैट खाताधारक अपना लॉगइन पासवर्ड भूल जाते हैं तो यूजर आईडी तथा प्रतिबिंब सत्यापन कोड में प्रवेश कर, Forgot Password पर क्लिक करें तथा सिस्टम द्वारा मांगे गये विवरण को भरें ।

19. शेयरधारक सीडीएसएल के मोबाइल ऐप "एम–वोटिंग" का उपयोग करके भी अपना वोट डाल सकते हैं। "एम–वोटिंग" ऐप को संबंधित स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। अपने मोबाइल पर मतदान करते समय कृपया मोबाइल ऐप द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें।

ऐसे शेयरधारक, जिनके ईमेल पता इस सूचना में प्रस्तावित संकल्पों के लिए ई–मतदान करने हेतु लॉगिन विवरण प्राप्त करने के लिए डिपोज़िटरियों के पास दर्ज नहीं हैं, के लिए प्रक्रिया –

1. वास्तविक रूप से शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों के लिए – कृपया **आर.टी.ए. / कंपनी की ईमेल आईडी** में फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण–पत्र की स्कैन की गई प्रति (सामने और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वप्रणामित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वप्रणामित स्कैन की गई प्रति) जैसे आवश्यक विवरण प्रदान करें।

2. अप्रत्यक्षीकृत रूप से शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों के लिए – कृपया **आर. टी.ए. / कंपनी की ईमेल आईडी** में डीमैट खाते के विवरण (सी.डी.एस.एल.–16 अंकों का हितलाभी आई.डी. या एन.एस.डी.एल.–16 अंकों की डीपी आईडी + सीएल आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित लेखा विवरण, पैन (पैन कार्ड की स्वप्रणामित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वप्रणामित स्कैन की गई प्रति) की प्रति के विवरण प्रदान करें।

वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. द्वारा ए.जी.एम. में शामिल होने वाले शेयरधारकों के लिए अनुदेश इस प्रकार हैं –

1. शेयरधारकों को सी.डी.एस.एल. की ई–मतदान प्रणाली द्वारा वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से ए.जी.एम. में शामिल होने की सुविधा प्रदान की जाएगी। शेयरधारक सुदूर ई–मतदान के विवरण का उपयोग करते हुए शेयरधारकों / सदस्यों के लॉगिन के तहत https://www.evotingindia.com में इस सुविधा को देख सकते हैं। वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. का लिंक शेयरधारक / सदस्य के लॉगिन में उपलब्ध होगा जहाँ कंपनी का ई.वी.एस.एन. प्रदर्शित होता है।

2. वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से ए.जी.एम. में शामिल होने की सुविधा ए.जी.एम. के लिए निर्धारित समय से 15 मिनट पहले शुरु की जाएगी जो सदस्यो के लिए पहले आओ, पहले पाओ आधार पर उपलब्ध होगी।

3. शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप / आई पैड द्वारा बैठक में शामिल हों।

4. इसके अलावा, शेयरधारकों को बैठक के दौरान किसी प्रकार के व्यवधान से बचने के लिए कैमेरा और अच्छी स्पीड के इंटरनेट का उपयोग करना होगा।

5. कृपया नोट करें कि मोबाइल डिवाइस या टैबलेट से अथवा मोबाइल हॉटस्पॉट के ज़रिए कनेक्ट होने वाले लैपटॉप से जुड़ने वाले प्रतिभागी अपने संबंधित नेटवर्क में उतार–चढ़ाव के कारण ऑडियो / वीडियो में बाधा हो सकती है। इसलिए, यह सुझाव दिया जाता है कि वे स्थिर वाई–फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करें ताकि इस तरह का व्यवधान कम हो।

6. जो शेयरधारक बैठक के दौरान अपने विचार रखना चाहते हैं / प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपना नाम, डीमैट खाता संख्या / फोलियो संख्या, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर उल्लेख करते हुए बैठक से 7 दिन पहले अग्रिम रूप से अपना अनुरोध cosecy_crp@itiltd.co.in में भेजते हुए स्वयं को स्पीकर के रूप में दर्ज कराएँ।

7. जो शेयरधारक ए.जी.एम. के दौरान कुछ बोलना नहीं चाहते हैं लेकिन कुछ पूछना चाहते हैं, वे अपना नाम, डीमैट खाता संख्या / फोलियो संख्या, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर उल्लेख करते हुए **बैठक से 7 दिन पहले अग्रिम रूप से अपना** अनुरोध cosecy_crp@itiltd.co.in में भेजें। उनके प्रश्नों के उत्तर कंपनी द्वारा ईमेल के माध्यम से दिए जाएँगे।

8. ऐसे शेयरधारक जिन्होंने स्पीकर के रूप में स्वयं को दर्ज कराया है, केवल उन्हें बैठक के दौरान अपने विचार / प्रश्न रखने की अनुमति होगी। कंपनी ए.जी.एम. में समय की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए स्पीकरों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

ए.जी.एम. के दौरान ई–मतदान के लिए शेयरधारकों हेतु अनुदेश इस प्रकार हैं –

1. ए.जी.एम. के दिन ई–मतदान की प्रक्रिया सुदूर ई–मतदान के लिए ऊपर उल्लिखित अनुदेशों के समान होगी।

2. केवल ऐसे शेयरधारक जो वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. की सुविधा द्वारा ए.जी.एम. में उपस्थित होंगे और जिन्होंने दूर से ई–मतदान द्वारा संकल्पों पर अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया है और जो अन्यथा ऐसा करने के लिए बाधित नहीं किए गए हैं, ए.जी.एम. के दौरान उपलब्ध ई–मतदान सुविधा के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगें।

3. यदि ए.जी.एम. के दौरान उपलब्ध ई–मतदान के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा कोई मतदान किया जाता है और ऐसे शेयरधारकों ने वी.सी. / ओ.ए.वी.एम. सुविधा द्वारा बैठक में भाग नहीं लिया है तो ऐसे शेयरधारकों द्वारा किए गए मतदान को अवैध माना जाएगा क्योंकि बैठक के दौरान ई–मतदान की सुविधा केवल ऐसे शेयरधारकों के लिए उपलब्ध होगी जो बैठक में शामिल हुए हैं।

4. जिन शेयरधारकों ने दूर से ई–मतदान द्वारा मतदान किया है, वे ए.जी.एम. में शामिल होने के लिए पात्र होंगे। हालांकि, वे ए.जी.एम. में मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

5. **गैर–वैयक्तिक शेयरधारकों और अभिरक्षकों के लिए टिप्पणी**

- गैर–वैयक्तिक शेयरधारकों (जैसे व्यक्ति, एच.यू.एफ., एन.आर.आई. आदि के अलावा) और अभिरक्षकों को www.evotingindia.com में लॉग ऑन करना होगा और स्वयं को "कार्पोरेट मॉड्यूल" में दर्ज कराना होगा।

- पंजीकरण फार्म की स्कैन की गई प्रति जिसमें निकाय की मोहर और हस्ताक्षर होंगे, को ईमेल helpdesk.evoting@cdslindia.com में भेजी जाएगी।

- लॉगिन विवरण प्राप्त करने के बाद, एडमिन के लॉगिन और पासवर्ड का उपयोग करते हुए एक कमप्लायंस यूज़र बनाया जाएगा। कमप्लायंस यूज़र उस खाते / उन खातों को लिंक करेंगे जिनके लिए वे मतदान करना चाहते हैं।

- लॉगिन से जुड़े खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com में मेल की जाएगी और खातों को अनुमोदित किए जाने पर वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

- बोर्ड के संकल्प और मुख्तारनामे (पी.ओ.ए.) जिसे उन्होंने अभिरक्षक, यदि कोई हो, के पक्ष में जारी किया है, की स्कैन की गई प्रति सत्यापन करने के लिए सिस्टम में पीडीएफ फार्मेट में संवीक्षक के लिए अपलोड की जाएगी।

- वैकल्पिक रूप से, गैर–वैयक्तिक शेयरधारकों को विधिवत् प्राधिकृत हस्ताक्षरी, जो मतदान करने के लिए प्राधिकृत हैं, की अनुप्रमाणित नमूने के हस्ताक्षर के साथ बोर्ड के संबंधित संकल्प / प्राधिकरण पत्र संवीक्षक और कंपनी को इमेल पता cosecy_crp@itiltd.co.in पर भेजना होगा, यदि उन्होंने वैयक्तिक टैब से मतदान किया है और उसका सत्यापन कराने के लिए संवीक्षक हेतु सी.डी.एस.एल. की ई–मतदान प्रणाली में अपलोड नहीं किया है ।

6. यदि आप ई–मतदान के संबंध में कुछ जानना या पूछना चाहते हैं तो www.evotingindia.com में सहायता खंड में उपलब्ध फ्रीक्वेंटी आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफ.ए.क्यू.") और ई–मतदान मैनुअल देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ईमेल भेज सकते हैं या 1800225533 पर कॉल कर सकते हैं।

7. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा मतदान करने की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें या जिन सदस्यों को ए.जी.एम. से पहले या उसके दौरान किसी तकनीकी सहायता की ज़रूरत हो, वे श्री राकेश दलवी, प्रबंधक (सी.डी.एस.एल.), सेंट्रल डिपोज़िटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोवर परेल (पूर्व), मुंबई – 400013 से संपर्क कर सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल कर सकते हैं या 1800225533 पर कॉल कर सकते हैं।

अन्य अनुदेश

1. संवीक्षक ए.जी.एम. में मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद, सबसे पहले ए.जी.एम. में किए गए मतदान की गणना करेंगे और उसके बाद सुदूर ई–मतदान द्वारा किए गए मतों को खोलेंगे और ए.जी.एम. समाप्त होने के अधिकतम 48 घंटों के भीतर पक्ष और विपक्ष, यदि कोई हो, में डाले गए कुल मतों की समेकित संवीक्षक रिपोर्ट अध्यक्ष को या उनके द्वारा लिखित रूप में अधिकृत व्यक्ति, जो रिपोर्ट पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे, को पेश करेंगे।

2. संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.itiltd.in पर और सी.डी.एस.एल. की वेबसाइट www.evotingindia.com पर तुरंत डाले जाएँगे। इसके साथ ही कंपनी परिणामों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया और बी.एस.ई. लिमिटेड, जहाँ कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, को अग्रेषित करेगी।

दस वर्ष के संक्षिप्त आंकड़े

करोड़ रु. में

परिचालन परिणाम	2019–20	2018–19	2017–18	2016–17	2015–16	2014–15	2013–14	2012–13	2011–12	2010–11
सेवाओं सहित बिक्री	**2403**	1894	1703	1611	1253	620	770	921	993	2139
स्टॉक में अभिवृद्धि / (ह्रास)	**40**	11	(12)	18	0	(2)	(2)	(11)	3	(87)
उत्पादन मूल्य	**2443**	1905	1691	1629	1253	618	768	910	996	2052
अन्य आय**	**184**	336	381	542	598	86	40	33	34	78
प्रत्यक्ष सामग्री	**508**	605	545	605	670	185	137	235	315	1662
संस्थापन एवं अनुरक्षण पर प्रभार	**1113**	784	526	642	318	214	382	409	422	190
कर्मचारी लागत **	**231**	204	226	301	332	321	337	393	402	389
मूल्यह्रास	**42**	37	25	17	13	15	17	18	21	22
वित्तपोषण व्यय	**141**	106	153	153	157	157	122	85	85	80
स्थापना और रखरखाव को छोड़कर अन्य आय पर कम शुल्क	**441**	412	367	187	124	110	159	163	154	148
लाभ	**151**	93	230	266	238	(298)	(346)	(360)	(369)	(361)
पूर्व अवधि समायोजन	**–**	–	–	–	–	1	2	48	(1)	3
असाधारण मद	**–**	–	–	–	–	–	–	130	–	–
कराधन के पहले लाभ	**151**	93	230	266	238	(297)	(344)	(182)	(370)	(358)
कर / आस्थगित कर / एफआरबी के लिए प्रावधान	**–**	–	–	–	–	–	–	–	–	–
जोड़े : पिछले वर्षों हेतु प्रस्तावित कर अधिक समय के लिए आवश्यक नहीं	**–**	–	–	–	–	–	–	–	–	–
कराधन के बाद लाभ	**151**	93	230	266	238	(297)	(344)	(182)	(370)	(358)
अन्य व्यापक आय	**4**	18	5	39	17	–	–	–	–	–
अवधि के लिए कुल व्यापक आय (व्यापक लाभ/ (हानि) अवधि के लिए अन्य व्यापक आय)	**155**	111	235	305	255	–	–	–	–	–

वित्तीय स्थिति	2019–20	2018–19	2017–18	2016–17	2015–16	2014–15	2013–14	2012–13	2011–12	2010–11
इक्विटी	**925**	897	760	560	288	288	288	288	288	288
अधिमान शेयर *		–	–	–	–	300	300	300	300	300
अधिमान शेयर - आवेदन		–	–	–	–	–	–	–	–	–
पैसा प्राप्त आबंटन लंबित	**–**	55	137	–	192	192	–	–	–	–
आरक्षित निधि तथा अधिशेष	**3282**	2847	2824	2814	2769	2735	2718	2709	2700	2701
पुनर्मूल्यांकन आरक्षित	**2330**	2335	2339	2348	2354	2360	2374	2390	2406	2424
बट्टे खाते में डाले गए विविध व्यय		–	–	–	–	–	–	–	–	–
लाभ और हानि लेखा (नामे)	**4206**	4340	4432	4663	4929	5166	4869	4527	4345	3975
निवल मूल्य निधि पुनर्मूल्यांकन	**2331**	1794	1628	1059	674	713	819	1172	1413	1807
आरक्षित के साथ बट्टे खाते में डाले गए डीआरई पर पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निवल मूल्य निधि	**1**	(541)	(711)	(1289)	(1680)	(1647)	(1555)	(1218)	(993)	(617)
सहायता अनुदान	**–**	–	–	–	–	4	8	12	64	69
बांड	**–**	–	–	–	–	–	–	2	2	2
अन्य उधार और आस्थगित ऋण	**1036**	959	926	879	839	921	876	606	483	341
सकल ब्लाक #	**2814**	2775	2663	2524	3737	3690	3696	3695	3691	3684
मूल्यह्रास #	**121**	80	43	18	1279	1267	1243	1210	1175	1137
निवल ब्लाक	**2693**	2695	2620	2506	2458	2423	2453	2485	2516	2547
पूँजीगत चालू वर्ष	**189**	165	149	102	92	33	21	1	2	7
परिसंपत्तियाँ, ऋण तथा अग्रिम: (चालू और गैर-चालू)										
मालसूची	**173**	149	156	142	104	93	96	105	113	118
देनदार	**3120**	2659	3086	2196	2743	2219	2152	4067	4268	4979
अन्य	**1509**	1292	996	566	436	572	366	348	333	409
कुल	**4802**	**4100**	**4238**	**2904**	**3283**	**2884**	**2614**	**4520**	**4714**	**5506**

वर्ष 2017-18, 2016-17, 2015-16, 2014-15, 2013-14, 2012-13 और 2011-12 के उत्पाद शुल्क और सेवाएं कर, कुल बिक्री और उत्पादन मूल्य, के साथ सम्मिलित है, जबकि शेष वर्षों के लिए केवल उत्पाद शुल्क सम्मिलित है। वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए उत्पादन का कुल बिक्री और मूल्य में केवल जीएसटी शामिल है।

* 2012-13 के कुछ आंकड़ों को संशोधित अनुसूची-III के अनुसार पुर्नवर्गीकृत किया गया है ।

** भारत सरकार से प्राप्त वित्त पोषित वीआरएस के खाते में वित्तीय वर्ष 2019-20, वित्तीय वर्ष 2017-18 और वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए 4.39 करोड़ रुपये 2.86 करोड़ रुपये और 33.72 करोड़ रुपये कर्मचारियों की लागत और अन्य आय शामिल हैं।

आईएनडी एएस कार्यान्वयन के कारण 01.04.2016 से, खातों की किताबों में समेकित लागत के रूप में शुद्ध वाहक मूल्य लिया गया है ।

वित्तीय स्थिति	2019–20	2018–19	2017–18	2016–17	2015–16	2014–15	2013–14	2012–13	2011–12	2010–11
देयता और प्रावधान (चालू और गैर-चालू) $	**4138**	3907	4153	3274	4021	3406	3393	5227	5335	5911
कार्यशील पूँजी	**(407)**	(498)	(642)	(1054)	(1478)	(1311)	(1501)	(1259)	(621)	(405)
प्रयुक्त पूँजी (निवल स्थाायी परिसंपत्तियाँ + कार्यशील पूँजी)	**2286**	2197	1978	1452	980	1112	952	1226	1895	2142
निधियों के स्रोत:										
शेयरधारकों का निधि	**2331**	1794	1628	1059	674	713	819	1172	1413	1807
उधार	**1216**	1259	1226	1179	1139	1223	876	608	485	343
निवल गैर चालू देयताएं	**(36)**	268	199	195	98	131	155	57	–	–
आस्थगित कर	**–**	–	–	–	–	–	–	–	–	–
कुल	**3511**	**3321**	**3053**	**2433**	**1911**	**2067**	**1850**	**1837**	**1898**	**2150**
निधि का विनियोग										
निवल स्थाई परिसंपत्तियाँ	**2693**	2695	2620	2506	2458	2423	2453	2485	2516	2547
कार्यशील पूँजी (नकदी ऋण के अलावा)	**628**	460	283	(176)	(640)	(390)	(625)	(650)	(621)	(405)
पूँजीगत चालू कार्य	**189**	165	149	102	92	33	21	1	2	7
निवेश	**1**	1	1	1	1	1	1	1	1	1
कुल	**3511**	**3321**	**3053**	**2433**	**1911**	**2067**	**1850**	**1837**	**1898**	**2150**
वित्तीय अनुपात	**2019–20**	**2018–19**	**2017–18**	**2016–17**	**2015–16**	**2014–15**	**2013–14**	**2012–13**	**2011–12**	**2010–11**
कार्यशील पूँजी अनुपात										
चालू अनुपात	**0.92:1**	0.89:1	0.87:1	0.73:1	0.69:1	0.66:1	0.62:1	0.75:1	0.88:1	0.93:1
उत्पादन मूल्य के माह की सं. में कार्यशील पूँजी	**लागू नहीं**	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
उत्पादन मूल्य के माह की सं. में कार्यशील	**0.85**	0.94	1.11	1.05	1.00	1.81	1.50	1.38	1.36	0.69
विक्रय और सेवाओं के माह में देनदार (अग्रिम का निवल)	**12.26**	12.85	16.31	14.13	18.28	38.76	30.22	30.18	30.89	18.12
कार्यशील पूँजी से कुल परिसंपत्तियॉ। (%)	**लागू नहीं**	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
प्रत्यक्ष सामग्री की लागत से उत्पादन मूल्य उत्पाद शुल्क सहित (%)	**20.79**	31.76	32.23	37.14	53.47	29.94	17.84	25.82	31.63	80.99
प्रत्यक्ष सामग्री की लागत एवं संस्थापन प्रभार से उत्पादन मूल्य उत्पाद शुल्क सहित (%)	**66.35**	72.91	63.34	76.55	78.85	64.56	67.58	70.77	74.00	90.25
शेयरपूंजी अनुपात को ऋण	**2.30**	2.88	3.30	–	–	–	–	–	–	–
इक्विटी (आरओई)/ शुद्ध मूल्य अनुपात पर वापसी	**54.06**	(0.17)	(0.14)	–	–	–	–	–	–	–
निवल लाभ मार्जिन (%)	**7.33%**	5.55%	6.82%	–	–	–	–	–	–	–
देनदारी/ प्राप्य कुल बिक्री अनुपात	**0.71**	0.58	0.54	–	–	–	–	–	–	–
इन्वेंट्री कुल बिक्री अनुपात	**11.96**	11.90	9.48	–	–	–	–	–	–	–
ब्याज कवरेज/ऋण सेवा कवरेज अनुपात	**1.52**	1.01	1.01	–	–	–	–	–	–	–
परिचालन लाभ मार्जिन (%)	**7.82%**	1.00%	-3.25%	–	–	–	–	–	–	–
वित्तीय अनुपात	**2019–20**	**2018–19**	**2017–18**	**2016–17**	**2015–16**	**2014–15**	**2013–14**	**2012–13**	**2011–12**	**2010–11**
संवृद्धि अनुपात :										
उत्पादन मूल्य में वार्षिक संवृद्धि (%)	**28.24**	12.66	3.81	30.01	102.75	(19.53)	(15.60)	(8.63)	(51.46)	(55.68)
सकल निरुद्ध पूँजी में वार्षिक संवृद्धि पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर (%)$	**10.00**	35.80	84.09	(87.27)	3.98	(0.58)	0.10	0.39	0.68	0.29
अन्य आंकड़े	**2019–20**	**2018–19**	**2017–18**	**2016–17**	**2015–16**	**2014–15**	**2013–14**	**2012–13**	**2011–12**	**2010–11**
कुल विक्रय संघटन										
बीएसएनएल / एमटीएनएल	**309**	974	1188	1083	592	239	260	181	206	1963
अन्य	**2094**	920	515	528	661	381	510	740	787	176
कुल	**2403**	**1894**	**1703**	**1611**	**1253**	**620**	**770**	**921**	**993**	**2139**
मूल्य वृद्धि	**463**	276	324	283	177	153	164	166	164	328
31 मार्च तक कार्मिकों की संख्या	**3498**	3520	3576	4052	5229	6177	7311	8516	9512	10616
प्रति कार्मिक मूल्य वृद्धि (₹)	**1319464**	777903	849502	609848	310363	226868	207241	184158	162957	293473
प्रति कार्मिक उत्पादन वृद्धि (₹)	**6962097**	5369222	4433665	3510398	2197089	916370	970493	1009541	989666	1835995

$1. सरकारी अनुदान का अनुचित हिस्सा (अनुदान दस्तावेज की शर्तों के अनुसार) को अन्य इक्विटी से अलग वर्गीकृत किया जाता है और गैर-मौजूदा देनदारियों के रूप में दिखाया जाता है।

$2. चूंकि वरीयता शेयर गैर परिवर्तनीय और अतिदेय हैं, वही शेयर पूंजी से हटा दिया गया है और वर्तमान वित्तीय देयता के रूप में वर्गीकृत किया गया है। (कोष्ठक में प्रस्तुत आंकड़े ऋणात्मक आंकड़े है)

आँकड़े – एक झलक

करोड़ रु. में

तुलन पत्र	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
क. कंपनी स्वामित्व की संपत्तियाँ				
स्थाई परिसंपत्तियाँ		2814		2775
घटाएं : मूल्यह्रास		121		80
निवल ब्लाक		2693		2695
पूँजीगत चालू कार्य		189		165
निवेश				1
चालू परिसंपत्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम	4444		4097	
	4851		4596	
घटाएं : चालू देयताएं		(407)		(499)
		358		2
जोड़े: गैर–चालू परिसंपत्तियाँ,		2833		2364
ख. घटाएं कंपनी की देनदारियाँ				
गैर – चालू देयताएं		502		570
ग. शेयरधारकों की निधि (क) – (ख)		2331		1794
निम्नलिखित द्वारा अधिशेष :				
शेयर पूँजी		925		897
आरक्षित निधि तथा अधिशेष	3282		2902	
पुनर्मूल्यांकन आरक्षित	2330		2335	
अनुदान सहायता	0		0	
घटाएं : लाभ और हानि खाता (डेबिट)	4206		4340	
		1,406		897
		2,331		1,794

करोड़ रु. में

लाभ और हानि लेखा	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
(क) कंपनी अर्जन		
सेवाओं सहित विक्रय (जीएसटी सहित)	2,403	1,894
अन्य आय*	184	336
प्रक्रियाधीन कार्य भंडार माल और विनिर्मित घटक में वृद्धि / (ह्रास)	40	11
	2,627	2,241
(ख) कंपनी का व्यय		
सामग्री	1,621	1,389
कर्मचारी लागत*	231	204
मूल्यह्रास	42	37
वित्तपोषण व्यय	141	106
अन्य व्यय (जीएसटी सहित)	441	412
	2,476	2,148
(ग) कर (क–ख) पूर्व लाभ/(हानि)	151	93
(घ) घटाएं : कराधान का प्रावधान	0	0
(ङ) कर के बाद लाभ**	151	93
(च) अन्य व्यापक आय	4	18
(छ) अवधि के लिए कुल व्यापक आय (व्यापक लाभ/(हानि) और अवधि के लिए अन्य व्यापक आय)	155	111

* भारत सरकार से प्राप्त वित्त पोषित वीआरएस के खाते में 4.39 करोड़ रुपये कर्मचारी लागत और अन्य आय शामिल हैं ।

**151 करोड़ रुपए का लाभ और 93 करोड़ रुपए लाभ क्रमश: 85.40 करोड़ रुपए और अनुदान में शून्य रुपए की सहायता के बिना है।

करोड़ रु. में

निधियों के स्रोत और उपयोग	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
निधियों के स्रोत		
1. मूल्य ह्रास	**42**	37
2. उधार में वृद्धि	**77**	32
3. कार्यशील पूँजी में कटौती	**0**	0
4. प्राप्त राजस्व अनुदान सहायता	**85**	0
5. प्राप्त पूँजीगत अनुदान सहायता	**414**	55
6. गैर–चालू देयताओं में वृद्धि	**0**	65
7. गैर मौजूदा परिसंपत्ति में कमी	**0**	5
8. क) कर पूर्व लाभ*	**66**	93
ख) अन्य व्यापक आय	**4**	18
	688	305
निधियों के उपयोग		
1. करोपरांत हानि	**0**	0
2. उधार में कमी	**0**	0
3. कार्यशील पूँजी में वृद्धि	**191**	177
4. स्थाई परिसंपत्तियाँ	**71**	128
5. प्रयुक्त पूँजीगत सहायता अनुदान	**0**	0
6. प्रयुक्त राजस्व सहायता अनुदान	**0**	0
7. गैर चालू देयताओं में कमी	**68**	0
8. गैर–मौजूदा परिसंपत्तियों में वृद्धि	**358**	0
	688	305

नोट:

*66 करोड़ रुपए का लाभ और 93 करोड़ रुपए का लाभ क्रमश: 85.40 करोड़ रुपए और अनुदान में शून्य रुपए की सहायता के बिना है ।

निदेशकों का प्रतिवेदन

प्रिय शेयरधारकों,

निदेशक मंडल की 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के साथ लेखा परीक्षक रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा लेखों पर टिप्पणी के साथ-साथ कंपनी के व्यावसायिक संचालन पर 70वीं निदेशकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हमें बेहद हर्ष है ।

फरवरी 2014 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा कंपनी के लिए अनुमोदित पुनरुद्धार योजना के अनुसार, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019-20 तक 1892.79 करोड रूपये अनुमोदन सहायता के रूप में और 769.00 करोड़ रुपये की कैपेक्स निधि इक्विटी के रूप में (2264 करोड़ रुपये की अनुमोदित राशि में से) प्राप्त किया । वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 105 करोड़ रुपये केपेक्स निधि के रूप में प्राप्त हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजह में 105 करोड़ रुपये कैपेक्स निधि के रूप में आबांटित किया गया ।

आईटीआई की विभिन्न यूनिटों में विनिर्माण अवसंरचना के उन्नयन के लिए कैपेक्स निधि का निवेश किया गया ताकि दूरसंचार उद्योग में उभरती प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता को पूरा किया जा सके । इन परियोजनाओं से आईटीआई को अपनी विनिर्माण ताकत दोबारा हासिल करने में मदद मिली। पुनरुद्धार पैकेज निधियों के तहत स्थापित अत्याधुनिक अवसंरचना ने भारत सरकार के मेक इन इंडिया मिशन के तहत घरेलू बाज़ार की माँगों को पूरा करने के लिए विनिर्माण शक्तियों को बढ़ावा दिया है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 से लाभ की घोषणा कर रही है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी की निवल मालियत धनात्मक हुई है।

वित्तीय कार्य-निष्पादन

पिछले वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी (एकल आधार पर) का निष्पादन निम्नानुसार रहा :

(करोड़ रु. में)

क्र सं	विवरण	2019-20	2018-19
1	सेवाओं सहित विक्रय	2403	1894
2	उत्पादन मूल्य	2443	1905
3	कर से पहले हानि/लाभ	151	93
4	करोपरांत हानि/लाभ	151	93
5	अन्य व्यापक आय	4	18
6	कुल व्यापक आय	155	111
7	वित्तपोषण व्यय	141	106
8	मूल्यह्रास	42	37
9	प्रयुक्त पूँजी (निवल स्थाई परिसंपत्तियाँ + कार्यशील पूँजी)	2286	2197
10	अनुसंधान एव ंविकास व्यय	14	22

समेकित आधार पर, वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रचालनों से कुल राजस्व वित्तीय वर्ष 2018-19 के 1668.37 करोड़ रुपये की तुलना में 2058.87 करोड़ रुपये था । वित्तीय वर्ष 2018-19 के 92.54 करोड़ रुपये के पीबीटी और पीएटी के समक्ष वित्तीय वर्ष 2019-20 का पीबीटी और पीएटी 150.86 करोड़ रुपये रहा।

प्रचालनीय कार्य-निष्पादन

कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान 1894 करोड़ रुपये की बिक्री के समक्ष वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 2403.45 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की है। पिछले नौ वर्षों में यह उल्लेखनीय रूप से सर्वोच्च कारोबार है। आईटीआई लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए 150.86 करोड़ रुपये के कर पश्चात् लाभ (पीएटी) की घोषणा की है जो पिछले वर्ष 2018-19 के 92.54 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 63.02% अधिक है।

प्रमुख बातें

वित्तीय वर्ष 2019-20 के कुल बिक्री में मुख्य रूप से भारतनेट चरण II परियोजनाओं का निष्पादन जैसे गुजनेट और महानेट परियोजनाएँ, नेटवर्क फॉर स्पेक्ट्रम (एनएफएस) परियोजना, निगमित विपणन और एमएसपी कार्यालयों द्वारा किया गया कारोबार, एचडीपीई पीएलबी टेलीकॉम डक्ट का निर्माण, रक्षा क्षेत्र के साथ किया गया कारोबार जैसे एस्कॉन चरण III एएमसी, रक्षा उत्पाद की आपूर्तियाँ और उनकी एएमसी, एमएलएलएन परियोजनाओं की एएमसी से संबंधित बीएसएनएल और एमटीएनएल के साथ किया गया कारोबार, एनजीएन की एएमसी, वाईफाई हॉटस्पॉट की संस्थापना और कार्यारंभ, डेटा सेंटर का कारोबार और ईईएसएल को स्मार्ट एनर्जी मीटर की आपूर्ति, मिनी पीसी की आपूर्ति, सोलर पैनर का निर्माण, सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति,ईएमआई/ईएमसी लैब सेवाएं,झारखंड और ओडीशा राज्यों में भारतनेट चरण II की परियोजनाओं की तृतीय पक्षकार लेखा परीक्षा, ई-गवर्नेंस और आधार आधारित सेवाएं, 3 डी प्रिंटिंग सेवाएं, कंपोनेंट स्क्रीनिंग, मॉड्यूल असेंबली और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के लिए परीक्षण सेवाएं आदि शामिल हैं।

कंपनी भारत सरकार की प्रमुख परियोजना "भारत नेट" जैसे राष्ट्रीय महत्व की टर्नकी परियोजनाओं को लागू कर रही है, जिसका लक्ष्य भारत के 2.5 लाख ग्राम पंचायतों में उच्च गति की ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है । भारतनेट चरण I और II के तहत, आईटीआई ने 2073 जीपॉन ओएलटी और 51369 ओएनटी का सफलतापूर्वक निर्माण, आपूर्ति और कमीशन किया है। आईटीआई भारतनेट चरण II परियोजना के तहत गुजनेट और महानेट के आदेशों पर कार्य कर रही है। संपूर्ण गुजरात राज्य में ब्रॉड बैंड कनेक्टिविटी समाधानों के कार्यान्वयन और रखरखाव के लिए गुजरात फाइबर ग्रिड नेटवर्क लिमिटेड (जीएफजीएनएल) से 1417 करोड़ रुपये मूल्य का आदेश प्राप्त हुआ है। आईटीआई ने अब तक 1070 करोड़ रुपये कुल मूल्य का आदेश निष्पादित कर दिया है जिसके समक्ष 2018-19 में 13.39 करोड़ रुपये, 2019-20 में 1056.68 करोड़ रुपये और 2020-21 में 17.32 करोड़ रुपये के आदेश मूल्य निष्पादित किए गए । संपूर्ण महाराष्ट्र राज्य में ब्रॉड बैंड कनेक्टिविटी समाधान के कार्यान्वयन के लिए महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी निगम लिमिटेड (एमआईटीसीएल) से 3111.66 करोड़ रुपये मूल्य का आदेश प्राप्त हुआ है । आईटीआई ने अब तक 1381.43 करोड़ रुपये कुल मूल्य का आदेश निष्पादित कर दिया है।

आईटीआई को ओडीशा और झारखंड राज्यों में भारतनेट चरण II परियोजना के कार्यान्वयन के लिए तृतीय पक्षकार लेखा परीक्षा सेवाएँ (टीपीए) प्रदान करने के लिए 18.06 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश भी मिले हैं । इसके अलावा, आईटीआई को 15 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की टीपीए सेवाओं के लिए बीबीएनएल से 11.64 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश भी मिले हैं ।

निष्पादित की जा रही अन्य महत्वपूर्ण परियोजना भारत के रक्षा बलों के लिए 2985 करोड़ रुपये की एनएफएस (नेटवर्क फॉर स्पेक्ट्रम) परियोजना है जिसमें ऑप्टिकल फायबर केबल, पीएलबी एचडीपीई डक्ट और देश के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में टर्नकी आधार पर अनन्य ऑप्टिकल एनएलडी बैकबोन तथा ऑप्टिकल एक्सेस रूट का निर्माण करने के सहायक उपकरणों की आपूर्ति, ट्रेंचिंग, बिछाने, स्थापना, परीक्षण और रखरखाव शामिल है। आईटीआई ने लगभग 13,539 किलो मीटर लंबे ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के लिए इन 2 क्षेत्रों का आदेश प्राप्त किया है। कुल 13,539 किलो मीटर केबल बिछाने में से, लगभग 11475 किलो मीटर एफ और जी पैकेज दोनों में रखे गए हैं। आईटीआई ने 85% काम पहले ही पूरा कर लिया है और वित्तीय वर्ष 2020-21 तक पूरी परियोजना का काम पूरा कर लिया जाएगा ।

रक्षा के मोर्चे पर,कंपनी आर्मी स्टेटिक स्विचड कम्युनिकेशन नेटवर्क (एस्कॉन) चरण IV परियोजना के मेगा टेंडर में जीत हासिल किया है और भारत भर में रक्षा बल के लिए सेना के आधुनिक संचार नेटवर्क के चरण IV की तैनाती और अनुरक्षण के लिए रक्षा मंत्रालय से 7796 करोड़ रुपये मूल्यवाले आदेश प्राप्त हुआ है। उक्त परियोजना में बुनियादी ढांचे और ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, आईपी एमपीएलएस राउटर जैसे उपकरणों के संस्थापन, कमीशनिंग और अनुरक्षण, माइक्रोवेव रेडियो, सैटेलाइट टर्मिनल, एनएमएस और परीक्षण उपकरण शामिल हैं।

रक्षा क्षेत्र और अन्य रक्षा एजेंसियों के लिए आवश्यक एन्क्रिप्टेड दूरसंचार उपकरणों का विनिर्माण भी हाल के वर्षों में कंपनी का एक प्रमुख लक्ष्य रहा है। आईटीआई को रक्षा की एनएफएस परियोजना और 1 जीबी आईपी एन्क्रिप्शन के तहत मल्टी-चैनल एन्क्रिप्शन यूनिटों (एमसीईयू) की डिजाइन, विकास, विनिर्माण, आपूर्ति और एएमसी के लिए रक्षा से क्रय आदेश प्राप्त हुआ है और यह परियोजना प्रगति में है । इसके अलावा, आईटीआई के पास 48 1जीबी आईपी एन्क्रिप्टर्स की आपूर्ति और एएमसी के लिए आदेश हैं । आईटीआई को गृह मंत्रालय (एमएचए) से आईपी एन्क्रिप्टरों और उनके सहायक उपकरणों की आपूर्ति और एएमसी के लिए आदेश प्राप्त हुए हैं। आईटीआई रक्षा क्षेत्र के एन्क्रिप्शन उपकरणों की आपूर्ति के लिए अधिक निविदाओं के लिए बोली लगा रही है।

आईटीआई को राज्य की नोडल एजेंसी (एसएनए) के रूप में उत्तराखंड राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूआरईडीए) की ओर से, सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइन प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना और एएमसी के लिए ईईएसएल से 40.41 करोड़ रुपये मूल्य का आदेश प्राप्त हुआ है।

कंपनी को महानेट परियोजना के लिए 10,000 किलो मीटर के एचडीपीई पीएलबी दूरसंचार डक्ट और 20,000 सोलर पैनल के निर्माण और आपूर्ति के लिए 61.36 करोड़ रुपये और 6.72 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश भी प्राप्त हुए हैं। आईटीआई ने अब तक 6700 किलो मीटर एचडीपीई डक्ट और 9500 नग सोलर पैनल की आपूर्ति की है।

आईटीआई ने विविध उत्पादों/सेवाओं/समाधानों में विविधीकरण करने का भी प्रयास किया है जैसे ओएफसी/एचडीपीई डक्ट निर्माण, स्मार्ट कार्ड निर्माण, रेडियो मॉडेम, वाई-फाई हॉट स्पॉट, डेटा सेंटर सेवाएँ, एसएएएस, आधार आधारित प्रमाणीकरण सेवाएं आदि, आई.ओ. टी. कारोबार के उत्पाद/ समाधान, कम्पोनेंट स्क्रीनिंग, इसरो के लिए वैमानिकी मॉड्यूलों का निर्माण और आपूर्ति, मिनी पीसी, स्मार्ट एनर्जी मीटर निर्माण, स्विच मोड पॉवर आपूर्ति

(एसएमपीएस), 3 डी प्रिंटिंग सेवाएँ, ईएमआई / ईएमसी, सुरक्षा प्रयोगशाला सेवाएं, सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन (एसएनवीएम), स्मार्ट पार्सल डिलीवरी सिस्टम आदि।

आईटीआई रक्षा क्षेत्र में ऐसी अनेक निविदाओं में और स्मार्ट सिटी परियोजना, वाईफाई एक्सेस पॉइंट, एचडीपीई पाइप निर्माण, ओएनटी / ओएलटी आदि की आपूर्ति आदि जैसी अन्य निविदाओं में भी भाग ले रही है। ओएफसी केबलों और ओएफसी लैइंग की आपूर्ति के लिए आईटीआई बीएसएनएल की निविदाओं, एयरटेल एफटीटीएच की आवश्यकताओं, तमिलनाडु निविदा आदि जैसी विभिन्न निविदाओं में भी भाग ले रही है। आई टी आई ने एस्कॉन चरण IV के बड़े आदेश के समक्ष 11000 किलोमीटर के ओएफसी केबलों के निर्माण और आपूर्ति की योजना बनाई है। आईटीआई ने चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विकास में भी विविधीकरण किया है। कोविड–19 की मौजूदा महामारी के विरुद्ध अपनी लड़ाई में भारत सरकार के प्रयास के तहत, आईटीआई फेस शील्ड, फेस मास्क, फेस मास्क वेन्डिंग/डिस्पोज़ल मशीनें, मैनुअल हैंड सैनिटाइज़िंग डिस्पेंसर (पैडल चलित), स्वचालित हैंड सैनिटाइज़िंग डिस्पेंसर आदि का निर्माण और आपूर्ति कर रही है। आईटीआई को 16.71 लाख फेस शील्ड की आपूर्ति करने के लिए 6.45 करोड़ रुपये मूल्य का आदेश प्राप्त हुआ है और इसकी आपूर्ति प्रगति में है। आईटीआई ने सिंगल आउटलेट स्वचालित रीसस्टीटेटर–पोर्टेबल वेन्टीलेटरों और यू वी डिसइन्फेक्शन सिस्टम के विकास के लिए डीआरडीओ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किया है।

कंपनी का संपूर्ण निष्पादन इस प्रकार है:

(करोड़ रु. में)

क्रम. सं.	उत्पाद /परियोजनाएँ	2019–20 (जीएसटी सहित)	2018–19 (ईडी और सेवाकर और जीएसटी सहित)
1	गुजनेट	1056.68	13.31
2	महानेट	619.05	426.19
3	निगमित विपणन और एमएसपी	217.73	413.89
4	एनएफएस परियोजना	214.37	274.94
5	रक्षा व्यवसाय और एएमसी/एस्कॉन एएमसी	97.24	121.51
6	जीएसएम – दक्षिण अंचल एएमसी	36.02	46.08
7	एमएलएलएन/एसएसटीपी हेतु एमएलएलएन/एएमसी	28.00	72.48
8	एचडीपीई पाइप विनिर्माण	26.00	0.00
9	3 डी प्रिंटिंग, आधार आधारित व्यवसाय /मिनी पीसी / घटक स्क्रीनिंग / ई–गवर्नेंस परियोजना / विविध सेवाएं ।	18.29	9.69
10	डाटा सेन्टर	17.59	19.28
11	सीसीएमएस/ऑनलाइन आरपीएफ परीक्षा	15.33	39.14
12	ओसीबी एएमसी व्यवसाय	13.93	20.23
13	स्मार्ट एनर्जी मीटर	11.98	30.84
14	झारखंड और ओडिशा में भारत परियोजना के लिए टीपीए	9.75	0.00
15	एसएमपीएस एवं मरम्मत	5.41	11.55
16	एनजीएन एएमसी	5.15	6.98
17	वाई–फाई हॉटस्पॉट आई एवं सी	2.64	37.04
18	जीएसएम सुविधा	2.63	4.22
19	सोलर पैनल/सोलर स्ट्रीट लाइट	2.39	0.00
20	बैंकिंग उत्पाद/अनुबंध उत्पाद/सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन	1.84	20.97
21	जीपॉन(ओएनटी, ओएलटी, एसपीवी और आई एवं सी)	1.43	55.20
22	एनजीएन/सीपीएएन अनुबंध विनिर्माण	0.00	234.86
23	जीएसएम पश्चिम अंचल एएमसी	0.00	27.61
24	सी–डॉट एनआरएएक्स / पीसीएम एमयूएक्स–	0.00	8.01
	कुल	**2403.45**	**1894.02**

शेयर पूंजी :

वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी में कोई बदलाव नहीं हुआ। भारत सरकार के आदेश सं. 20–86 / 2014–एफएसी–II दिनांक 29 अगस्त 2019 को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) द्वारा अधिमान शेयरों को भुनाने के लिए कंपनी को सहायता के रूप में 300 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। तदनुसार, निदेशक मंडल की मंजूरी के साथ, कंपनी ने अधिमान शेयरों के बाद भुनाया है:

(i) 1,00,00,000 8.75% संचयी प्रतिदेय अधिमान शेयर 100 रुपये प्रत्येक एमटीएनएल के बराबर;

(ii) 2,00,00,000 7.00% संचयी प्रतिदेय अधिमान शेयर 100 रुपये प्रत्येक बीएसएनएल के बराबर ;

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बीआईएफआर के आदेश के अनुसार, 23 मार्च 2020 को आयोजित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2018–19 और वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान भारत सरकार से प्राप्त 160 करोड़ रुपये के कैपेक्स अनुदान के समक्ष 56.90 रुपये (46.90 रुपये के प्रीमियम पर) की दर पर 2,81,19,508 इक्विटी शेयर (अंकित मूल्य10.00 रुपये प्रत्येक) आवंटित किए। तदनुसार, 31 मार्च, 2020 को चुकता इक्विटी शेयर पूँजी 8,97,00,00,000 रुपये से बढ़कर 9,25,11,95,080 रुपये हो गई।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने स्टॉक विकल्प या स्वेट इक्विटी शेयर नहीं दिए हैं । 31 मार्च 2020 के अनुसार कंपनी का कोई भी निदेशक कंपनी के किसी भी शेयर का धारण नहीं किया है।

आगे के सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ)

21 मार्च 2018 को सम्पन्न अपनी बैठक में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आईटीआई लिमिटेड के आगे के सार्वजनिक प्रस्ताव ("एफपीओ") को मंजूरी दे दी, जिसमें पुस्तक निर्माण प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित किए जानेवाले 10 रुपए के अंकित मूल्य के 18 करोड़ के ताजा इक्विटी शेयर जारी करने से संबंधित है । इसके अतिरिक्त, फ्रेश इश्यू टू पब्लिक (18 करोड़ इक्विटी शेयर) के 5% तक अतिरिक्त इक्विटी शेयर कंपनी के कर्मचारियों के लिए आरक्षित होंगे । एफपीओ का उद्देश्य नई परियोजनाओं के लिए कार्यशील पूंजी जुटाना, अपने ऋण दायित्वों को कम करना और सेबी की न्यूनतम 25% सार्वजनिक शेयरधारण की आवश्यकता को पूरा करना है ।

सक्षम प्राधिकारियों के अनुमोदन से कंपनी ने 24 जनवरी 2020 को इश्यू पेश किया जिसे 05 फरवरी 2020 तक दो बार बढ़ाया गया । निदेशक मंडल ने 22 जनवरी 2020 को आयोजित बैठक में एफपीओ के माध्यम से प्रस्तावित शेयरों की मूल्य सीमा तय कर 72 रुपये – 77 रुपये कर दी जिसे संशोधित कर 71 रुपये – 77 रुपये किया गया। हालांकि, बाजार की मौजूदा स्थितियों के कारण, एफपीओ को 05 फरवरी 2020 को वापस ले लिया गया।

कंपनी सेबी की न्यूनतम 25% सार्वजनिक शेयरधारिता आवश्यकता को पूरा करने के लिए निधि जुटाने के विकल्प तलाश रही है।

लाभांश

जैसा कि आपकी कंपनी अभी भी घाटे में है, निदेशक,वर्ष 2019–20 के लिए किसी भी लाभांश की सिफारिश करने की स्थिति में नहीं हैं।

आरक्षित

जैसा कि कंपनी ने अभी भी संचित घाटे में है, उसने किसी भी राशि को आरक्षित में स्थानांतरित नहीं किया है।

उत्पादन संयंत्रों और सेवा इकाइयों का परिचालनीय प्रदर्शन:

बेंगलूरु संयंत्र

I. कार्य–निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2019–20 में, बेंगलूरु संयंत्र ने 710.89 करोड़ रुपये का कुल बिक्री हासिल किया। इस कुल बिक्री में ग्राहकों को प्रदान की गई आपूर्ति, परियोजनाएं और सेवाएं शामिल हैं ।

* आपूर्ति शीर्ष के तहत–रक्षा के लिए 2.50 करोड़ रुपये मूल्य के गुप्तता उपकरण, पीएसयू/निजी कंपनियों के लिए 0.97 करोड़ रुपये मूल्य के संविदा निर्माण, पीएसयू, चिकित्सा संस्थानों, निजी कंपनियों के लिए 0.45 करोड़ रुपये की 3 डी प्रिंटिंग की आपूर्ति संयंत्र द्वारा की गई।
* परियोजना शीर्ष के तहत–यूनिट ने महानेट परियोजना के तहत 619.05 करोड़ रुपये मूल्य का कार्य–निष्पादन किया।
* सेवा शीर्ष के तहत – यूनिट ने 36.02 करोड़ रुपये मूल्य का जीएसएमएसज़ेड की एएमसी का कार्य निष्पादित किया; 10.45 करोड़ रुपये मूल्य का रक्षा की एएमसी; 5.15 करोड़ रुपये मूल्य के एनजीएन उपकरण की एएमसी; 17.59 करोड़ रुपये मूल्य की डेटा सेंटर सेवाएँ; ईईएसएल के लिए 14.40 करोड़ रुपये मूल्य की एलईडी स्ट्रीट लाइटों के लिए केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस) की

स्थापना और कार्यारंभ; बीएसएनएल के लिए 2.64 करोड़ रुपये मूल्य के वाईफाई हॉटस्पॉट की स्थापना और कमीशनिंग, 0.74 करोड़ रुपये मूल्य का आधार आधारित व्यावसायिक सेवाएँ; 0.93 करोड़ रुपये मूल्य के आरपीएफ के लिए ऑनलाइन परीक्षा ।

II. वर्ष 2019–20 के दौरान निष्पादित/ निष्पादन के तहत परियोजनाएँ

* भारतनेट चरण–।। परियोजना के लिए महानेट
* डाटा सेंटर सर्विस
* रक्षा व्यवसाय/एएमसी
* सीसीएमएस/ऑनलाइन आरपीएफ परीक्षा
* जीएसएम दक्षिण क्षेत्र एएमसी / एनजीएन एएमसी
* आधार आधारित सेवाएं
* 3डी प्रिंटिंग
* वाई–फाई हॉटस्पॉट

III. वर्ष 2019–20 के लिए बेंगलूरु यूनिट की मुख्य बातें :

भारतनेट चरण–II परियोजना के लिए महानेट :

आईटीआई को महाराष्ट्र राज्य में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए महानेट–I (भारतनेट–II) परियोजना के पैकेज ए और सी के कार्यान्वयन के लिए, महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी निगम लिमिटेड से आदेश मिला है।

इस परियोजना में ओएफसी (23300 किलो मीटर भूमिगत, 14400 किलो मीटर एरियल केबल) बिछाना और आईपी एमपीएलएस, माइक्रोवेव रेडियो, वाई–फाई हॉटस्पॉट, नेटवर्क ऑपरेटिंग सेंटर (एनओसी) की स्थापना शामिल है। इस परियोजना का कुल मूल्य लगभग 3111.66 करोड़ रुपये है। आईटीआई ने इस परियोजना को कुल 1381.43 करोड़ रुपये निष्पादित किया है। इसमें से, 419.19 करोड़ रुपये के आदेश 2018–19 में और 619.05 करोड़ रुपये के आदेश वर्ष 2019–20 के दौरान तथा 343.19 करोड रूपये के आदेष 2020–21 में निष्पादित किए गए । अब तक, 10357 किलो मीटर की टी एंड डी, 5784 किलो मीटर की फाइबर ब्लोइंग, कुल 1873 किलो मीटर की एरियल रूटिंग और कुल 265 जीपी बिछाई गई है।

डेटा केंद्र सेवाएं :

वर्तमान में आईटीआई के बेंगलूरु संयंत्र में वर्ष 2009 से इसका अत्याधुनिक स्तर 3 + अनुरूप डेटा केंद्र वर्तमान में 2,00,000 वर्ग फीट से अधिक जगह पर फैला हुआ है जिसमें 350 रैक क्षमता की विश्व–स्तरीय सुविधाएँ मौजूद हैं। यहाँ अत्यधिक सुरक्षित और स्थिर परिवेश में स्टार्ट–अप ग्राहकों के साथ–साथ पीएसयू, बैंकों, कार्पोरेट और निजी कंपनियों को कोलोकेशन (होस्टिंग), व्यवस्थित बैंडविड्थ और ईमेल सेवा जैसी विभिन्न सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। कंपनी दो चरणों में अतिरिक्त 1000 रैक क्षमता स्थापना करते हुए इस डेटा सेंटर का विस्तार कर रही है। 343 रैक का प्रावधान करते हुए चरण I का कार्य पहले ही पूरा कर दिया गया है और 343 रैक के लिए टीआईए 942–बी स्तर–3/श्रेणी–3 का प्रमाण–पत्र 15 अक्तूबर 2020 को प्राप्त हुआ है। 343 रैक का प्रावधान करते हुए चरण I का कार्य पहले ही पूरा कर दिया गया है और 343 रैक के लिए टी.आई.ए. 942–बी स्तर–3/श्रेणी–3 का प्रमाण–पत्र 15 अक्तूबर 2020 को प्राप्त हुआ है। विद्यमान सेवाओं के अलावा, एसएएएस, पीएएएस और एलएएएस जैसी सुरक्षित क्लाउड सेवाएँ भी इस नए डेटा केंद्र द्वारा प्रस्तुत की जा रही हैं। विद्यमान डेटा केंद्र सेवाओं से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल कारोबार 17.59 करोड़ रुपये रहा।

रक्षा परियोजनाएँ/ एएमसी :

आईटीआई को रक्षा की एनएफएस परियोजना के तहत 710 मल्टी–चैनल एन्क्रिप्शन यूनिटों (एमसीईयू) की आपूर्ति और एएमसी के लिए 85 करोड़ रुपये का आदेश प्राप्त हुआ ।

आईटीआई को अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) – एड्रिन से 48 1जीबी आईपी एन्क्रिप्टर की आपूर्ति और रखरखाव के लिए 4.41 करोड़ रुपये मूल्य का आदेश मिला है। उपर्युक्त के अलावा, आईटीआई को गृह मंत्रालय (एमएचए), भारत सरकार से 860 आईपी एन्क्रिप्टर की आपूर्ति और एएमसी के लिए 25.48 करोड़ रुपये मूल्य का भी आदेश मिला है । सभी आदेश निष्पादन के अधीन हैं। रक्षा के लिए आपूर्ति किए गए उपकरणों हेतु आईटीआई ने 10.45 करोड रूपये के एएमसी के आदेश निष्पादित किए ।

3 डी प्रिंटिग :

3 डी प्रिंटिंग एक क्रांतिकारी निर्माण विधि है जिसके द्वारा हम आर एंड डी प्रोटोटाइप के लिए विभिन्न प्रकार के तीन आयामी (ठोस) भागों का निर्माण कर सकते हैं; यह प्रस्तुति मॉडल, विस्तृत प्रोटोटाइप और विनिर्माण उद्योगों के लिए मास्टर पैटर्न, चिकित्सा उद्देश्य आदि के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है। बेंगलूरु संयंत्र में पॉली जेट और एफडीएम (फ्यूज्ड डिपोज़िशन मॉडलिंग) 3 डी प्रिंटर स्थापित किया गया है जो सीएडी फाइल का उपयोग कर विभिन्न सामग्रियों का प्रोटोटाइप बनाने में सक्षम है। संयंत्र ने इससे वित्तीय वर्ष 2019–20 में 0.45 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया ।

आधार प्रमाणीकरण सेवाएँ :

कंपनी आधार प्रमाणीकरण सेवाएं, ई–केवाईसी सेवाएं, प्रमुख बैंकिंग एप्लिकेशन, मोबाइल वॉलेट एप्लिकेशन आदि सेवाएं प्रदान कर रही है। इन सेवाओं से वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 0.74 करोड़ रुपये का मूल्य प्राप्त हुआ।

पी.एम.के.वी.वाई. :

बेंगलूरु संयंत्र ने प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) नामक एक अत्याधुनिक विकास योजना तैयार की है ताकि जरूरतमंदों को व्यावहारिक प्रशिक्षण जीई प्रमाणित पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण दिया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत, यूनिट ने ओएफसी स्प्लिसिंग तकनीक पर कुल 70 छात्रों को दो बैचों को प्रशिक्षित किया और ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की । इस प्रयास से 2.85 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ ।

ईएमआई/ईएमसी प्रयोगशाला चैंबर :

ईएमआई/ईएमसी प्रयोगशाला चैंबर और परीक्षण प्रणाली ने जून 2019 में कार्य करना प्रारंभ किया था। बाहरी ग्राहकों और संस्थागत आर एंड डी के लिए परीक्षण शुरु करने से जुलाई 2019 में राजस्व प्राप्त होना शुरू हुआ। बाहरी ग्राहकों के लिए डिवाइस अंडर टेस्ट (डीयूटी) में रक्षा, एरोस्पेस, पर्यावरणीय, दूरसंचार और औद्योगिक स्वचालन के बाहरी ग्राहक शामिल थे। ईएमआई/ईएमसी परीक्षण संस्थागत आर एंड डी उत्पाद जैसे 1जीबी आईपी एन्क्रिप्टर, एमसीईयू आदि के लिए किए गए। अतिरिक्त प्रणालियों को स्थापित किया जाना है जिससे राजस्व सृजन 20–30% तक बढ़ने की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए प्राप्त राजस्व 0.30 करोड़ रुपये है ।

संरक्षा प्रयोगशाला :

आईटीआई, संरक्ष प्रयोगशाला की सेवाए जून 2019 से प्रारंभ की । आईएस 13252/ आईएस 616/आईएस 304/आईईसी 60950–1/आईईसी 61010–1/आईईसी 60601–1/ आईईसी 60335–1 के अनुसार 52 से भी अधिक परीक्षण किए जा सकते हैं।

स्टार्ट–अप हब (विन्यास) की स्थापना :

भारत सरकार के स्टार्ट–अप इंडिया मिशन के तहत, आईटीआई देश में स्टार्ट–अप को प्रोत्साहित करने के लिए अपने बेंगलूरु संयंत्र में चरणबद्ध तरीके से 1000–सीटर स्टार्ट–अप हब स्थापित कर रही है । 150 सीटर स्टार्ट–अप हब जिसमें समर्पित कॉर्पोरेट हब मीटिंग रूम, डेमो रूम, अत्यधिक सुरक्षित वाई–फाई कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं पहले से ही मौजूद हैं। स्टार्ट–अप हब के ग्राहक इस सुविधा से अपने संचालन को बढ़ाने के लिए हमारी विनिर्माण सुविधाओं जैसे पीसीबी, एसएमटी, फैब्रिकेशन, दूरसंचार परीक्षण प्रयोगशाला और 3 डी प्रिंटिंग का भी उपयोग कर सकते हैं। वर्तमान में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, एरोनॉटिक्स, चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स, योजक निर्माण और आईओटी जैसे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 64 स्टार्ट–अप विन्यास से काम कर रहे हैं।

सीएमएमआई स्तर 3

आईटीआई डेटा सेंटर, आईटी और आईओटी सेवाओं के लिए सीएमएमआई स्तर 3 से प्रमाणित है। संगठन की क्षमता / परिपक्वता स्तर उसे कार्य–निष्पादन को चिह्नित करने का एक तरीका प्रदान करता है। आईटीआई डेटा सेंटर सेवाओं और आईओटी के कारोबार में है और सुधार करते हुए आईटीआई ने डेटा सेंटर, सूचना प्रौद्योगिकी और इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स के क्षेत्र में अपनी सेवाओं के लिए सीएमएम संस्थान से दिसंबर 2019 में क्षमता परिपक्वता मॉडल, स्तर 3 प्राप्त किया है।

इसके साथ ही आईटीआई आईटी, आईओटी और डेटा सेंटर निविदाओं में भाग ले सकेगी क्योंकि लगभग सभी आईटी निविदाओं में यह पात्रता मानदंड होता है।

आईटीआई इन क्षेत्रों में सीएमएमआई स्तर–3 को अपना रही है और 2 वर्षों तक इसका अभ्यास करने और आवधिक लेखा परीक्षाएँ करने के बाद इसका अगले स्तर यानी सीएमएमआई स्तर–5 (जो इष्टतम स्तर है) की दिशा में काम करेगी।

अनुसंधान एवं विकास

बेंगलूरु संयंत्र में स्थित अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) विनिर्माण को समर्थन देने और संचार तथा आईओटी के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ गति बनाए रखने के लिए संचार उपकरणों की डिज़ाइन और विकास कार्य किए जा रहे हैं। संचार नेटवर्क को सुरक्षित करने और नेटवर्क समाधानों को विकसित करने में एन्क्रिप्शन सिस्टम की डिजाइन और विकास में आर एंड डी प्रमुख ताकत होती है। आर एंड डी की ताकत हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के विकास में विशेषज्ञता के साथ इसकी कुशल डिजाइन टीम में निहित है। डिजाइन और विकास में सहायता के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा परीक्षण यंत्रों, सॉफ्टवेयर डिजाइन टूल, सीएडी डिजाइन टूल, विश्वसनीयता प्रयोगशाला, ईएमआई/ईएमसी टेस्ट प्रयोगशाला और दूरसंचार परीक्षण प्रयोगशाला के रूप में उपलब्ध है। आर एंड डी की टीम क्षेत्र पारेषण और टर्मिनल उत्पादों में संबद्ध उत्पादों को विकसित करती है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 में विकसित प्रमुख उत्पाद / प्रणालियाँ :

आर एंड डी ने निम्नलिखित क्षेत्रों में उत्पाद विकसित किए –

* रक्षा के लिए एन्क्रिप्शन सिस्टम
* संचार नेटवर्क के लिए नेटवर्क समाधान
* बिजली आपूर्ति मॉड्यूल
* एकीकृत चयन प्रणाली

वित्तीय वर्ष 2019–20 में विकसित सफल उत्पाद समाधान हैं –

उत्पाद :

* एकीकृत चयन प्रणाली
* हाई स्पीड रेडियो सिस्टम
* रक्षा नेटवर्क के लिए एन्क्रिप्टर

एन्क्रिप्शन उत्पादों ने ग्राहकों के फील्ड परीक्षण और परीक्षण और मूल्यांकन से सफलतापूर्वक गुजरना पडा । इसके अलावा, ये डीआरडीओ प्रयोगशाला के प्रमाणन के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है ।

वित्तीय वर्ष 2019–20 में की गई नई पहल

वर्ष 2019–20 में आर एंड डी ने रक्षा के लिए सैटेलाइट रिसीवर जैसे नए उत्पादों के विकास की पहल की।

निम्नलिखित उत्पाद विकास के अधीन हैं :

1) अर्ध सैनिक बलों के लिए सुरक्षित फैक्स

2) आईआरएनएसएस रिसीवर

3) उच्च क्षमता का रेडियो रिले

4) एकीकृत चयन प्रणाली

5) सृदृढ़ एमसीईयू

6) स्मार्ट एनर्जी मीटर

7) ईवीएम और मल्टी–पोस्ट आईएसएस (ईवीएम)

मनकापुर संयंत्र

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए मनकापुर यूनिट का वार्षिक कार्य–निष्पादन

I. कार्य–निष्पादन

मनकापुर संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 45.87 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया । उक्त कारोबार में ग्राहकों को प्रदान की गई आपूर्ति और सेवाएं शामिल हैं, जो इस प्रकार है:

* आपूर्ति शीर्ष के तहत – संयंत्र ने बीएसएनएल के लिए तितली ओएनटी, राष्ट्रीयकृत बैंकों को बैंकिंग उत्पाद और विभिन्न ग्राहकों को स्वच्छता वेंडिंग मशीनें के लिए 0.84 करोड़ रुपये की आपूर्ति की है; मनकापुर ने गुजनेट के आदेशों के समक्ष एसएसयू आधार पर रायबरेली को 5211 नग ओएनटी का निर्माण और आपूर्ति की और इस आपूर्ति का कुल बिक्री रायबरेली संयंत्र द्वारा दर्ज किया गया ।
* सेवा शीर्ष के तहत – संयंत्र ने 35.21 करोड़ रुपये की एनएफएस परियोजना निष्पादन की; झारखंड और ओडीशा राज्यों में ब्रॉड बैंड कनेक्टिविटी के लिए 9.75 करोड़ रुपये मूल्य की तृतीय पक्षकार लेखा परीक्षा सेवाएँ।

II. वर्ष 2019–20 में निष्पादित परियोजनाएँ

* एनएफएस
* झारखंड और ओडीशा के लिए टीपीए
* जीपॉन ओएनटी
* विविधीकृत उत्पाद – टीआईटीएलआई ओएनटी, बैंक यांत्रिकी उत्पाद (एनसीएम / एफएनडी) एसएनवीएम (सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन)

III. वर्ष 2019–20 के लिए मनकापुर यूनिट की मुख्य बातें :

स्पेक्ट्रम परियोजना (एनएफएस) के लिए नेटवर्क:

आईटीआई मनकापुर को आबंटित रक्षा नेटवर्क के लिए विशेष ऑप्टिकल एनएलडी बैकबोन और टर्नकी आधार पर ऑप्टिकल एक्सेस मार्ग के निर्माण के लिए पैकेज एफ के लिए प्रतिष्ठित एनएफएस परियोजना एएमसी को छोड़कर 843.83 करोड़ रुपये मूल्य रहा। इनमें से वित्तीय वर्ष 2019–20 में केबल बिछाने और सेवाओं के लिए 35.21 करोड़ रुपये मूल्यवाले कार्य पूरे हो चुके हैं।

जीपॉन :

संयंत्र ने गुजनेट परियोजना के तहत और बीबीएनएल तथा बीएसएनएल की पुर्जों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए रायबेरली यूनिट के लिए ओएनटी 11 के 5211 नगों का निर्माण और आपूर्ति की। दिनांक 01.04.16 से 31.03.19 तक, 3 वर्षों में आईटीआई रायबरेली और मनकापुर दोनों द्वारा पी.ओ. पहले ही दिए जा चुके हैं। ओएनटी 11 के कुछ उपकरण सीधे विभिन्न एजेंसियों को भी बेचे गए हैं। संयंत्र ने विभिन्न विविध आदेशों के समक्ष ओएनटी टीआईटीएलआई ओएनटी के माध्यम से 0.04 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए ।

तृतीय पक्षकार आधारित लेखा परीक्षा (टीपीए) :

आईटीआई मनकापुर ने झारखंड में झारखंड संचार नेटवर्क लिमिटेड (जेसीएनएल) के तहत और ओडीशा में ओडीशा पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) के तहत भारतनेट चरण– II परियोजना के कार्यान्वयन के लिए तृतीय पक्षकार लेखा परीक्षा (टीपीए) गतिविधियाँ शुरू की हैं। इस परियोजना के माध्यम से 9.75 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है ।

आईटीआई मनकापुर को 15 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में 4849 ग्राम पंचायत साइटों में उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड उपकरण और सौर शक्ति संयंत्र की स्वीकृति और परीक्षण के लिए टीपीए गतिविधियों के लिए 11.64 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश भी प्राप्त हुए हैं।

नोट गिनने की मशीन / जाली नोट डिटेक्टर :

संयंत्र नोट गिनने की मशीन (एनसीएम) सहित बैंकिंग व्यापार के विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति और सर्विसिंग में भी है। नोट की गिनती के अलावा, जाली नोटों का पता लगाने के लिए, यूनिट ने इसमें यूवी फेक नोट डिटेक्टर (एफएनडी) की अतिरिक्त विशेषता को शामिल करते हुए एक नया मॉडल विकसित किया है। उक्त उत्पादों से 0.53 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए गए।

सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन (एसएनवीएम) की आपूर्ति :

महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता की दिशा में एक कदम बढाते हुए संयंत्र ने एक नए उत्पाद – "फ्लोरा–सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन" का विकास और आपूर्ति करके सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों की स्थापना में योगदान दिया है । यह सिक्कों को स्वीकार करते हुए सेनेटरी नैपकिन के वितरण के लिए एक स्वयं सेवा वेंडिंग मशीन है। इस उत्पाद से वित्तीय वर्ष 2019–20 में 0.34 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ ।

कौशल विकास :

कर्मचारी विकास केंद्र (ईडीसी) "फिनिशिंग स्कूल्स" के तत्वावधान में इंजीनियरिंग/डिप्लोमा छात्रों के लिए कौशल औद्योगिक प्रशिक्षण का आयोजन कर रहा है। प्रयास है कि उद्योग–संस्थान की प्रभावी सहभागिता हो, जिससे हमारे संगठन में परियोजना इंटर्नशिप के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक मुद्दे के बारे में पता चले। इंजीनियरिंग/इंजीनियरिंग इतर छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण/परियोजना प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाता है। फिनिशिंग और ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के अलावा, कर्मचारी विकास केंद्र एनआईईएलआईटी गोरखपुर के माध्यम से यूपी के विभिन्न केंद्रों में सीसीसी परीक्षा भी आयोजित करता है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान ईडीसी द्वारा लगभग 0.74 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया।

माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर.एम. अग्रवाल ने दिनांक 02.03.2020 को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एनएसक्यूएफ पाठ्यक्रम और "पीसी की स्थापना और रख–रखाव" पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया । आईटीआई मनकापुर ने विभिन्न सरकारी पॉलिटेक्निक के साथ समझौता ज्ञापन भी किया है । इसका मुख्य उद्देश्य अपने छात्रों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना है जो आगे चलकर राजस्व सृजित करेगा।

मनकापुर संयंत्र अब 5 साल की अवधि के लिए दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद (टीएसएससी) का एक सहयोगी सदस्य है।

नए उत्पाद :

आईटीआई मनकापुर विविध उत्पादों में भी कारोबार कर रहा है। शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में प्रयास करते हुए आईटीआई मनकापुर ने हाल ही में संस्थागत डिज़ाइन से विकसित उत्पाद–3 डी प्रिंटर लॉन्च किया है जिसे 3 डी आधारित मॉडल और प्रोटोटाइप के निर्माण के लिए आईआईटी इलाहाबाद के सहयोग से किया गया है। इसमें रैपिड प्रोटोटाइप और कॉन्सेप्ट मॉडलिंग की सुविधा है, जिसके परिणामस्वरूप कम लागत और बेहतर गुणवत्ता के साथ तेजी से उत्पादन होता है।

मनकापुर संयंत्र ने कोविड–19 को फैलने से रोकने में मदद करने के लिए फेस मास्क डिस्पोज़ल मशीन, डिटैचेबल फिल्टर के साथ फेस मास्क, स्वचालित हैंड सैनिटाइज़र डिस्पेंसर, टनल और मैनुअल सैनिटाइज़िंग डिस्पेंसर, पैर से संचालित हैंड सैनिटाइज़र जो विभिन्न प्रकार की बोतलों के लिए पूरी तरह अनुकूल है, आदि जैसे चिकित्सा उत्पाद विकसित किया

है। इस संयंत्र ने "यूवी डिसइन्फेक्शन सिस्टम" नामक यूवी ब्लास्टर के लिए मेसर्स लेज़र साइंस एंड टेक्नालॉजी सेंटर (एलएएसटीईसी), डीआरडीओ के साथ एक टीओटी करार पर हस्ताक्षर किया है और इसके प्रोटोटाइप विकसित किए हैं। इन प्रोटोटाइपों का मूल्यांकन डीआरडीओ द्वारा किया गया है। आवश्यक प्रमाणीकरण प्राप्त करने के बाद इस संयंत्र में यू.वी. डिसइन्फेक्शन सिस्टम का बृहद् निर्माण किया जाएगा।

नैनी संयंत्र

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए नैनी यूनिट का वार्षिक कार्य–निष्पादन

I. कार्य–निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान नैनी संयंत्र ने कुल 2.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इन कारोबार में ग्राहकों को की गई आपूर्तियाँ शामिल है, जो इस प्रकार है –

आपूर्ति शीर्ष के तहत – संयंत्र ने महानेट आदेश के लिए 0.94 करोड़ रुपये के सोलर फोटोवोल्टाइक उपकरण की आपूर्ति की; ईईएसएल से प्राप्त आदेश के लिए सौर एलईडी स्ट्रीट लाइट प्रणाली। इसके अलावा, संयंत्र ने बीबीएनएल/बीएसएनएल को आपूरित जीपॉन उपकरण के रख–रखाव के लिए पुर्जों की आवश्यकता पूरी करने के लिए 0.60 करोड़ रुपये मूल्य की 1157 सीसीयू यूनिटों की आपूर्ति एनएसयू को की है ।

II. वर्ष 2019–20 के दौरान निष्पादित परियोजनाएँ :

* महानेट परियोजना के लिए सोलर फोटो वोल्टाइक (एसपीवी) पैनल
* सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट सिस्टम
* चार्ज कंट्रोल यूनिट (सीसीयू)

III. वर्ष 2019–20 के लिए नैनी यूनिट की मुख्य बातें :

महानेट (भारतनेट चरण–II) परियोजना के लिए एसपीवी पैनल :

नैनी यूनिट को महानेट परियोजना के लिए 60 वॉट के एसपीवी पैनल की 20,000 नगों की आपूर्ति के लिए 6.82 करोड़ रुपये मूल्य का क्रय आदेश प्राप्त हुआ है। । नैनी यूनिट 2019–20 के दौरान 0.94 करोड़ रुपये के एसपीवी पैनल के 2,500 नग पहले ही भेज चुकी है। इसके अलावा, 2020–21 में 7000 नागों का पैनलों की आपूर्ति की जा चुका है और शेष 10500 नग पहले से ही निर्मित और प्रेषण के तहत हैं।

नैनी यूनिट को टीईसी जीआर सं. जीआर/एसपीवी–02/03 मई 2008 के लिए हाइब्रिड सौर फोटोवोल्टिक प्रणाली के लिए टीएसईसी वैधता विस्तारण प्राप्त हुआ और टीएसईसी की संशोधित वैधता 31.01.2023 है। इस हाइब्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली का उपयोग जीपॉन ब्रॉड बैंड सिस्टम के ओएनटी उपकरण में अबाधित बिजली प्रदान करने के लिए किया जाता है।

सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट प्रणाली :

नैनी यूनिट को 19,665 नग सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट सिस्टम के 5 वर्ष की व्यापक रखरखाव वारंटी के साथ सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कार्यारंभ के लिए उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (उरेडा) से मांग–पत्र (एलओआई) प्राप्त हुआ है । पीओ का कुल मूल्य 40.41 करोड़ रुपये है। नैनी संयंत्र ने 2300 एलईडी स्ट्रीट लाइट सिस्टम की आपूर्ति यूआरईडीए को की है।

चार्ज कंट्रोल यूनिट :

यूनिट ने भारतनेट चरण–II परियोजना के लिए नेटवर्क सिस्टम यूनिट (एनएसयू) को 0.60 करोड़ रुपये मूल्य की पुर्जों की ज़रूरतों के लिए चार्ज कंट्रोल यूनिट (सीसीयू) की 1157 यूनिटों की आपूर्ति की है।

आईएसओ लेखा परीक्षा, पीएमएमएम और पीसीएमएम स्तर II :

क. नैनी यूनिट ने आईएसओ 18001: 2007 से आईएसओ 45001: 2018 तक सफलतापूर्वक अपग्रेड किया है। यह प्रमाण–पत्र 22 मार्च 2023 तक वैध है।

ख. यूनिट ने आईएसओ 14001: 2015 और आईएसओ 9001: 2015 की दूसरी वार्षिक निगरानी लेखा परीक्षा पूरी की है।

ग. नैनी यूनिट ने स्तर II के लिए पीएमएमएम और पीसीएमएम लेखा परीक्षा को भी सफलतापूर्वक पूरा किया है।

कौशल विकास :

क. आईटीआई नैनी परिसर के अंदर और बाहर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । यह एमओयू मार्च 2020 महीने में आईटीआई नैनी और सरकारी प्राप्ति लेखा प्रणाली (जीआरएएस) दिल्ली के बीच किया गया।

ख. यूनिट के कर्मचारियों को संस्थागत प्रशिक्षण प्रदान किया गया । बी–टेक और डिप्लोमा धारकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया जिसके माध्यम से 0.04 करोड़ रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

वर्ष 2019–20 के दौरान हस्ताक्षर किए गए एमओयू :

* नैनी यूनिट ने उरेडा को सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट सिस्टम की आपूर्ति के लिए मेसर्स ओकाया पावर प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया ।
* नैनी यूनिट ने सरकारी प्राप्ति लेखा प्रणाली (जीआरएएस) दिल्ली के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के लिए भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया ।

पालक्काड संयंत्र

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए पालक्काड यूनिट का वार्षिक कार्य–निष्पादन

I. कार्य–निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान पालक्काड संयंत्र ने कुल 62.46 करोड रूपये का कारोबार किया । इस कारोबार में ग्राहकों को की गई आपूर्तियाँ शामिल है, जो इस प्रकार है–

* आपूर्ति शीर्ष के तहत – संयंत्र ने विभिन्न ग्राहकों को 12.08 करोड़ रुपये के मिनी पीसी की आपूर्ति की; महानेट परियोजना के लिए एचडीपीई डक्ट 5.49 करोड़ रुपये; ईईएसएल को 11.98 करोड़ रुपये के स्मार्ट ऊर्जा मीटर; वीएसएससी (विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र) को 4.09 करोड़ रुपये मूल्य की घटक स्क्रीनिंग सेवाएं;
* सेवा शीर्ष के तहत – संयंत्र ने बीएसएनएल और एमटीएनएल को आपूर्ति किए गए एमएलएलएन उपकरणों के लिए 28 करोड़ रुपये की एएमसी सेवाओं को निष्पादित किया; 0.79 करोड़ रुपये मूल्य की ई–गवर्नेंस परियोजनाएँ ।

II. वर्ष 2019–20 के दौरान निष्पादित परियोजनाएँ :

* एमएलएलएन के लिए एएमसी समर्थन
* स्मैश पीसी
* घटक स्क्रीनिंग व्यवसाय
* एचडीपीई डक्ट विनिर्माण
* स्मार्ट एनर्जी मीटर
* ई–गवर्नेंस
* स्मार्ट पार्सल डिलीवरी सिस्टम

III. वर्ष 2019–20 के लिए पालक्काड यूनिट की मुख्य बातें :

स्मार्ट ऊर्जा मीटर :

आईटीआई को आईएस 16444 तकनीकी विशिष्टताओं के अनुरूप जीपीआरएस आधारित स्मार्ट ऊर्जा मीटरों के विनिर्माण, आपूर्ति और अनुरक्षण के लिए एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) से पुरस्कार सम्मान पत्र (एलओए) से सम्मानित किया गया । आईटीआई पालक्काड को दो तकनीकी हेतु आईएस 16444 तकनीकी विशिष्टताओं के अनुपालन के लिए सिंगल फेज़ स्मार्ट ऊर्जा मीटर के लिए टाइप अनुमोदन और बीआईएस प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। स्मार्ट ऊर्जा मीटर के थोक निर्माण, अंशांकन, परीक्षण और आपूर्ति के लिए यूनिट में सुविधाएं और बुनियादी ढांचा स्थापित किया गया। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, यूनिट ने अब तक यूपी और हरियाणा में डीआईएससीओएम के लिए 91000 नग स्मार्ट एनर्जी मीटर का विनिर्माण और आपूर्ति की ।

मिनी पीसी :

आईटीआई पालक्काड ने मिनी पीसी की असेंबली और विपणन शुरू की है, जो पारंपरिक डेस्कटॉप के लिए प्रतिस्थापन है। यह उत्पाद "माइक्रो पीसी" के रूप में जेम पोर्टल में पंजीकृत है। इसका ट्रेड मार्क पंजीकृत है और इसके लिए बीआईएस, सीई, एफसीसी, आरओएचएस और एनर्जी स्टार प्रमाणन प्राप्त हुए हैं। इस उत्पाद में ग्रिड और सोलर के रूप में दोहरे पॉवर इनपुट के साथ स्मार्ट पॉवर स्टेशन और 3 घंटों का बैकअप, वास्तविक सुरक्षा के लिए स्मार्ट लॉक जैसी अतिरिक्त सुविधाएँ शामिल की गई हैं।

इस उत्पाद को विभिन्न ग्राहकों द्वारा अच्छी तरह से स्वीकार किया जाता है और आईटीआई पालक्काड ने ई–स्वास्थ्य परियोजना के लिए केएसईडीसी, एयर इंडिया, वन विभाग, केरल वित्त विभाग, तमिल नाडु ई–स्वास्थ्य, अमृता विश्व विद्यापीठम, मिधानी और मेसर्स वेहांत आदि जैसे विभिन्न ग्राहकों से वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 12.08 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए हैं। आईटीआई ने केरल के विश्वविद्यालयों के विभिन्न कॉलेजों को "स्मैश कनेक्ट" के ब्रांड नाम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोडेक की भी आपूर्ति की है।

इसका लक्षित बाजार केंद्रीय / राज्य सरकार के विभाग, विश्वविद्यालय, अस्पताल, अनुसंधान संगठन, सार्वजनिक / निजी निगम, बैंक, शैक्षणिक संस्थान आदि हैं। इसके लिए देश भर के विभिन्न कॉर्पोरेट फर्मों के साथ कई नए बड़े व्यापारिक संगठनों के साथ बातचीत प्रगति पर हैं।

वीएसएससी और अन्य अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनों के साथ व्यवसाय :

आईटीआई पालक्काड़ का वीएसएससी (विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर) और एलपीएससी (लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर) के साथ व्यापार संबंध है, जो तिरुवनंतपुरम स्थित इसरो की दो इकाइयाँ हैं। ये दोनों इकाइयां इसरो के विभिन्न अंतरिक्ष अभियानों के सभी प्रक्षेपण वाहनों – पीएसएलवी, जीएसएलवी आदि के विनिर्माण, परीक्षण और एकीकरण में लगी हुई हैं।

इस व्यवसाय में परिचालन की दो अलग-अलग धाराएँ शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कारोबार अवसर के खिलाफ कुलबिक्री 4.09 करोड़ रुपये है।

1. **विभिन्न प्रकार के पैकेटों की सहायता और परीक्षण :**

   संयंत्र में अंतरिक्ष और मिलिटरी ग्रेड असेंबलियों के निर्माण के लिए एक विशेष अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक फैब्रिकेशन केंद्र कार्यरत है। उक्त सुविधा प्रक्षेपण वाहनों (पीएसएलवी, जीएसएलवी और जीएसएलवी मार्क III) में इलेक्ट्रॉनिक असेंबलियों की प्राप्ति से जुड़ी सभी गतिविधियों के लिए वीएसएससी द्वारा मान्यता प्राप्त है।

2. **घटक स्क्रीनिंग प्रयोगशाला :**

   लांच वाहनों में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की स्क्रीनिंग और बर्न-इन के लिए अत्याधुनिक उपकरणों के साथ 7000 वर्ग फीट के पूरी तरह वातानुकूलित ईएसडी सुरक्षित क्षेत्रफल में एक अनन्य सुविधा आईटीआई पालक्काड में स्थापित की गई है। परीक्षण और मूल्यांकन (टी एंड ई) नामक इस सुविधा का विस्तार अतिरिक्त असेंबली और उप-असेंबली की स्क्रीनिंग के लिए भी किया गया है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में वीएसएससी कारोबार के लिए कुल हस्तस्थ आदेश 7.46 करोड़ रुपये मूल्य के हैं।

   मेसर्स बॉश, मेसर्स टाटा एलक्सी, मेसर्स बीपीएल और मेसर्स सोरीउ कनेक्टर्स से छोटे प्रायोगिक आदेश प्राप्त किए गए और उन्हें सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया।

एचडीपीई दूरसंचार डक्ट निर्माण :

आईटीआई पालक्काड में निर्मित पीएलबी एचडीपीई दूरसंचार डक्ट को मार्च 2019 में टीसीसी का अनुमोदन प्राप्त हुआ। इस उत्पाद को 8 अलग-अलग रंगों (नारंगी, लाल, हरा, भूरा, नीला, वॉयलेट, हल्का भूरा और पीला) को शामिल किया गया। मार्च 20 के अंत की महत्वपूर्ण अवधि में लगाए गए अचानक लॉकडाउन की विपरीत परिस्थिति के बावजूद, संयंत्र ने पालक्काड को 2000 किलो मीटर के आबंटन में से अब तक कुल 1300 किलो मीटर को पूरा किया। अतिरिक्त लाइन के साथ डक्ट निर्माण सुविधा की क्षमता बढ़ाई जा रही है।

ई–गवर्नेंस परियोजना :

आईटीआई पालक्काड ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में केरल सरकार के जल संसाधन विभाग के तहत सिरुवाणी बांध के लिए 5 वर्षों के रख-रखाव सहित, प्रवाह मापन साधित्र, जल स्तर निगरानी सेंसर, स्वचालित वर्षा गेज स्टेशन और आईओटी आधारित स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली से एकीकृत तारयुक्त नेटवर्क कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए केरल सिंचाई विभाग से 0.79 करोड़ रुपये मूल्य का आदेश निष्पादित किया ।

एएमसी के आदेश :

आईटीआई पालक्काड ने बीएसएनएल और एमटीएनएल की व्यवस्थित पट्टाधारित लाइन नेटवर्क (एमएलएलएन) परियोजनाओं को 24X7 तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल से 28.00 करोड़ रुपये मूल्य के एएमसी आदेश निष्पादित किए।

डाक विभाग के लिए स्मार्ट पार्सल वितरण प्रणाली :

आईटीआई पालक्काड ने डाक विभाग के लिए पार्सल डिलीवरी चुनौतियों को दूर करने और अंतिम दूरी की डिलीवरी प्रक्रिया की दक्षता में सुधार लाने के लिए एक अभिनव उत्पाद-**स्मार्ट पार्सल डिलीवरी सिस्टम (एसपीडीएस)** विकसित किया है। उत्पाद सत्यापन के सफलतापूर्वक आपूर्ति और स्थापित करने के लिए कुल 8 प्रणालियों की आपूर्ति के लिए सीपीएमजी कार्यालय, बेंगलूरु से 0.24 करोड़ रुपये का प्रायोगिक आदेश प्राप्त हुआ है, इस उत्पाद के लिए अधिक आदेश प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कौशल विकास :

आईटीआई ने केरल राज्य के 31 वीएचएसई (व्यावसायिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) के छात्रों को विशेषज्ञ इंटरैक्शन और अंत: कार्य प्रशिक्षण प्रदान करने का आदेश निष्पादित किया है। फील्ड टेक्नीशियन और कम्प्यूटिंग विषयों का अध्ययन करने वाले द्वितीय वर्ष के लगभग 900 छात्रों को प्रशिक्षण का लाभ मिला। प्रत्येक विद्यालय के लिए यह प्रशिक्षण 11 दिनों के लिए था।

प्रमाणन :

आईटीआई ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और मास्टर कार्ड प्रमाणन द्वारा रूपे कार्ड वैयक्तिकरण के लिए मान्यता प्राप्त करने वाले पहले पीएसयू की मान्यता अर्जित की है।

आईटीआई पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 14001: 2015 और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001: 2015 से प्रमाणित है।

प्रशस्तियाँ :

आईटीआई पालक्काड ने बड़े कारखानों (इंजीनियरिंग) की श्रेणी में वित्तीय वर्ष 2019–2020 के लिए राष्ट्रीय संरक्षा परिषद (केरल चैप्टर) द्वारा स्थापित सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया।

रायबरेली संयंत्र

वित्तीय वर्ष 2019–20 में रायबरेली यूनिट का वार्षिक कार्य–निष्पादन

I. कार्य–निष्पादन :

वित्तीय वर्ष 2019–20 में, रायबरेली संयंत्र ने 208.09 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इन कारोबार में ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली आपूर्ति और सेवाएं शामिल हैं।

- आपूर्ति शीर्ष के तहत – संयंत्र ने महानेट परियोजना के लिए 20.51 करोड़ रुपये मूल्य के एचडीपीई डक्ट की आपूर्ति की; बीएसएनएलआर को 5.41 करोड़ रुपये मूल्य के एसएमपीएस उपकरणों की आपूर्ति की।
- सेवाओं शीर्ष के तहत – संयंत्र ने एनएफएस परियोजना के 179.16 करोड़ रुपये मूल्य के आंशिक आदेश का निष्पादन किया; 2.63 करोड़ रुपये मूल्य के जीएसएम शो रूम की बिक्री की।

II. वर्ष 2019–20 के दौरान निष्पादित परियोजनाएँ :

- पैकेज जी के लिए एनएफएस केबल बिछाने की सेवाएं
- महा आईटी परियोजना के लिए एचडीपीई डक्ट विनिर्माण
- एसएमपीएस और मरम्मत
- जीएसएम शोरूम की बिक्री

III. वर्ष 2019–20 के लिए रायबरेली यूनिट की मुख्य बातें :

स्पेक्ट्रम (एनएफएस) पैकेज जी के लिए नेटवर्क:

संयंत्र ने रक्षा नेटवर्क के लिए टर्नकी आधार पर विशेष ऑप्टिकल एनएलडी बैकबोन और ऑप्टिकल एक्सेस मार्ग के निर्माण के लिए पैकेज जी के लिए एनएफएस केबल बिछाने के लिए 179.16 करोड़ रुपये मूल्यवाले कारोबार हासिल किया है।

एसएमपीएस और जीएसएम शोरूम की बिक्री :

इसके अलावा, संयंत्र ने एसएमपीएस की आपूर्ति और मरम्मत के माध्यम से 5.41 करोड़ रुपये और जीएसएम शोरूम बिक्री और विविध सेवाओं की ओर 2.63 करोड़ रुपये का कुलबिक्री प्राप्त किया है।

एचडीपीई डक्ट निर्माण :

आईटीआई रायबरेली ने एचडीपीई विनिर्माण लाइनों की 3 लाइनें स्थापित की । कोविड़ महामारी की महत्वपूर्ण अवधि में अचानक लॉकडाउन के कारण,महानेट परियोजना के खिलाफ यूनिट ने उसे आबंटित 8000 किलो मीटर में से अब तक कुल 5400 किलोमीटर की आपूर्ति किया है। अतिरिक्त 4 लाइनों के साथ डक्ट के विनिर्माण सुविधा की क्षमता में वृद्धि हो रही है।

प्रमाणन :

क. रायबरेली यूनिट ने 24एफ, एडीएसएस, 24एफ, एनज़ेडडीएस, 48एफ रिबन टाइप और 96 एफ रिबन टाइप ओएफसी के लिए टीएसईसी का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

ख. रायबरेली यूनिट ने क्यूएमएस 9001: 2015 और ईएमएस 14001: 2004 के लिए आईएसओ का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।

श्रीनगर संयंत्र

वित्तीय वर्ष 2019–20 में श्रीनगर यूनिट का वार्षिक कार्य–निष्पादन

I. कार्य–निष्पादन :

वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए, श्रीनगर यूनिट ने कुल 0.11 करोड़ रुपये का करोबार प्राप्त किया है।

II. प्रचालनीय कार्य–निष्पादन और उत्पादन :

संयंत्र के कौशल विकास केंद्र में कौशल विकास संबंधी गतिविधियों के माध्यम से 11 लाख रुपये का कारोबार प्राप्त हुआ। इस केंद्र की स्थापना जून 2019 में श्रीनगर यूनिट में की गई थी।

नेटवर्क प्रणाली यूनिट (एनएसयू)

I. कार्य–निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2019–20 में, एनएसयू ने कुल 1156.29 करोड़ रुपये का कारोबार प्राप्त किया ।

इस कुल बिक्री में भारतनेट चरण–II परियोजना के भाग के रूप में गुजनेट के लिए आदेश का निष्पादन, रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के एस्कॉन आदेश हेतु एएमसी के साथ–साथ बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए ओसीबी आदेशों के लिए एएमसी का निष्पादन शामिल है।

इस कारोबार में निष्पादित परियोजना और ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के मूल्य शामिल हैं।

- परियोजना शीर्ष के तहत – यूनिट ने गुजरात राज्य में ब्रॉड बैंड कनेक्टिविटी के लिए जीएफजीएनएल से प्राप्त आदेश के समक्ष 1056.68 करोड़ रुपये मूल्य की गुजनेट परियोजना निष्पादित किया ।
- सेवा शीर्ष के तहत – यूनिट ने बीएसएनएल और एमटीएनएल को आपूरित ओसीबी उपकरण के लिए 13.93 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश; रक्षा के लिए एस्कॉन एएमसी के 84.29 करोड़ रुपये के आदेश; बीबीएनएल / बीएसएनएल को आपूरित जीपॉन उपकरणों की स्थापना और कार्यारंभ के लिए 1.39 करोड़ रुपये के आदेश निष्पादित किए ।

II. वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान निष्पादित परियोजनाएं :

- **गुजनेट परियोजना**
- **एस्कॉन (रक्षा मंत्रालय) के लिए एएमसी**
- **ओसीबी के लिए एएमसी**
- **जीपॉन आई एवं सी सेवाएं**

III. वर्ष 2019–20 के लिए नेटवर्क सिस्टम यूनिट की मुख्य बातें –

भारतनेट चरण–।। परियोजना के लिए गुजनेट:

आईटीआई को भारत नेट चरण II परियोजना के तहत गुजरात राज्य की ग्राम पंचायतों को ब्रॉड बैंड कनेक्टिविटी के लिए टर्नकी परियोजना के कार्यान्वयन के लिए गुजरात फाइबर ग्रिड नेटवर्क लिमिटेड (जीएफ़जीएनएल) से 1417.71 करोड़ रुपये मूल्यवाले आदेश प्राप्त हुआ है। उक्त परियोजनाओं में ऑप्टिक फाइबर केबल (“ओएफसी”) का बिछान, एक्सेस उपकरण और अन्य संबंधित उत्पादों की आपूर्ति के साथ–साथ अनुरक्षण सेवाएं भी शामिल हैं। यूनिट ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में 1056.68 करोड़ रुपये के कुलबिक्री प्राप्त किया है।

एस्कॉन– एएमसी

आईटीआई लिमिटेड की टर्नकी परियोजना का कार्यान्वयन और सेवा इकाई संचार नेटवर्क और वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (एएमसी) की टर्नकी परियोजनाओं के निष्पादन में अपनी मुख्य शक्ति रखती है। इसमें स्थिर विकास और निरंतर लाभप्रदता का ट्रैक रिकॉर्ड है। संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 84.29 करोड़ रुपये मूल्यवाले एएमसी आदेश को निष्पादित किया है।

ओसीबी – एएमसी:

आईटीआई बीएसएनएल और एमटीएनएल को फिक्स्ड लाइन स्विच का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था। वर्तमान में, आईटीआई ओसीबी एक्सचेंजों के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल को अनुरक्षण सहायता प्रदान कर रहा है। वर्ष 2019–20 के दौरान 13.93 करोड़ रुपये मूल्यवाले ओसीबी आदेश का निष्पादन किया गया है।

विपणन सेवाएँ और परियोजनाएँ (एमएसपी)

I. कार्य–निष्पादन

आईटीआई लिमिटेड के भारत में 8 क्षेत्रीय कार्यालय सहित कुल 25 कार्यालय हैं, जो बेंगलूरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और नई दिल्ली में स्थित हैं और इसके क्षेत्रीय कार्यालय पूरे भारत में विपणन सेवाओं और परियोजना निष्पादन का प्रबंधन करते हैं। आईटीआई के एमएसपी में विभिन्न राज्य और केंद्र सरकार के लिए दूरसंचार, आईटी, आईओटी और संबद्ध व्यवसाय किया जाता है। एमएसपी ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में 217.34 करोड़ रुपये का कुलबिक्री प्राप्त किया है और वित्तीय वर्ष 2020–21 में कई निविदाएं और व्यावसायिक प्रस्तावों पर कार्य प्रगति में हैं।

II. वर्ष 2019–20 में एमएसपी की मुख्य बातें :

एमएसपी – बेंगलूरु :

- वित्तीय वर्ष 2019–20 में एमएसपी बेंगलूरु ने कुल 12.05 करोड़ रुपये का कारोबार प्राप्त किया।
- बीएनजी चरण II और III की आपूर्ति के लिए 211 करोड़ रुपये मूल्य के एपीओ उपलब्ध हैं।

एमएसपी– दिल्ली :

- वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए एमएसपी दिल्ली ने कुल 109.41 करोड़ रुपये का कारोबार प्राप्त किया ।
- एमएसपी–दिल्ली को 5 वर्षों की अवधि के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय, हरियाणा से शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली के साथ शिक्षा संवर्धन और डिजिटल परिवर्तन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए 39.86 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश प्राप्त हुए ।
- एमएसपी को एमएचए, दिल्ली और मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, नई दिल्ली में आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए 30 करोड़ रुपये के आदेश भी प्राप्त हुए ।
- एचडीडीसीएफ, पंचकूला में ऑनलाइन डेयरी प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए 3.69 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश प्राप्त हुए।
- एमएसपी दिल्ली विभिन्न सरकारी विभागों/संस्थानों/पीएसयू के लिए एसआईसीओएम के डेटा केंद्र, ई–नीलामी/ई–निविदा समाधान स्थापित में भी कार्यरत है।

एमएसपी–लखनऊ :

- वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए एमएसपी लखनऊ ने कुल 73.17 करोड़ रुपये का कारोबार प्राप्त किया ।
- एमएसपी ने स्मार्ट कक्षाओं की आपूर्ति के लिए 22.28 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए ।
- एमएसपी – लखनऊ ने सोलर स्ट्रीट लाइट, सिंथेटिक मिंक ब्लैंकेट, सैनिटरी नैपकिन और लार्ज ब्लैंकेट की आपूर्ति के लिए 31.40 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए। ये आदेश उत्तराखंड श्रम विभाग के अधीन उत्तराखंड भवन और अन्य विनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (यूकेबीओसीडब्ल्यू), देहरादून से प्राप्त हुए थे।
- एमएसपी – लखनऊ को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संपत्ति कर के निर्धारण के लिए मेरठ, कानपुर, झांसी और गोरखपुर शहरी स्थानीय निकायों में जीआईएस आधारित सर्वेक्षण का संचालन करने के लिए चुना गया। इसके लिए एमएसपी द्वारा 19.13 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए गए ।

एमएसपी–मुंबई :

- एमएसपी मुंबई ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए 9.76 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए।
- एमएसपी मुंबई को एकीकृत निर्माण कल्याण बोर्ड प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव के लिए सेवाएं प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र भवन तथा अन्य विनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड से 88.60 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिष्ठित आदेश प्राप्त हुआ जो निष्पादन के अधीन है।
- एमएसपी ने शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर में साइबर प्रयोगशाला और डेटा विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 1.68 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश निष्पादित किए।
- एमएसपी – मुंबई नवी मुंबई नगर निगम और ठाणे नगर निगम और गांधीनगर स्मार्ट सिटी से जियो फेंसिंग और मैनपावर ट्रैकिंग सिस्टम आदेश भी पूरा कर रहा है।

एमएसपी कार्यालयों ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में 178.75 करोड़ रुपये मूल्य के संचयी आदेश प्राप्त किए । निगमित विपणन ने रेलटेल आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी के लिए 2000 करोड़ रुपये की निविदाएँ और झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड (जेसीएनएल) की वाईफ़ाई परियोजना के लिए 60 करोड़ रुपये मूल्य के आदेश पूरे किए । एमएसपी – बेंगलूरु को ओएफबी केबल बिछाने के आदेश के लिए एल–1 के रूप में दक्षिणी रेलवे चेन्नई द्वारा चुना गया । लगभग 16 करोड़ रुपये मूल्य के 3 अन्य ओएफसी निविदाएँ प्राप्त की गईं।

- एमएसपी कार्यालय आईओटी, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट कार्ड, स्मार्ट लाइटिंग/स्मार्ट बिल्डिंग, ई मार्केट प्लेस, जियो फेंसिंग और मानवशक्ति ट्रैकिंग/वाहन ट्रैकिंग आदि के क्षेत्र में नए व्यापार के अवसरों का पता लगाने, संबोधित करने और लेने के प्रयास कर रहे हैं।

- स्मार्ट सिटी घटकों के लिए एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र।
- सरकार के विभागों/संस्थाओं/स्थानीय निकाय आदि के लिए जीआईएस सर्वेक्षण/जीआईएस मैपिंग और जीपीएस आधारित समाधान।
- सीसीटीवी निगरानी, आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, ई गवर्नेंस, डेटा केंद्र, ईआरपी समाधान, सौर ऊर्जा संयंत्र आदि।

समझौता ज्ञापन की रेटिंग

वर्ष 2017–18 के लिए कंपनी की रेटिंग 60.59 के सम्मिश्रित स्कोर के साथ ''उत्तम'' रही है। वित्तीय वर्ष 2018–19 और 2019–20 के लिए एमओयू रेटिंग को डीपीई द्वारा अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। वर्ष 2020–21 के लिए समझौता ज्ञापन लक्ष्य को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है।

भावी दृष्टिकोण

कंपनी ने कुलबिक्री को बढ़ावा देने और पुनरुद्धार योजना को कार्यान्वयन करने के लिए कई पहल/परियोजनाएँ शुरू की हैं।

जी–पॉन उत्पाद विनिर्माण:

अनुपालन के लिए कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का विश्लेषण और लेखा परीक्षा किया जाता है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट तैयार की जाती है और स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में संलग्न की जाती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के पास सभी महत्वपूर्ण मामलों में, वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मौजूद हैं और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शी टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा संस्थापित वित्तीय विवरणों के मानदंडों के संदर्भ में आंतरिक नियंत्र के आधार पर, 31 मार्च, 2020 को ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी ढंग से प्रचालित थे ।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

कारोबारी गतिविधियों के अलावा आपकी कंपनी का प्रयास कारोबार को इस प्रकार संचालित करना है कि समुदायों को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ प्राप्त हो । अन्य बातों के साथ–साथ सीएसआर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य की देखभाल और स्वच्छता आदि शामिल हैं। वर्ष के दौरान, कंपनी ने सीएसआर संबंधी विभिन्न गतिविधियों पर 96.10 लाख रुपये खर्च किए । कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान जिन्हें उनके तहत बनाए गए नियमों के साथ पढ़ा जाना है, के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी की सीएसआर गतिविधियों पर एक रिपोर्ट, **अनुलग्नक–3** में दी गई है। सीएसआर समिति की संरचना कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में दी गई है। कंपनी की सीएसआर नीति को कंपनी की वेबसाइट https://www.itiltd.in/investor%20information/ITI-Corporate%20Social%20Responsibility%20Policy.pdf पर देखा जा सकता है ।

व्यावसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट

वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी की व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट को बोर्ड की रिपोर्ट के **अनुलग्नक–4** के रूप में दिया गया है।

निदेशक मंडल तथा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

02 नवंबर, 2020 तक, आईटीआई लिमिटेड के मंडल में 10 निदेशक शामिल हैं जिसमें 4 पूर्णकालिक निदेशक, 2 सरकार द्वारा नामित निदेशक और 4 गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)।

स्वतंत्र निदेशकों में परिवर्तन

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, श्री सुरेश चंद्र पंडा ने दिनांक 9 सितंबर, 2019 को कंपनी के निदेशक मंडल से इस्तीफा दिया। इसके अलावा, कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री सदय कृष्ण कनोरिया का कार्यकाल 23 नवंबर 2019 को पूरा हुआ। श्रीमती आशा कुमारी जसवाल का कार्यकाल 05 अप्रैल 2020 को पूरा हुआ।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV के प्रावधानों के संदर्भ में, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के नियम और शर्तें कंपनी की वेबसाइट पर पोस्ट की गई हैं। इसके अलावा, स्वतंत्र निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 के प्रावधानों के तहत रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं।

यथासंशोधित सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम16 के साथ पठनीय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के प्रावधानों के संदर्भ में, स्वतंत्र निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 और लिस्टिंग विनियमों में उल्लिखित स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति के मानदंडों को संतुष्ट करते हुए स्वतंत्रता की घोषणा प्रदान की है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, दिनांक 23 मार्च 2020 को स्वतंत्र निदेशकों की एक अलग बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिकांश स्वतंत्र निदेशक उपस्थित थे।

सरकार द्वारा नामित निदेशकों में परिवर्तन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने 03 अप्रैल, 2019 दिनांकित अपने आदेशानुसार लेफ्टिनेंट जनरल राजीव सभरवाल, एवीएसएम, वीएसएम, सिग्नल ऑफिसर–इन चीफ, रक्षा मंत्रालय, को सरकार द्वारा नामित निदेशक नियुक्त किया। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव सभरवाल, एवीएसएम, वीएसएम की नियुक्ति की तारीख 12 अप्रैल 2019 से प्रभाव, जो निदेशक पहचान संख्या प्राप्त करने की तिथि थी।

कार्यशील निदेशकों में परिवर्तन

श्री के अलगेशन, निदेशक–उत्पादन जिन्हें 01 जून, 2018 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था, अधिवार्षिता की आयु प्राप्त करने पर 30 सितंबर 2019 को पदमुक्त हुए।

कंपनी के निदेशक विपणन श्री राकेश मोहन अग्रवाल को दिनांक 01 अक्तूबर 2019 से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। इसके बाद, भारत सरकार के आदेश सं. एफ सं. ई–14–3 / 2018– पीएसए दिनांक 14 अक्तूबर, 2019 द्वारा श्री राकेश मोहन अग्रवाल को दिनांक 14 अक्तूबर, 2019 से उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख

यानी 30.06.2022 तक या आगे आदेश दिए जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, कंपनी का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया।

भारत सरकार के आदेश सं. ई-14-8 / 2019-पीएसए दिनांक 15 नवंबर, 2019 द्वारा श्री राकेश मोहन अग्रवाल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को दिनांक 14 अक्तूबर, 2019 से निदेशक-विपणन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

कंपनी के निदेशक - मानव संसाधन श्री शशि प्रकाश गुप्ता को 01 अक्तूबर 2019 से 06 नवंबर 2019 तक निदेशक उत्पादन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

तत्पश्चात, भारत सरकार के आदेश सं. एफ नं. ई -14-3 / 2019-पीएसए दिनांक 05 नवंबर 2019 द्वारा श्री वेंकटेश्वरलु को दिनांक 7 नवंबर, 2019 से 31 अगस्त 2022 तक यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख या आगे आदेश दिए जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, कंपनी का निदेशक-उत्पादन के रुप में नियुक्त किया।

भारत सरकार ने अपने आदेश सं. एफ. नं. 14-3/2013-पी.एस.ए.(पी.टी.I) दिनांक 11 दिसंबर 2017 द्वारा कार्यग्रहण करने की तारीख यानी 23 मार्च 2018 से छः महीनों की अवधि के लिए श्री चित्तरंजन प्रधान, (आईपी एंड टी लेखा व वित्त सेवा-1995), एसएजी स्तरीय अधिकारी को निदेशक वित्त के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान, भारत सरकार ने समय-समय पर उनके कार्यकाल को विस्तारित किया है। भारत सरकार ने अपने आदेश दिनांक 22 सितंबर 2020 द्वारा निदेशक वित्त के पद के अतिरिक्त प्रभार को 22 दिसंबर, 2020 तक या नियमित पदधारी की नियुक्ति तक अथवा आगे के आदेश दिए जाने तक, 3 महीनों की अवधि के लिए उक्त समनुदेशन को विस्तारित किया है।

श्री राजीव श्रीवास्तव को भारत सरकार के आदेश सं. ई-14-1/2019-पी.एस.ए. दिनांक 15 अक्तूबर 2020 द्वारा दिनांक 15 अक्तूबर 2020 से प्रभावी करते हुए उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक या आगे के आदेश दिए जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, पाँच वर्षों की अवधि के लिए निदेशक वित्त नियुक्त किया गया ।

बोर्ड वर्ष के दौरान जिन निदेशकों का कार्यकाल समाप्त हुआ, उनके द्वारा प्रदान की गई बहुमूल्य सेवाओं की प्रशंसा करता है।

श्री शशि प्रकाश गुप्ता, निदेशक जो आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में चक्रानुक्रम द्वारा सेवानिवृत्त होते हैं, पात्र होने के कारण पुनः नियुक्ति के लिए स्वयं को प्रस्तुत करते हैं।

निदेशकों तथा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के पारिश्रमिक का विवरण इस वार्षिक प्रतिवेदन की वार्षिक विवरणी के सार तथा कार्पोरेट गवर्नेंस प्रतिवेदन में दिया गया है।

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक में परिवर्तन

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, कार्यात्मक निदेशकों के अलावा, मुख्य वित्त अधिकारी और कंपनी सचिव कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का पद संभालना जारी रख हैं। श्रीमती मालती मेनन ने 05 जनवरी 2020 तक मुख्य वित्त अधिकारी का पद संभाला और निदेशक मंडल ने श्री राजीव श्रीवास्तव को 06 जनवरी 2020 से कंपनी का मुख्य वित्त अधिकारी नियुक्त किया।

बोर्ड की बैठकों की संख्या

वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल की 9 बैठकें, 28 मई 2019, 07 अगस्त 2019, 19 सितंबर 2019, 11 अक्तूबर, 2019, 15 नवंबर 2019, 06 जनवरी 2020, 17 जनवरी 2020, 22 जनवरी 2020 तथा 23 मार्च 2020 को बुलाई गईं। कंपनी अधिनियम, 2013 के नियमों के साथ पठनीय धारा 173(1), सूचीकरण विनियमन और डीपीई दिशानिर्देशों के संदर्भ में बोर्ड की बैठकों की आवृत्ति की आवश्यकताओं के अनुसार अनुपालन किया गया।

लेखा परीक्षा समिति का गठन

आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177, सूचिबद्ध नियमों के विनियम 18 तथा सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसरण में लेखा परीक्षा समिति का गठन किया है।

उक्त समिति में डॉ. के आर शनमुगम,स्वतंत्र निदेशक समिति के अध्यक्ष हैं श्री राजेन विद्यार्थी और श्री मयंक गुप्ता, स्वतंत्र निदेशक और श्री शशि प्रकाश गुप्ता, निदेशक-मानव संसाधन समिति के सदस्य हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान, लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई सभी सिफारिशों को बोर्ड द्वारा स्वीकार कर लिया गया था।

बोर्ड, इसकी समितियों और स्वतंत्र निदेशकों के प्रदर्शन का मूल्यांकन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (पी) के प्रावधानों के अनुसार एक सूचीबद्ध संस्था को बोर्ड, इसकी समितियों और स्वतंत्र निदेशकों के प्रदर्शन के औपचारिक मूल्यांकन के तरीके को दर्शाने वाला एक कथन शामिल करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, उक्त प्रावधानों को सरकारी कंपनियों के लिए छूट दी गई है क्योंकि निदेशकों के प्रदर्शन का मूल्यांकन प्रशासनिक मंत्रालय यानी संचार मंत्रालय द्वारा निर्धारित मूल्यांकन पद्धति के अनुसार किया जाता है।

निदेशकों के चयन और नियुक्ति तथा उनके पारिश्रमिक के लिए नीति

योग्यता का निर्धारण, सकारात्मक गुण, निदेशक की स्वतंत्रता के लिए मानदंड सहित निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक पर नीति से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (ई) के प्रावधान और धारा 178 (3) में निहित अन्य मामले सरकारी कंपनियों के लिए छूट प्राप्त है।

जोखिम प्रबंधन नीति

सूचीकरण विनियमों के विनियम 21 के तारतम्य में,कंपनी ने जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है। समिति के विवरण और अन्य विवरण कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में दिए गए हैं और जोखिम प्रबंधन पर एक विस्तृत टिप्पणी प्रबंधन के विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट में दी गई है। कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति वेबसाइट https://www.itiltd.in/investor_information पर उपलब्ध है।

व्हिसल ब्लोअर नीति/सतर्कता तंत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 (9), सूचीकरण विनियमों के विनियमन 22 और डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 4.3 के प्रावधानों के संदर्भ में, आपकी कंपनी के पास वास्तविक चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए निदेशकों और कर्मचारियों के लिए ''व्हिसल ब्लोअर नीति'' नामक एक सतर्कता तंत्र है। व्हिसल ब्लोअर नीति कंपनी के वेबसाइट https://www.itiltd.in/vigilance पर उपलब्ध है। नीति का विवरण कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

कर्मचारियों का विवरण

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2015 के साथ पठनीय कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले कंपनी का कोई भी कर्मचारी नहीं थे।

प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

एक अलग खंड 'प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट' को वार्षिक रिपोर्ट के **अनुलग्नक-5** में शामिल किया गया है और यह निदेशकों की रिपोर्ट का एक अंश है।

कॉर्पोरेट सरकार की रिपोर्ट

सूचीबद्ध नियमों में कॉर्पोरेट प्रशासन शर्तों के अनुपालन पर कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट और कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देश निदेशकों की रिपोर्ट का हिस्सा बनते हैं। उपरोक्त कॉर्पोरेट गवर्नेंस स्थितियों के अनुपालन पर प्रमाणपत्र कंपनी सचिव का अभ्यास करने से प्रमाणपत्र भी निदेशकों की रिपोर्ट का हिस्सा बनता है।

वार्षिक प्रतिप्राप्ति का सार

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 की धारा 92(3) तथा नियम 12 के अंतर्गत यथापेक्षित प्रपत्र एमजीटी 9 में वार्षिक प्रतिप्राप्ति का सार इस रिपोर्ट में **अनुबंध-6** में संलग्न हैं।

संबंधित पार्टियों के साथ लेन-देन

कंपनी ने संबंधित पार्टी के साथ लेन-देन पर एक नीति तैयार की है जो कंपनी की वेबसाइट http://www.itiltd.in/investor_information पर भी उपलब्धा है। वर्ष के दौरान दर्ज संबंधित पार्टियों का लेन-देन सामान्य व्यवसाय जैसा तथा स्वयं स्थापित एवं स्वतंत्र आधार पर था। सामग्री संबंधित पार्टी का लेन-देन नहीं था जैसे वार्षिक समेकित व्यवसाय के दस प्रतिशत से अधिक लेन-देन नहीं था जैसा कि आपकी कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान दर्ज पिछले संपरीक्षित वित्तीय विवरण से स्पष्ट है। तदनुसार, फार्म एओसी 2 में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एच) द्वारा अपेक्षित संबंधित पार्टी लेन-देन का प्रकटीकरण लागू नहीं है।

वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख और इस रिपोर्ट की तारीख के बीच की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन

कोविड–19 महामारी का प्रभाव

कोविड –19 महामारी ने अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व अनिश्चितता पैदा की और कारोबार तथा सामान्य रूप से आर्थिक गतिविधियों को बाधित किया है। सभी यूनिटों में विनिर्माण गतिविधियाँ और परियोजनाओं का कार्य–निष्पादन आवश्यक कर्मचारियों को छोड़कर, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार 22 मार्च 2020 से बंद कर दिया गया था। इसके बाद 20 अप्रैल 2020 से सभी यूनिटों और निगमित कार्यालय में चरणबद्ध तरीके से कामकाज धीरे–धीरे फिर से शुरू किया गया। घटकों / कच्चे माल, आदेश प्राप्त करने, कार्यशील पूंजी संबंधी बाधाओं के कारण उत्पादन और परियोजनाओं का कार्य–निष्पादन प्रभावित होने की संभावना है, जो कंपनी के कामकाज को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, मजबूत आर्डर बुक के साथ, कंपनी को पूरा विश्वास है कि वह उत्पादन अंतराल की समस्या का सामना करने में सक्षम होगी।

विविधीकृत उत्पादों के साथ, आईटीआई वित्तीय वर्ष 2020–21 के कारोबार पर इसके प्रभाव को कम करने का प्रयास करेगी। आईटीआई ने फेस शील्ड, डिटैचेबल फेस मास्क, फेस मास्क डिस्पोजल सिस्टम, फुट ऑपरेटेड हैंड सैनिटाइजर, सैनिटाइजिंग टनल विकसित किए हैं जिनकी आपूर्ति कोविड के योद्धाओं को की जा रही है। आईटीआई पोर्टेबल वेंटिलेटर के निर्माण के लिए डीआरडीओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किया है और इसका प्रोटोटाइप आईटीआई द्वारा विकसित किया जा रहा है। अच्छी बात यह है कि सरकार द्वारा की गई पहल 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' में आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादन को महत्व दिया जा रहा है जो कंपनी के कामकाज पर अनुकूल प्रभाव डाल सकता है।

पीएम केयर्स फंड में अंशदान

आपकी कंपनी ने प्रधान मंत्री केयर्स फंड में 1.09 करोड़ रुपये का अंशदान दिया है। आपकी कंपनी के कर्मचारियों ने इस निधि में अपने एक दिन के वेतन का कुल 45 लाख रुपये का अंशदान दिया ।

राहत उपाय

देशव्यापी बंद के कारण तथा सामाजिक उपाय के रूप में, आसपास के लोगों की मदद करने के लिए, कंपनी ने अपने कार्य स्थलों के आसपास के इलाकों में खाने का सामान का किट उपलब्ध कराया।

कंपनी की सक्रिय कारोबार की स्थिति और भावी प्रचालनों को प्रभावित करने वाले विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण आदेशों के विवरण : शून्य

निदेशकों का उत्तरदायित्व कथन

निदेशकों ने संपुष्ट किया कि :

क 31 मार्च 2020 को समाप्ति वार्षिक वित्तीय विवरण को तैयार करने में सामग्री प्रस्थान संबंधी समुचित व्याख्या के साथ लागू लेखाकरण मानकों का अनुसरण किया गया है;

ख सतत ढंग से ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन एवं इन्हें लागू किया गया है तथा युक्तियुक्त एवं बौद्धिक निर्णय और प्राक्कलन इस प्रकार किए गए हैं कि 31 मार्च 2020 को कंपनी के कार्य की स्थिति तथा उस तारीख को कंपनी के लाभ की सही एवं स्पष्ट दृष्टि करा सकें ;

ग कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखा एवं अन्य अतियमितताओं को रोकने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार समुचित लेखाकरण दस्तावेजों के रखरखाव हेतु यथोचित एवं पर्याप ध्यान दिया गया है ;

घ चालू संबंधों के आधार पर वार्षिक वित्तीय विवरण तैयार किया गया है।

ङ आंतरिक वित्तीय नियंत्रण समुचित स्थान –पर था और वित्तीय नियंत्रण यथोचित था और इसका संचालन प्रभावी ढंग से हुआ ;तथा

च अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली, लागू नियमों के सभी प्रावधानों के अनुरूप थी और ऐसी प्रणाली यथोचित थी और इसका संचालन प्रभावी ढंग से हुआ।

ऋण, गारंटी अथवा निवेश का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के अंतर्गत आवृत्त ऋण, गारंटी तथा निवेश का विवरण, वित्तीय विवरण के नोट में दिया गया है।

मनोरंजन व्यय एवं विदेश यात्रा

मनोरंजन पर व्यय 0.87 लाख रुपये था। वर्ष के दौरान कंपनी के कर्मचारियों द्वारा विदेश की सरकारी यात्रा पर व्यय 0.10 लाख रुपये था।

उर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन तथा बर्हिगमन :

उर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन तथा बर्हिगमन के प्रति विवरण कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 के अंतर्गत, कंपनी (लेखा) अधिनियम, 2014 के नियम 8 के साथ पढ़ा जाए, प्रकट करना अपेक्षित है जिसे **अनुबंध–7** में संलग्न किया गया है।

70वीं एजीएम की तारीख का विस्तारण

कोविड 19 महामारी की चुनौतियों के कारण, कंपनी पंजीयक (आरओसी), बेंगलूरु ने अपने आदेश दिनांक 08 सितंबर 2020 द्वारा आरओसी, बेंगलूरु के अधिकार क्षेत्र में आने वाली कंपनियों जो नियत तारीख के भीतर एजीएम आयोजित करने में असमर्थ थे, को 31 मार्च 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए एजीएम आयोजित करने के समय में एजीएम आयोजित करने की नियत तारीख से तीन महीनों की अवधि का विस्तारण प्रदान किया ।

आभार स्वीकृति

निदेशक मंडल वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्त उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए आईटीआई लिमिटेड के कर्मचारियों के समर्पित और ईमानदार प्रयासों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करता है। मंडल भारत सरकार, विशेष रूप से संचार मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ समय-समय पर विभिन्न राज्य सरकारों, नियामकों और वैधानिक प्राधिकरणों को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद देता है। बोर्ड अपने सभी हितधारकों, जिसमें बैंकर, निवेशक, सदस्य, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, सचिवीय लेखा परीक्षक, लागत लेखा परीक्षक, आंतरिक लागत लेखा परीक्षक, ग्राहक, विक्रेता आदि शामिल हैं, को उनके निरंतर समर्थन और कंपनी पर किए गए विश्वास के लिए धन्यवाद है।

निदेशक मण्डल के लिए तथा उनकी ओर से

स्थान : बेंगलूरु
तारीख : 2 नवंबर, 2020

राकेश मोहन अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट का अनुबंध

सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में किये गये अवलोकनों पर कंपनी का जवाब

बिन्दु सं	सांविधिक लेखापरीक्षकों के अवलोकन	कंपनी की टिप्पणी
योग्यता मात्रा नहीं :		
क)	बेंगलूरु मेट्रोपोलिटन ट्रान्सपोर्ट कॉपोरेशन को पट्टे पर दी गई भूमि (बीएमटीसी को पट्टे पर देने के लिए प्रस्तावित 12.15 एकड़ की सीमा तक जो पहले ही बीएमटीसी के अधिग्रहण में है, आगे हमें बताई गई जानकारी के आधार पर, बीएमटीसी ने अतिरिक्त 1.85 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है), पर पट्टा अनुबंध एवं शर्तों भारत सरकार के लंबित अनुमोदन, आगत किराया को आय के रूप में नहीं लिया गया है। बिक्री हेतु करार के अंतर्गत पूर्व में बीएमटीसी से प्राप्त 285.00 लाख रुपये की राशि को जमा के अंतर्गत रखा गया है। (नोट 31.16 का संदर्भ लें)	एक सौहार्दपूर्ण समाधान तक पहुंचने के लिए बीएमटीसी के साथ मामले पर चर्चा चल रही है।
ख)	कर्नाटक पावर ट्रॉन्समिशन कॉपोरेशन लिमिटेड (केपीटीसीएल) को पट्टे पर दी गई भूमि (केपीटीसीएल को पट्टे पर देने के लिए प्रस्तावित 5 एकड़ की सीमा तक जो पहले ही केपीटीसीएल के अधिग्रहण में है), पर किराये की आय को पट्टा करार के अंतिम रूप होने में विलंब के कारण आय के रूप में नहीं लिया गया है। (संदर्भ नोट सं. 31.18 का संदर्भ लें)	केपीटीसीएल भूमि मामले के शीघ्र निपटारे हेतु कंपनी द्वारा प्रयास किये जा रहें हैं ।
योग्यता मात्रात्मक		
क)	वसूली की संदेहास्पद मांग के प्रति 5847.90 लाख रुपये का प्रावधान न होना। 31.03.2011 तक सी-डॉट को पट्टे पर दिये गये परिसर पर प्राप्त करने योग्य है, तथा 31.03.2011 के बाद उसी परिसर हेतु कोई किराया नहीं और वसूली की अनिश्चितता के कारण प्रोद्भूत आधार पर लिया गया है । (नोट सं. 31.22 का संदर्भ लें);	कंपनी सी-डॉट से बाकी किराया के लंबित मामले को हल करने के लिए दूरसंचार विभाग के साथ अनुसरण कर रही है, बाद में दूरसंचार विभाग ने आगे की कार्रवाई के लिए अनुशीलन हेतु आईटीआई को आईटीआई बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की सूचना दी है। कंपनी की दृष्टि में ऐसी स्थिति में मामले के अंतिम निपटारा तक 5847.90 लाख रुपये का प्रावधान अपेक्षित नहीं है ।

सचिवीय लेखा परीक्षक की टिप्पणियों का उत्तर

सचिवीय लेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ	कंपनी का स्पष्टीकरण
कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री सदय कृष्ण कनोरिया का कार्यकाल 23 नवंबर 2019 को पूरा होने के परिणामस्वरूप कंपनी ने कंपनी के निदेशक मंडल की रचना के संबंध में एलओडीआर के विनियमन 17 के प्रावधानों (स्वतंत्र निदेशकों का समुचित संतुलन) का अनुपालन नहीं किया है।	आईटीआई लिमिटेड, एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते, कंपनी के बोर्ड में निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। श्री सदय कृष्ण कनोरिया, स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल दिनांक 23.11.2019 को पूरा हो गया था, जिसके बाद बोर्ड की संरचना सेबी के सूचीबद्ध नियमों के प्रावधानों के अनुसार नहीं थी। हालांकि, कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति के लिए प्रस्ताव प्रशासनिक मंत्रालय के साथ प्रक्रियाधीन है।

निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 2 नवंबर, 2020

राकेश मोहन अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अनुलग्नक – 1

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का संलग्नक

प्रपत्र संख्या एओसी–1

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (3) के अनुसार,

संयुक्त उद्यम से संबंधित कंपनी के नियम 2014 (लेखा) नियम 5 के साथ पठित है

संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की मुख्य विशेषताएं वाले वक्तव्य

भाग ''अ'' : सहायक –लागू नहीं

भाग ''ब'' : सहयोगी और संयुक्त उद्यम

क्रम सं.	संयुक्त उद्यम का नाम	इंडिया सैटकॉम लिमिटेड
1.	नवीनतम लेखापरीक्षित तुलन पत्र की तिथि	31.03.2020
2.	वर्ष के अंत में कंपनी द्वारा रखी गई संयुक्त उद्यमों के शेयर	10 रुपये प्रत्येक के 16,21,800 इक्विटी शेयर
3.	संयुक्त उद्यम में निवेश की राशि	40.55 लाख रूपये
4.	स्वामित्वि का विस्तार %	49%
5.	महत्वपूर्ण प्रभाव कैसे है इसका विवरण	49% की सीमा तक इक्विटी में प्रदत्त
6.	संबद्ध / संयुक्त उद्यम समेकित नहीं होने के कारण	लागू नहीं
7.	पुनर्मूल्यांकन रिजर्व के बिना नवीनतम लेखापरीक्षित तुलन–पत्र के अनुसार शेयर होल्डिंग के लिए निवल मूल्य जिम्मेदार है।	(1,479.75) लाख रूपये
8.	वर्ष के लिए लाभ / हानि	
	i. समेकन में विचार	जी हाँ
	ii. समेकन में विचार नहीं किया गया	लागू नहीं

निदेशक मंडल के लिए तथा उनकी ओर से

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 2 नवंबर, 2020

राकेश मोहन अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अनुलग्नक – 2

फार्म सं. एमआर–3

31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की सचिवालयीन लेखा परीक्षा रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 204(1) तथा कंपनी (प्रबंधन कार्मिक की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में

सेवा में
सदस्य
आईटीआई लिमिटेड
(सीआईएन: एल32202केए1950जीओआई000640)
आईटीआई भवन, दूरवाणी नगर,
बेंगलूरु – 560016

मैंने लागू सांविधिक उपबंधों के अनुपालन तथा आईटीआई लिमिटेड(सीआईएन:एल32202केए1950जीओआई000640) (इसके बाद कंपनी कहा जाएगा) द्वारा पालन की गई अच्छी कॉर्पोरेट प्रक्रिया में सचिवालयीन लेखा परीक्षा संचालित की है। सचिवालयीन लेखा परीक्षा इस ढंग से संचालित की गई कि कॉर्पोरेट आचरण/ सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन हेतु मुझे एक युक्तियुक्त आधार मिला और उसके अनुसार मैंने विचार व्यक्त किया ।

कंपनी की पुस्तकों, कागजातों, कार्यवृत्त पुस्तकों, प्रपत्रों एवं रिटर्न का मेरे द्वारा किए गए सत्यापन और कंपनी द्वारा बना कर रखे गए अन्य अभिलेखों और सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान कंपनी, उसके अधिकारियों, एजेंटों और अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं, हमें दिए गए स्पष्टीकरण एवं व्याख्यात्मक विवरण और प्रबंधन द्वारा किए गए अभ्यावेदन और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा दी गई छूटों पर विचार करते हुए कोविड–19 वैश्विक महामारी के फैलाव के कारण, मैं एतद्द्वारा रिपोर्ट करता हूँ कि मेरी राय में, कंपनी ने 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वित्त वर्ष की लेखा परीक्षा अवधि के दौरान आम तौर पर यहां सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन करती रही है और यह भी कि कंपनी के पास उचित बोर्ड हैं – प्रक्रियाएं और अनुपालन तंत्र सुव्यवस्थित रूप में है, उसके तरीके और उसके बाद की गई रिपोर्टिंग के अधीन निम्नानुसार है :

मैंने बही, कागजात,कार्यवृत्त बही, फाइल किये गये फार्म एवं वापसी तथा आईटीआई द्वारा अनुरक्षित अन्य अभिलेखों पर 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की जांच निम्न उपबंधों के अनुसार की है :

1 कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उसके अंदर बनाये गये नियम,

2 सुरक्षा संविदा (विनियम) अधिनियम,1956 (''एससीआरए'') तथा उसके अंदर बनाये गये नियम,

3 जमाराशि अधिनियम, 1996 तथा उसके अंदर बनाये गये विनियम और उपनियम,

4 विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 तथा उसके अंदर सीधे विदेश निवेश, समुद्रपारीय सीधे निवेश की सीमा तथा बाह्य वाणिज्यिक उधारी ।

5 कंपनी के लिए लागू सीमा तक भारत के सुरक्षा एवं विनिमय बोर्ड के अंतर्गत निम्न विनियम एवं मार्गदर्शन निर्धारित किए गये:

क. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर का वास्तविक अर्जन तथा अधिग्रहण) विनियम, 2011;

ख. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियम, 2015 ;

ग. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी जारी करना तथा आवश्यकता प्रकटीकरण) विनियम, 2018;

घ. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक क्रय योजना) मार्गदर्शी, 1999/ भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (कर्मचारी लाभ पर आधारित शेयर) विनियम, 2014 - **लेखा परीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं ।**

ङ. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों को जारी करना एवं सूची बनाना) विनियम, 2008- **(लेखा परीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं)**।

च. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (किसी मामले तथा शेयर हस्तांतरण एजेण्टों के पंजीयक) विनियम, 1993 कंपनी अधिनियम 2013 तथा ग्राहकों के साथ व्यवहार के संबंध में।

छ. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयर को सूची से हटाना) विनियम, 2009; - **(लेखा परीक्षा अवधि के दौरान लागू नहीं) ।** तथा

ज. भारत का प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की वापसी खरीद) विनियम, 2018; - **वर्ष के दौरान सूची से कोई वापसी खरीद नहीं की गई ।**

मैंने निम्नलिखितों को लागू खंडों के अनुरूप अनुपालन के लिए भी जांच की है:

i) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक।

ii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 (एलओडीआर)।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने उपर्युक्त अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

मैं आगे रिपोर्ट करता हूँ कि कंपनी में प्रचलित अनुपालन प्रणाली को ध्यान में रखते हुए और संबंधित दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच के बाद, विभागों के प्रमुखों द्वारा बनाए गए अनुपालन प्रमाणपत्र और उन्हें कंपनी के निदेशक मंडल को प्रस्तुत किए गए, परीक्षण-जांच के आधार पर, कंपनी ने विशेष रूप से कंपनी के साथ लागू निम्नलिखित कानूनों / दिशानिर्देशों / नियमों का अनुपालन किया है :

i) लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी दिशानिर्देश

ii) संचार मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश

iii) भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997

iv) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000

v) ई-कचरा/अपशिष्ट(प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2016

vi) समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश / विनियम

मैं आगे रिपोर्ट करता हूं कि, लागू वित्तीय कानूनों का कंपनी द्वारा अनुपालन जैसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर कानून और वित्तीय अभिलेखों और खातों पुस्तकों के रखरखाव की समीक्षा, इस लेखा परीक्षा में नहीं की गई है क्योंकि यह वैधानिक वित्तीय लेखा परीक्षकों, कर लेखा परीक्षकों और अन्य नामित पेशेवरों द्वारा समीक्षा के अधीन है।

मैं आगे रिपोर्ट करता हूं कि समीक्षाधीन वर्ष के लिए :

- ***कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री सदय कृष्ण कनोरिया का कार्यकाल 23 नवंबर 2019 को पूरा होने के परिणामस्वरूप कंपनी ने कंपनी के निदेशक मंडल की रचना के संबंध में एलओडीआर के विनियमन 17 के प्रावधानों (स्वतंत्र निदेशकों का समुचित संतुलन) का अनुपालन नहीं किया है।***

मैं आगे रिपोर्ट करता हूं कि:

अ. कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन किया गया है और समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में बदलाव किए गए हैं। हालांकि, कंपनी ऊपर उल्लिखित एलओडीआर के विनियमन 17 के प्रावधानों के तहत आवश्यक स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या को नियुक्त करने में सक्षम नहीं हो पाई है।

आ. बोर्ड की बैठक के आयोजन हेतु सभी निदेशकों को कार्यसूची तथा कार्यसूची पर व्याख्यात्मक टिप्पणी की समुचित सूचना कम से कम सात दिन पहले दी गई तथा बैठक के पहले कार्यसूची मदों पर और सूचना तथा स्पष्टीकरण मांगने एवं प्राप्त करने के साथ ही साथ बैठक में सार्थक सहभागिता के लिए एक प्रणाली विद्यमान है ।

इ. बोर्ड की बैठक में सभी निर्णयों को अपेक्षित बहुमत से किया जाता है जैसा कि निदेशक मंडल की बैठक के कार्यवृत में दर्ज की जाती है जैसा कि मामला हो।

ई. मैं आगे रिपोर्ट करता हूं कि जैसा कंपनी ने प्रस्तुत किया और मैं विश्वस्त हुआ, कंपनी में इसके आकार एवं प्रक्रिया के साथ, लागू कानून, नियम, विनियम तथा मार्गदर्शनों के अनुश्रवण एवं इसे सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली एवं प्रक्रिया विद्यमान है ।

उ. मैं आगे रिपोर्ट करता हूं कि लेखा परीक्षा अवधि के दौरान, उपरोक्त उल्लिखित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों के अनुपालन में कंपनी के मामलों पर प्रमुख से प्रभाव डालने वाली घटनाएं/क्रियाएं निम्नलिखित हैं :

i) 05 सितंबर 2019, को कंपनी ने महानगर दूरसंचार निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) द्वारा आयोजित 100 रुपए प्रत्येक मूल्य के 1,00,00,000 का 8.75% संचयी प्रतिदेय वरीयता शेयरों को भुनाया है, जो कुल औसत 100,00,00,000/- रुपये के थे और भारत सरकार से औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण (बीआईएफआर) के लिए बोर्ड के आदेश 8 जनवरी 2013 और वित्तीय सहायता पत्र दिनांकित 24 फरवरी 2014 के अनुसार प्राप्त अनुदान / सहायता की आय में से थे।

ii) 06 सितंबर 2019, कंपनी ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा आयोजित 100 रुपए प्रत्येक मूल्य के 2,00,00,000/- 7.00% संचयी प्रतिदेय वरीयता शेयरों को भुनाया है, जो कुल 200,00,00,000/- रुपये के थे और भारत सरकार से औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण (बीआईएफआर) के लिए बोर्ड के आदेश 8 जनवरी 2013 और वित्तीय सहायता पत्र दिनांकित 24 फरवरी 2014 के अनुसार प्राप्त अनुदान / सहायता की आय में से थे।

iii) 17 जनवरी 2020 को, कंपनी ने कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) के साथ रेड हेरिंग सूचीपत्र (आरएचपी) दायर किया था और कंपनी के 180,000,000 इक्विटी शेयरों तक के एक ताजा निर्गमन को शामिल करते हुए आगे सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ) के संबंध में आरओसी की पावती को दिनांक 18/01/2020 को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के साथ दायर किया गया और कर्मचारी आरक्षण भाग के तहत रुपये 10/- प्रति इक्विटी शेयर, रुपये 18,18,00,000/- औसतन के कंपनी के पात्र कर्मचारियों को अतिरिक्त 18,00,000 इक्विटी शेयर जारी किए गए। इसे 24 जनवरी 2020 को 72/- से 77/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर रुपये के मूल्य बैंड पर खोला गया था, इसे संशोधित मूल्य बैंड 71/- रुपये से 77/- रुपये के साथ 31 जनवरी 2020 तक और आगे 05 फरवरी 2020 तक बढ़ाया गया। हालांकि, बाजार की मौजूदा स्थितियों के कारण बुक रनिंग मर्चेंट बैंकर्स की सलाह के आधार पर, कंपनी ने 05 फरवरी 2020 को एफपीओ वापस ले लिया था।

iv) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 और धारा 62 के प्रावधान और कंपनी (सूचीपत्र और प्रतिभूति का आबंटन) नियम 2014 का नियम 14, कंपनी के लिए लागू नहीं होते हैं क्योंकि 2,81,19,508 इक्विटी शेयर के अधिमान्य मुद्दे के रूप में 10 रूपये/ - 46.90 / की एक प्रीमियम पर प्रत्येक - भारत के राष्ट्रपति के लिए आवंटित बीमार औद्योगिक कंपनियों के पुनर्वास योजना (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के तहत औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण (बीआईएफआर) बोर्ड द्वारा अनुमोदित शर्तों के तहत 23 मार्च 2020 को किया गया है।

v) समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के पास सेबी के विनियमन 38 (सूचीबद्ध दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम 2015, प्रतिभूति अनुबंध (विनियम) नियम, 1957 के साथ 03 अगस्त 2018 को संशोधित अधिसूचना के साथ पढ़ें, के अनुसार पच्चीस (25%) की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता की आवश्यकता के अनुपालन के लिए 03 अगस्त 2020 तक का समय है। समय सीमा को दिनांक 31 जुलाई 2020 की अधिसूचना द्वारा 3 अगस्त 2021 तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक: 20 अगस्त, 2020

डी. वेंकटेश्वरलु
कंपनी सचिव
एफसीएस सं 8554 : सीपी सं7773
यूडीआईएन : एफ008554बी000596691

इस रिपोर्ट को मेरे इसी तारीख के पत्र के साथ पढ़ा जाए जो अनुबंध ए के रूप में संलग्न है तथा फार्म इस रिपोर्ट का एक अभिन्न भाग है ।

''अनुबंध – क''

सेवा में,
सदस्यगण
मेसर्स आईटीआई लिमिटेड
(सीआईएन: एल32202केए1950जीओआई000640)
आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर
बेंगलूरु - 560 016

समदिनांकित तिथि से मेरा यह रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ा हुआ समझे ।

1. सचिवीय रिकार्ड के रखरखाव की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है । मेरी जिम्मेदारी, ऑडिट के आधार पर किए गए इन सचिवीय रिकॉर्ड पर एक राय व्यक्त करने की है।
2. सचिवीय रिकॉर्ड की सामग्री की सत्यता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए जहाँ तक उपयुक्त थे, मैंने ऑडिट प्रथाओं और प्रक्रियाओं का पालन किया है । सही तथ्य सचिवीय रिकार्ड में परिलक्षित हों, यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन के आधार पर परीक्षण किया गया । हम प्रक्रियाओं और प्रथाओं में विश्वास रखते हैं, हम अपनी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करते हैं ।
3. मैं, वित्तीय रिकार्ड और कंपनी के खातों की पुस्तक की सत्यता और औचित्यक को सत्यापित नहीं किया है ।
4. जहाँ कहीं आवश्यक हो, मैं कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन के बारे में और घटनाओं आदि से संबंधित, प्रबंधन प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है ।
5. निगमित और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालना, प्रबंधन की जिम्मेदारी है । मेरी परीक्षा परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन के लिए सीमित था।
6. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी के भविष्य की व्यवहार्यता के रूप में एक आश्वासन है और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता जिसके साथ कंपनी के मामलों का आयोजन प्रबंधन के साथ किया गया है ।

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक: 20 अगस्त, 2020

डी. वेंकटेश्वरलु
कंपनी सचिव
एफसीएस सं8554 : सीपी सं7773
यूडीआईएन : एफ008554बी000596691

सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

1. **कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा, जिसमें प्रस्तावित परियोजनाओं या कार्यक्रमों का अवलोकन और सीएसआर नीति और परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए वेब–लिंक का संदर्भ शामिल है:**

   आईटीआई लिमिटेड दूरसंचार उद्योग में एक महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी बनने के अपने दृष्टिकोण को पूरा करने और सीएसआर पहल के माध्यम से समाज की आर्थिक स्थिति, पर्यावरण और समाज की चिंताओं को दूर करने का प्रयास करता है। सीएसआर नीति का उद्देश्य नीचे दिया गया है :

   क. सीएसआर गतिविधियों को आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से सतत तरीके से संचालित करना जो पारदर्शी और नैतिक हो।

   ख. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और स्थिरता के दर्शन के साथ कंपनी के मुख्य मूल्यों को एकीकृत करना।

   ग. सभी स्तरों पर कर्मचारियों के लिए सीएसआर और स्थिरता की भावना को शामिल करना और कंपनी की सभी गतिविधियों, प्रक्रियाओं, संचालन और लेनदेन में प्रेरित करना।

   घ. कंपनी के सर्वोत्तम हित में और कंपनी के अन्य हितधारकों के लिए समय–समय पर बोर्ड द्वारा उपयुक्त या निर्धारित के रूप में किसी अन्य मामले को लेना।

   कंपनी की सीएसआर नीति कंपनी की वेबसाइट http://www.itiltd.in/investor_information पर उपलब्ध है।

2. **सीएसआर समिति की संरचना:**

श्री राकेश मोहन अग्रवाल	–	अध्यक्ष
श्री शशि प्रकाश गुप्ता	–	सदस्य
श्री डी वेंकटेश्वरलु	–	सदस्य
डॉ अकिलेश दुबे	–	सदस्य

3. **पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी का औसत निवल लाभ : 31.67 करोड़ रुपये**

4. **निर्धारित सीएसआर व्यय (उपरोक्त मद 3 में उल्लिखित राशि का 2%) :0. 63 लाख रुपये**

5. **वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च किए गए सीएसआर का विवरण**

   वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की जाने वाली कुल राशि : 63 लाख रुपये

   खर्च न की गई राशि, यदि कोई, हो : शून्य

   (क) वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गई राशि का तरीका नीचे दिया जाता है :

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
क्रम सं.	**पहचान की गई सीएसआर परियोजना या गतिविधि**	**क्षेत्र जिसमें परियोजना को कवर किया गया है**	**परियोजनाएं या कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य (2) राज्य और जिले निर्दिष्ट करें जहां परियोजनाएं या कार्यक्रम किए जाते हैं**	**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना या कार्यक्रम अन्यथा (राशि रुपये में)**	**परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर खर्च की गई राशि उप–प्रमुख (1) परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय (2) ओवरहेड्स**	**समीक्षाधीन अवधि तक संचयी व्यय**	**खर्च की गई राशि: प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से**
1	प्रधान मंत्री केयर फंड में योगदान	स्वास्थ्य सेवा (अनुसूची VII का मद सं. viii)	पैन इंडिया	64.00 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
2	''स्नेहालय'' का प्रबंधन: विशेष बच्चों के लिए आईटीआई स्कूल (बौद्धिक रूप से विकलांग)	विशेष शिक्षण (अनुसूची VII का मद सं. ii)	स्थानीय क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	15.00 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
3.	आसपास के क्षेत्र में बच्चों के लाभ के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में ग्रीष्म कालीन कैंप का आयोजन	व्यावसायिक कौशल (अनुसूची VII का मद सं. ii)	स्थानीय क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	03.00 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
4.	आईटीआई टाउनशिप में जनरल पार्क का अनुरक्षण, जिसका इस्तेमाल आम जनता करती है	पर्यावरण (अनुसूची VII का मद सं. iv)	स्थानीय क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	5.00 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
5.	गतिविधि के दिनों में सहायता प्राप्त राजकीय स्कूली बच्चों को आईटीआई जनरल कैंटीन में तैयार भोजन की आपूर्ति।	भूख मिटाना (अनुसूची VII का मद सं. i)	स्थानीय क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	4.00 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
6.	बेहतर पर्यावरण के लिए टाउनशिप में खाली जमीन पर और चयनित क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के 1,000 पौधे लगाना।	पर्यावरण (अनुसूची VII का मद सं. iv)	स्थानीय क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	0.75 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
7.	निकटवर्ती बोवी कॉलोनी के निवासियों को मुफ्त जल आपूर्ति का वितरण	स्वास्थ्य सेवा (अनुसूची VII का मद सं. viii)	स्थानीय क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	2.00 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
8.	रिंग रोड और बैक्यार्ड की फेस लिफ्टिंग।	पर्यावरण (अनुसूची VII का मद सं. iv)	स्थानीय क्षेत्र, बेंगलूरु, कर्नाटक	1.75 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
9.	जिला सरकारी अस्पताल, पालक्काड को डस्टबिन, सफाई के सामान और सेवाओं का दान ।	स्वच्छता (अनुसूची VII का मद सं. i)	पालक्काड, केरल	0.25 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
10.	दान – जरूरतमंदों (विशु किट) की मदद करना।	भूख और दरिद्रता मिटाना (अनुसूची VII का मद सं. i)	पालक्काड, केरल	0.05 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
11.	कारखाने के वातावरण – छात्रों के लिए शिक्षाण।	पर्यावरण (अनुसूची VII का मद सं. ii)	अन्य क्षेत्र पालक्काड, केरल, तमिलनाडू	0.25 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
12.	हरित क्रांति	पर्यावरण (अनुसूची VII का मद सं. iv)	पालक्काड, केरल,	0.05 लाख	प्रत्यक्ष व्यय	लागू नहीं	प्रत्यक्ष
	कुल			96.10 लाख			

6. **यदि कंपनी पिछले तीन वित्तीय वर्षों या उसके किसी भी अंश के औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है, राशि खर्च नहीं करने का कारण कंपनी अपनी बोर्ड रिपोर्ट में बताएगी।**

   लागू नहीं

7. **सीएसआर समिति का एक उत्तरदायित्व कथन जो कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी, सीएसआर उद्देश्यों और कंपनी की नीति के अनुपालन में है :**

   एतद्द्वारा यह बताया जाता है कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी, सीएसआर उद्देश्यों और कंपनी की नीति के अनुपालन में है।

स्थानि : बेंगलूरु
दिनांक : 2 नवबंर, 2020

राकेश मोहन अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
समिति के अध्यक्ष

अनुबंध – 4

व्यावसायिक दायित्व रिपोर्ट

भाग क : कंपनी के बारे में सामान्य जानकारी

1.	कंपनी का कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	एल32202केए1950जीओआई000640
2.	कंपनी का नाम	आईटीआई लिमिटेड
3.	पंजीकृत पता	आईटीआई भवन, दूरवाणि नगर, बेंगलूरु -560 016
4.	वेबसाइट	www.itiltd.in
5.	ई-मेल आईडी	cosecy_crp@itiltd.co.in
6.	रिपोर्ट किया गया वित्तीय वर्ष	2019-20
7.	कंपनी के कारोबार का क्षेत्र (औद्योगिक गतिविधि कोडवार)	दूरसंचार प्रौद्योगिकी, टर्नकी परियोजना निष्पादन, संचार प्रणाली और उत्पादन की विनिर्माण और आपूर्ति।
8.	तीन प्रमुख उत्पाद/सेवाओं की सूची दें, जो कंपनी द्वारा निर्मित/प्रदान किया जाता है (तुलन पत्र के अनुसार)	(क) जीपॉन और संबंधित उपकरणों का विनिर्माण, आपूर्ति और अनुरक्षण (ख) भारतीय रक्षा के लिए एन्क्रिप्शन उत्पादों के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और अनुरक्षण (ग) ऑप्टिकल संचार नेटवर्क (दूरसंचार उपकरण, ओएफसी और एचडीपीई डक्ट, सोलर, फाइबर बिछाने और नेटवर्क के अनुरक्षण की आपूर्ति और स्थापना) के लिए भारतनेट परियोजना के निष्पादन जैसी टर्नकी परियोजनाएं)
9.	कुल स्थानों की संख्या, जहां कंमनी द्वारा व्यवसाय गतिविधि की जाती है (क)अंतर्राष्ट्रीय स्थानों की संख्या (प्रमुख 5 के विवरण प्रदान करें) (ख) राष्ट्रीय स्थानों की संख्या	 शून्य विनिर्माण इकाइयाँ: बेंगलूरु (कर्नाटक), पालक्काड (केरल), रायबरेली(उत्तर प्रदेश), मानकापुर(उत्तर प्रदेश), नैनी (उत्तर प्रदेश), श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) नेटवर्क सिस्टम यूनिट (स्थापना और अनुरक्षण सेवाएं): बेंगलूरु विपणन सेवाएँ परियोजना : बेंगलूरु, मुंबई, नई दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, भुवनेश्वर, लखनऊ और हैदराबाद स्थानीय/क्षेत्र विपणन कार्यालय: तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, पुणे, नागपुर, अहमदाबाद, रांची, दीमापुर, रायपुर, गुवाहाटी, जयपुर, चंडीगढ़, भोपाल, तिरुचि, मदुरै, कोयंबटूर, पटना और देहरादून
10.	कंपनी द्वारा सेवा जा रही बाज़ार - स्थानीय/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय	राष्ट्रीय

भाग ख : कंपनी का वित्तीय विवरण ।

1.	प्रदत्त पूंजी	925.12 करोड़ रुपये
2.	कुल कारोबार	2403.05 करोड़ रुपये
3.	कुल कर के बाद लाभ	150.86 करोड़ रुपये
4.	कर के बाद लाभ के प्रतिशत के रूप में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर कुल व्यय (%)	96.10 लाख रुपये
5.	उपरोक्त 4 में खर्च की गई गतिविधियों की सूची	बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नीति के अनुसार, विभिन्न जोर क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाएं की जाती हैं। विवरण निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट के तहत उल्लिखित हैं।

भाग ग : अन्य विवरण

1.	क्या कंपनी की कोई सहायक कंपनी/कंपनियाँ है?	जी नहीं
2.	क्या सहायक कंपनी/कंपनियाँ मूल कंपनी की बीआर पहल में भाग लेती हैं? यदि हाँ, तो ऐसी सहायक कंपनी/कंपनियों की संख्या दर्शाएं.	लागू नहीं
3.	क्या किसी अन्य संस्था/संस्थाएं (जैसे आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों आदि) जो कंपनी के साथ व्यापार करती है, कंपनी की बीआर पहल में भाग लेती है? यदि हाँ, तो ऐसी संस्था/संस्थाओं का प्रतिशत दर्शाएं - 30% से कम, 30-60%, 60% से अधिक)	जी नहीं, कंपनी अपने बीआर पहल में आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों को भाग लेने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बीआर जनादेश कंपनी के व्यापार भागीदारों के तहत कंपनी की कुछ गतिविधियां भी पालन करेंगी।

भाग घ: बीआर सूचना

1. बीआर के लिए जिम्मेदार निदेशक/निदेशकों का विवरण		
(क)	बीआर नीति/नीतियों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार निदेशक/निदेशकों का विवरण	
1.	डीआईएन	07333145
2.	नाम	श्री राकेश मोहन अग्रवाल
3.	पदनाम	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
4.	ई-मेल आईडी	cmd@itiltd.co.in
(ख)	बीआर प्रमुख का विवरण	बोर्ड ने विशेष रूप से बीआर प्रमुख के रूप में कार्य करने के लिए किसी निदेशक को जिम्मेदारियां सौंपी नहीं हैं।

2. सिद्धान्त-वार (एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति/नीतियाँ (हाँ/नहीं में उत्तर दें)

राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशानिर्देशों में उल्लिखित 9 सिद्धांत निम्नानुसार हैं:

सि1	व्यवसायों को आचार, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ स्वयं को आचरण और शासन करना चाहिए।
सि2	व्यवसायों को ऐसी वस्तु और सेवाएं प्रदान करनी चाहिए जो सुरक्षित हैं और अपने जीवन चक्र की स्थिरता में योगदान दें।
सि3	व्यवसायों को सभी कर्मचारियों की भलाई को बढ़ावा देना चाहिए।
सि4	व्यवसायों को हितों का सम्मान करना चाहिए, और सभी हितधारकों के प्रति उत्तरदायी, खासतौर पर वे जो वंचित, कमजोर और हाशिए वाले हैं, होना चाहिए।
सि5	व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान और प्रचार करना चाहिए।
सि6	व्यापार को पर्यावरण को बहाल करने के लिए सम्मान, रक्षा और प्रयास करना चाहिए।
सि7	व्यवसाय, जब सार्वजनिक और नियामक नीति को प्रभावित करने में लगे होते हैं, तो उन्हें जिम्मेदार तरीके से उसे करना चाहिए।
सि8	व्यवसायों को समावेशी विकास और न्यायसंगत विकास का समर्थन करना चाहिए।
सि9	व्यवसायों को अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं को जिम्मेदार तरीके से शामिल करना और मूल्य प्रदान करना चाहिए।

क्रम सं.	प्रश्न	सि1	सि2	सि3	सि4	सि5	सि6	सि7	सि8	सि9
1	क्या आपके पास नीति/ नीतियाँ हैं	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	–	हाँ	हाँ
2	क्या संबन्धित हितधारकों के साथ परामर्श करके नीति तैयार की जा रही है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	–	हाँ	हाँ
		कार्यात्मक प्रमुखों के परामर्श से नीतियां तैयार की गई हैं।								
3	क्या नीति किसी भी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है? यदि हाँ, तो विनिर्दिष्ट करें (50 शब्दों में)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	–	हाँ	हाँ
		विभिन्न नीतियाँ भारत सरकार और अन्य नियामक प्राधीकारणों द्वारा जारी विभिन्न कानूनों/दिशानिर्देशों/नियमों आदि के अनुरूप होती है, और समय-समय पर अद्यतन राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मानकों के नीतियों को तैयार करते समय देखा जाता है।								
4	क्या नीति को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या एमडी/ मालिक/सीईओ/ उपयुक्त बोर्ड निदेशक द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं ?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	–	हाँ	हाँ
		शक्तियों के प्रत्यायोजन के अनुसार बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी द्वारा विभिन्न नीतियों की मंजूरी दी जाती है।								
5	क्या नीति के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए कंपनी में बोर्ड की विशिष्ट समिति/निदेशक/ आधिकारिक समिति है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	–	हाँ	हाँ
		अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक								
6	नीति को ऑनलाइन में देखने के लिए लिंक का संकेत उपलब्ध है?	नीतियां कंपनी की वेबसाइट http://www.itiltd.in/investor_information पर उपलब्ध हैं।								
7	क्या औपचारिक रूप से सभी प्रासंगिक आंतरिक और बाहरी हितधारकों को नीति भेजी गई है?	हाँ। उपर्युक्त कंमनी की वेबसाइट पर अपलोड करके नीतियों को हितधारकों को सूचित किया गया है।								
8	क्या नीति/नीतियों को लागू करने के लिए कंपनी की आंतरिक संरचना है?	जी हाँ।								
9	क्या नीति/नीतियों से संबंधित हितधारकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए नीति/नीतियों से संबंधित कंपनी कोई शिकायत निवारण तंत्र है?	जी हाँ।								
10	क्या कंपनी ने आंतरिक या बाहरी एजेंसी द्वारा इस नीति के कार्य के संबंध में स्वतंत्र लेखापरीक्षा/मूल्यांकन किया है?	कंपनी नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, सी एंड एजी लेखा परीक्षा, लागत लेखा परीक्षा, आंतरिक लेखा परीक्षा, सचिवीय लेखा परीक्षा, ऊर्जा लेखा परीक्षा, सुरक्षा लेखा परीक्षा, गुणवत्ता लेखा परीक्षा, पर्यावरणी प्रबंधन प्रणाली लेखा परीक्षा आदि द्वारा नियुक्त चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की फर्म द्वारा वैधानिक लेखा परीक्षा जैसे विभिन्न लेखापरीक्षाओं के अधीन है। ये लेखापरीक्षाएँ विभिन्न आंतरिक और बाहरी नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करती हैं।								

आईटीआई अपने लाभ के लिए सार्वजनिक और नियामक नीतियों को प्रभावित करने का समर्थन नहीं करता है, इसलिए कोई नीति प्रस्तावित नहीं है। यदि आवश्यक हो, तो कंपनी व्यापार और उद्योग चैंबर और एसोसिएशन और ऐसे अन्य सामूहिक प्लेटफार्मों के माध्यम से उपयुक्त प्राधिकरणों से संपर्क कर सकती है।

3. **बीआर से संबन्धित शासन**

(क) कंपनी के बीआर प्रदर्शन का आकलन करने के लिए निदेशक मण्डल बोर्ड की समिति या सीईओ के साथ आवृत्ति को सूचित करें। 3 महीने के अंदर, 3–6 महीने, सालाना, 1 वर्ष के अधिक :

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सालाना बीआरआर की समीक्षा करते हैं।

(ख) क्या कंपनी बीआर या एक स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट को देखने की हाइपरलिंक क्या है? इसे कितनी अवधि में प्रकाशित किया जाता है?

जी हाँ, कंपनी अपनी वार्षिक रिपोर्ट के अंश के रूप में सालाना बीआर रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इसे http://www.itiltd.co.in/investor_information पर देखा जा सकता है।

भाग ङ: सिद्धान्तवार प्रदर्शन

सिद्धान्त 1: व्यवसायों को आचार, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ स्वयं को आचरण और शासन करना चाहिए।

1. **क्या नैतिकता, रिश्वतख़ोरी और भ्रष्टाचार से संबन्धित नीति केवल कंपनी को शामिल करती है? क्या यह समूह/संयुक्त उपक्रम/ आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार/गैर–सरकारी संगठन/ अन्य को भी विस्तारित करता है?**

हाँ। पॉलिसी कंपनी को कवर करती है। कंपनी ने एक अखंडता संधि तैनात किया है, जो बोलीदाताओं के साथ हस्ताक्षरित है, ताकि वे आईटीआई के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए किसी भी मुद्दे को उठाने में सक्षम हों या आईटीआई को तीसरे पक्ष के व्यवसायों को एक साथ संबोधित कर सकें या समय–समय पर 100 लाख रुपये के उच्च मूल्य निविदाओं के लिए बोली लगा सकें। उक्त अखंडता संधि के कार्यान्वयन की देखरेख करने के लिए उच्च प्रतिष्ठा और अखंडता के लोगों को स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर्स के रूप में नियुक्त किया जाता है।

2. **पिछले वित्तीय वर्ष में कितने शेयरधारक शिकायतें प्राप्त हुईं और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत संतोषपूर्वक समाधान किया ?**

निवेशकों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया गया। कंपनी के सतर्कता विभाग को 10 शिकायतें मिलीं और 9 का समाधान किया गया। इसके अलावा 9 निपटाई गई शिकायतों में से 1, अनाम/ छद्म नाम की थी, 7 प्रशासनिक प्रकृति की थी और 1 शिकायत में कोई सतर्कता कोण नहीं मिला।

सिद्धान्त 2: व्यवसायों को ऐसी वस्तु और सेवाएं प्रदान करनी चाहिए जो सुरक्षित हैं और अपने जीवन चक्र की स्थिरता में योगदान दें।

1. **आपके 3 उत्पादों या सेवाओं की सूची दें जिनके डिजाइन में सामाजिक या पर्यावरणीय चिंताओं, जोखिमों और/या अवसरों को समाविष्ट किया गया है.**

(i) आईटीआई ने देश में ग्रामीण भौगोलिक क्षेत्रों को उच्च गति ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए पूरे देश में जीपॉन फाइबर नेटवर्क और उपकरण स्थापित किए हैं। इससे देश में ग्रामीण जनता तक डिजिटल सूचना पहुंच में सुधार होगा।

आईटीआई ने सौर पैनलों का निर्माण करने के लिए सौर पैनल विनिर्माण आधारभूत संरचना की स्थापना की है जो पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्रोत है।

(ii) आईटीआई एक सेवा परियोजना निष्पादित कर रहा है जिसमें विभिन्न नगर पालिकाओं में स्थापित सार्वजनिक शौचालयों में सफाई की निगरानी वायरलेस रूप से की जाती है, इस प्रकार नगर निगम एजेंसियों को सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता में सुधार करने में सक्षम बनाता है। यह भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक परियोजना है।

(iii) आईटीआई ने एक डाटा केंद्र स्थापित किया है और भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत कोर बैंकिंग सोल्यूशन, आधार प्रमाणीकरण सेवाएं इत्यादि जैसी सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, इन परियोजनाओं का पूरा उद्देश्य पेपरलेस, नकद रहित समाज का निर्माण करना और डिजिटल रूप से देश के नागरिकों को सशक्त बनाना, डिजिटल डिवाइड को कम करना हैं, ये ऐसी परियोजनाएँ हैं पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करती हैं।

2. **प्रत्येक ऐसे उत्पाद के लिए, संसाधन उपयोग के संबंध में निम्नलिखित विवरण प्रदान करें (ऊर्जा, जल, कच्चा माल, आदि) उत्पाद की प्रति यूनिट (वैकल्पिक):**

(क) मूल्य शृंखला के दौरान पिछले वर्ष से प्राप्त सोर्सिंग/उत्पादन/वितरण के दौरान कमी।

(ख) पिछले वर्ष से उपभोक्ताओं (ऊर्जा, जल) द्वारा उपयोग के दौरान की गई कमी ?

आईटीआई द्वारा स्थापित सौर संयंत्र पैनल प्रक्रिया में बहुत कम पानी का उपयोग किया जाता है। ग्राहकों द्वारा सूरज की रोशनी का उपयोग कर बिजली पैदा करने के लिए पैनलों का उपयोग किया जाता है, जिनकी आयु 25 वर्ष से अधिक है, इस प्रकार विद्युत उत्पादन की पर्यावरण अनुकूल प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है।

नगर पालिकाओं में स्वच्छ भारत अभियान में सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता की निगरानी के लिए परियोजना को सार्वजनिक शौचालयों में स्थापित छोटे उपकरणों के लिए बहुत कम बिजली की आवश्यकता होती है, ताकि शौचालयों की स्वच्छता पर प्रतिक्रिया दी जा सके। बड़े पैमाने पर जनता के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बनाए रखने में यह परियोजना अति सहायक है।

डेटा केंद्रों के माध्यम से किफायती डिजिटल भंडारण ने संगठनों को अपने भौतिक भंडारण की आवश्यकता के लिए क्षमता के साथ सक्षम किया है जिसके परिणामस्वरूप कागजात, दुर्लभ ऊर्जा संसाधनों और बदले में वातावरण में भारी बचत होती है।

3. **क्या कंपनी के पास स्थाई सोर्सिंग (परिवहन सहित) के लिए प्रक्रियाएं हैं? यदि हाँ, तो आपके इनपुट का कितना प्रतिशत मात्रा में लाया गया ?**

कंपनी स्थाई सोर्सिंग सुनिश्चित करने हेतु विक्रेताओं के चयन के लिए अनुमोदित मानदंडों का पालन कर रही है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ आईएसओ 9000 प्रमाणीकरण रखनेवाले विक्रेता, नियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विक्रेता, निर्माता के विभिन्न अधिकृत डीलर शामिल हैं, जिनके पास अनुरक्षित विनिर्देश और अन्य आवश्यकताओं के अनुसार सामग्री प्रदान करने की क्षमता, निर्धारित वितरण अवधि के अनुसार सामग्री की आपूर्ति करने की क्षमता, विक्रेता पर दिए गए आदेशों का वार्षिक मूल्यांकन सम्पूर्ण प्रदर्शन तय करने के लिए पूरा किया जाता है, एक विक्रेता को मूल्यांकन अवधि के दौरान उनके औसत प्रदर्शन के आधार पर अनुमोदित विक्रेता सूची से हटा दिया/निलंबित कर दिया जाता है, विक्रेता सूची की समीक्षा एक वर्ष में एक बार की जाती है और अपडेट की जाती है।

(i) क्या कंपनी ने कार्यस्थल के आसपास के समुदायों के लोगों को शामिल करते हुए स्थानीय और छोटे उत्पादकों से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए कोई कदम उठाया है? यदि हाँ, तो स्थानीय और छोटे विक्रेताओं की सामर्थ्य और क्षतमा में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

कंपनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से वर्ष की खरीद में सरकार की सार्वजनिक खरीद नीति का अनुपालन करती है। कंपनी जीईएम पोर्टल का भी उपयोग कर रही है जहाँ स्थानीय और छोटे उत्पादकों को पंजीकृत विक्रेता हैं।

(ii) क्या कंपनी के उत्पादों और कचरे को पुनरावृत्ति करने का तंत्र है? यदि हाँ, तो उत्पादों और कचरे के पुनरावृत्ति का प्रतिशत क्या है? (अलग से < 5 %, 5-10%, > 10% के रूप में)?

कंपनी के उत्पादों की प्रकृति और उत्पन्न अपशिष्ट के कारण, पुनर्चक्रण के लिए तंत्र उपलब्ध नहीं है। एकीकरण और परीक्षण सुविधा किसी भी खतरनाक अपशिष्ट का उत्पादन नहीं करती है। हालांकि, उत्पादन के विशिष्ट क्षेत्रों में, जैसे उत्पादन मुद्रित सर्किट बोर्ड,एचडीपीई डक्टं आदि के लिए कंपनी के पास उपयुक्त उपचार संयंत्र हैं जैसे अपशिष्ट तरल पदार्थ देने से पहले रसायनों के साथ दूषित तरल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विनिर्देशों के अनुसार उपचार किया जाता है। इसी प्रकार, सभी आईटीआई संयंत्रों में वाशरूम, रसोई घर आदि से निकलने वाले अपशिष्ट जल के लिए उपचार संयंत्र हैं।

सिद्धान्त 3: व्यवसायों को सभी कर्मचारियों की भलाई को बढ़ावा देना चाहिए।

1. कर्मचारियों की कुल संख्या : **2889** (स्थायी कर्मचारी)
2. अस्थायी/संविदात्मक आधार पर लिए गए कर्मचारियों की कुल संख्या: **609**
3. स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या: **340**
4. विकलांग सहित स्थायी कर्मचारियों की संख्या: **43**
5. क्या आपके पास एक कर्मचारी संघ है जो प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त है?: **हाँ।**
6. आपके स्थायी कर्मचारी का कितना प्रतिशत इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्य हैं?: **100%**

7. कृपया बाल श्रम, मजबूर श्रम, अनैच्छिक श्रम, में यौन उत्पीड़न से संबन्धित शिकायतों की संख्या और वर्ष के अंत तक लंबित संख्या का उल्लेख करें

क्रम सं.	संवर्ग	वित्तीय वर्ष के दौरान दायर की गई शिकायतों की संख्या	वित्तीय वर्ष के अंत में निलंबित शिकायतों की संख्या
1.	बाल श्रम/मजबूर श्रम/अनैच्छिक श्रम	शून्य	शून्य
2.	यौन उत्पीड़न	शून्य	शून्य
3.	भेदभावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य

8. **पिछले वर्ष में नीचे दिए गए कर्मचारियों में से कितनी प्रतिशत के कर्मचारियों को सुरक्षा और कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया था?**

स्थायी कर्मचारी :	52%
स्थायी महिला कर्मचारी:	62%
आकस्मिक/अस्थायी/संविदात्मक कर्मचारी :	38%
विकलांग के साथ कर्मचारी:	29%

सिद्धान्त 4 : व्यवसायों को हितों का सम्मान करना चाहिए, और सभी हितधारकों के प्रति उत्तरदायी, खासतौर पर वे जो वंचित, कमजोर और हाशिए वाले हैं, होना चाहिए।

1. **क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाहरी हितधारकों का नक्शा बनाया है?**

   जी हाँ।

2. **उपरोक्त में से, क्या कंपनी ने वंचित, कमजोर और हाशिए वाले हितधारकों की पहचान की है ।**

   जी हाँ। कंपनी ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों की पहचान की है, विकलांग कर्मचारियों को रोजगार के उद्देश्य के लिए वंचित, कमजोर और हाशिए वाले हितधारकों के रूप में पहचाना जाता है।

